अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 80,334.81
निफ्टी 24,273.80
सोना 1,00,000
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 9 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 276 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत-पाक के बीच बढ़ती शत्रुता पर जताई चिंता**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने लगाया 25 प्रतिशत जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## जय हिंद

## पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई, भारत ने किए सभी हमले नाकाम

# F 16 समेत तीन पाक लड़ाकू विमान मार गिराए

## लाहौर पर जवाबी हमला

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान के लाहौर शहर में भारतीय सेना द्वारा जवाबी हमला किया गया है। इस हमले के बाद लाहौर में अचानक ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है। भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और पूरे क्षेत्र में सेना और सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ा दी गई है।

पाकिस्तान ने हाल ही में कटरा स्थित तीर्थ स्थल पर ड्रोन हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय रक्षा तंत्र ने इस हमले को नाकाम कर दिया। यह घटनाक्रम जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव को दर्शाता है, जहां पहले से ही कई सुरक्षा अलर्ट जारी हैं। इन हमलों के बाद, जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ लेह में भी ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। लोग अपने घरों में रहकर सुरक्षा की दिशा में कदम उठा रहे हैं। भारत के रक्षा मंत्री ने नियंत्रण रेखा और सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिति की गहरी समीक्षा की है, ताकि किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई का प्रभावी जवाब दिया जा सके। भारत सरकार ने राजस्थान में सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। राज्य में सभी आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। सूत्रों का दावा है कि राजस्थान व जम्मू में भी धमाके की आवाज सुनी गई। वहां भारत ने पाकिस्तान के एफ-16 जेट को मार गिराया है। वहीं एक बार फिर पाकिस्तान ने जम्मू में ड्रोन और मिसाइल से हमला करने की कोशिश की, भारत ने आठ मिसाइल मार गिराई हैं। जम्मू के साथ ही पाकिस्तान की ओर से पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया है। आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कई जगह धमाके की आवाज आई है। भारत ने 24 घंटे से कम समय में पाकिस्तान को दूसरा सबक सिखाया है। जम्मू में ड्रोन देखे जाने के बाद लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी गई है। धमाके की आवाज के बाद पूरे शहर में ब्लैकआउट है। जम्मू के साथ ही सांबा, आरएसपुरा, अखनूर में भी ब्लैकआउट है। जम्मू में अलर्ट जारी किया गया है।जम्मू शहर के आसपास लोगों ने दो ड्रोन आकाश में उड़ते हुए देखे। इस बीच जम्मू- कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने एक पोस्ट में कहा है कि जम्मू में पूरी तरह से ब्लैकआउट। जोरदार धमाके-बमबारी, गोलाबारी या मिसाइल हमले की आशंका। चिंता न करें। बहादुर भारतीय सशस्त्र बल हमारे साथ हैं। वहीं राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सरहदी राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाई अलर्ट पर हैं। इससे पहले पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रखने के आदेश दिए गए थे। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।



**■ पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया**

## पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, अब तक 16 की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी देर रात जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में सीजफायर का उल्लंघन किया और गोलाबारी की।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पुंछ में तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित अब तक 16 लोगों की जान चली गई है। जबकि 59 लोग घायल हुए हैं। पुंछ में फायरिंग में लांस नायक दिनेश कुमार (32) शहीद हो गए। वे हरियाणा के पलवल के रहने वाले थे। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लांस नायक दिनेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

## लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली की ध्वस्त

**सेना के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की नाकाम**

**अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा और चंडीगढ़ समेत 15 सैन्य ठिकाने थे निशाने पर**

**भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाक में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर किया हमला : रक्षा मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए और हताश पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने रूस से मिल एस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये इस हमले को नाकाम कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस सिस्टम) ध्वस्त कर दी।

इसके लिए इजरायल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सात और आठ मई की दरमियानी रात में पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी एवं पश्चिमी भारत के अनेक सैन्य ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल हैं। पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को भारत की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर हमला किया। इन हमलों में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह से नष्ट हो गई है। पाकिस्तान की नष्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन के मलबे को बरामद किया जा रहा है, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है।



## सीमाओं पर एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तैनात



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के हमलों के बाद गुरुवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर हार्पी ड्रोन से वहां के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की कार्रवाई उसी क्षेत्र में, तेजी के साथ की गई है जैसी पाकिस्तान ने की थी। एस-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। ये हवा में हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है। इसकी टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है।

**■ 600 किमी दूर टारगेट ट्रैक कर लेता है एस-400 सिस्टम**

## भाजपा सांसद दुबे की टिप्पणी गैरजिम्मेदाराना: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को बेहद गैरजिम्मेदाराना बताया। साथ ही कहा कि ये बयानबाजी अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में ये भी कहा अदालतें फूलों की तरह इतनी नाजुक नहीं हैं कि ऐसे हास्यास्पद बयानों के सामने मुरझा जाएं। सांप्रदायिक नफरत फैलाने की किसी भी कोशिश, हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने 5 मई को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई की थी। कहा था कि हम ही थे, जिन्होंने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी।

## सीजेआई ने जस्टिस वर्मा मामले में राष्ट्रपति व पीएम को भेजी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसके साथ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त पत्र/प्रतिक्रिया प्रति संलग्न की गई है। उच्चतम न्यायालय की ओर से गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इन-हाउस प्रक्रिया के संदर्भ में भारत के माननीय राष्ट्रपति और भारत के माननीय प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें तीन सदस्यीय समिति की दिनांक 3-5-2025 की रिपोर्ट की प्रति और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त दिनांक 6-5-2025 का पत्र/प्रतिक्रिया संलग्न है।

## मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला 31 जुलाई को

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र में नासिक जिले के मालेगांव में हुए विस्फोटों के करीब 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला आगामी 31 जुलाई तक टाल दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एके लाहोटी ने पहले फैसले के लिए गुरुवार का दिन मुकर्रर किया था, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के कारण उन्होंने इसे 31 जुलाई तक टाल दिया। इस मौके पर अदालत के समक्ष भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (सेवानिवृत्त), मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, सुधाकर चतुर्वेदी और सुधाकर धर द्विवेदी सहित मुकदमे में नामजद सभी सात आरोपी उपस्थित हुए।

## माओवादियों के विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए

**मुलुगु।** तेलंगाना में वीरभद्रपुरम-पेरुर के जंगलों में गुरुवार को माओवादियों की ओर से किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए।

## जयशंकर ने की ईरान व सऊदी अरब के मंत्रियों से किया मशविरा





**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ गुरुवार को यहां मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन यदि हम पर हमला हुआ, तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची भी भारत आए हैं और गुरुवार दोपहर विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 20वीं बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पक्ष रखा। डा. जयशंकर ने कहा कि आप ऐसे समय में भारत आ रहे हैं, जब हम 22 अप्रैल को भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक विशेष रूप से बर्बर आतंकवादी हमले का जवाब दे रहे हैं। इस हमले ने हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमला करके जवाब देने के लिए मजबूर किया।

**■ अगर पाक ने भारत पर हमला किया, तो देंगे सख्त जवाब: जयशंकर**

## भारत-पाक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच हुई बातचीत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बातचीत हुई है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार श्री डार ने यहां कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार असीम मलिक और भारत में उनके समकक्ष अजीत डोभाल के बीच संपर्क हुआ है। उन्होंने हालांकि इस बाबत कोई ब्योरा नहीं दिया। पाकिस्तान ने हाल ही में खुफिया आईएसआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। भारत ने हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले श्री डार ने पाकिस्तान नेशनल असेंबली भवन में कहा कि पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि वह आक्रामकता शुरू नहीं करेगा। पाकिस्तान का यह बयान बुधवार की सुबह भारत द्वारा आतंकवादी शिविरों पर सीमा पार से किए गए हमलों के बाद आया है। यह हमला पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इस बीच, श्री डार ने यह भी दावा किया कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी और भारतीय लड़ाकू विमानों के बीच 'एक घंटे का द्वंद्व' हुआ था, लेकिन इस दावे का भी भारत ने समर्थन नहीं किया है।

**■ भारत ने दावे की पुष्टि नहीं की**

## ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। यानी 7 मई को पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद भी ऑपरेशन रोका नहीं गया है।

रक्षा मंत्री ने ये बातें दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा कि संकट में हम देश और सरकार के साथ हैं। सरकार की कोई आलोचना नहीं करनी है। हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

**■ सर्वदलीय बैठक में सरकार को मिला सभी दलों का साथ, राहुल ने कहा: सरकार को फुल सपोर्ट**

## 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स बंद, 430 फ्लाइट्स प्रभावित

### हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में अलर्ट, स्कूल बंद, छुट्टियां रद्द

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई (आज) तक बंद कर दिए हैं। ये राज्य- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हैं। बड़े एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं।

ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। मप्र के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद हैं। एयर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने गुरुवार को 430 फ्लाइट्स कैंसिल कर दिए। ये देश की डेली फ्लाइट्स का 3 फीसदी है। पाकिस्तान में भी 147 फ्लाइट्स कैंसिल हैं, जो डेली फ्लाइट्स का 17 फीसदी है। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हाई अलर्ट है। दोनों राज्यों के बॉर्डर इलाकों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुलिस, प्रशासनिक और हेल्थ विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।




## गलत, फर्जी सूचनाओं के प्रवाह को रोकने के लिए मोदी ने की सचिवों से चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय मजबूत करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें देश में गलत एवं फर्जी सूचनाओं के प्रवाह पर रोक लगाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने मौजूदा स्थिति में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की गई योजना और तैयारी की समीक्षा की। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। मंत्रालयों को राज्य के अधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई।

## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, छह श्रद्धालुओं की मौत, एक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल-गंगोत्री जा रहा एक हेलीकॉप्टर गुरुवार की सुबह उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सात लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है।

हादसे में सभी मृतक श्रद्धालुओं और घायल की पहचान हो गई है। मृतकों में तीन महाराष्ट्र के अलावा एक-एक गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु हैं। जबकि आंध्र प्रदेश का एक श्रद्धालु घायल है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। हेलीकॉप्टर ने सहस्त्रधारा से खरसाली हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उत्तरकाशी के गंगनानी क्षेत्र में 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि -शेष पृष्ठ दो पर




### हादसे पर धामी ने जताया शोक, जांच के आदेश

**देहरादून।** उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने और हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बुधवार सुबह सिटी कोतवाली थाने के पास मदान मार्केट के एक भवन में अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। जिससे भवन की छत ढह गई एवं दुकानों में कार्यरत कर्मचारी मलबे में दब गए। विस्फोट से आग भी लग गई। हादसे में दस घायलों को मलबे से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मलबे से शाम को एक और शव निकाला गया। पुलिस ने बताया कि कल सचिन सोनी, मोहम्मद असलम और सलमान बंगाली की मौत हुई। वहीं गुरुवार को अस्पताल में एक और घायल ने दम तोड़ दिया, जबकि मलबे से पांच शव और निकाले गए। पुलिस ने बताया कि इनकी शिनाख्त किशन पुत्र पूनम, किशन पुत्र भंवर, रामस्वरूप, असलम, लालचंद और अयान के रूप में हुई है। विस्फोट से भवन में 21 दुकानें नष्ट हो गयी। आग लग जाने से दुकानों में कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्लास्टिक की सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में लगी आग

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिससे 200 मेगावाट की दो इकाइयां दसवीं व ग्यारहवीं ट्रिप कर गई। तापीय परियोजना के सूत्रों के अनुसार ओबरा तापीय परियोजना के सुबह सात बजे आग लग गई। थोड़ी ही देर मे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही दसवीं व ग्यारहवीं यूनिट (200-200 मेगावाट) बंद हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान व फायर विंग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने के प्रयास में लग गए थे। लगभग 10 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया की आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पहली प्राथमिकता बंद इकाइयों को शुरू करने का है। इस घटना से किसी आमजन या कर्मचारियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई: नवीन

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत करते हुए आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी है। गौरतलब है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें कई आतंकवादियों के मारे जाने और उनके ठिकाने नष्ट होने की सूचना है। नवीन पटनायक ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। मैं उन्हें तहे दिल से बधाई देता हूं।

## यूपीपीएससी के 494 सहायक अध्यापकों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

# भारत की ताकत की झलक पूरी दुनिया ने देखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को नहीं छोड़ेंगे



- मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम को शिलान्यास किया, आज की जरूरत के अनुसार अपने युवाओं को तैयार करना होगा: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई को विकसित भारत की झलक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है, तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है।

लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 494 सहायक अध्यापक तथा 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरण करने के मौके पर उन्होने कहा कि भारत की ताकत का एहसास पूरी दुनिया ने किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इसका एहसास करेगी। विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है। उसकी मांद में घुसकर मारता है। मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम का भी शिलान्यास किया। मिनी स्टेडियम की लागत 4.92 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम में 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अटल टिंकरिंग लैब तथा 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आईसीटी लैब स्थापना के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। योगी ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील की दुनिया बदल चुकी है, हमें उसके साथ अपने आप को लेकर चलना होगा। अगर हम उसके साथ चलेंगे, आज की आवश्यकता के अनुरूप अपने युवाओं को तैयार करेंगे तो हमारी प्रासंगिकता बनी रहेगी। अगर हम कहीं भी चूके तो उसका खामियाजा सिर्फ हमारी वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं भुगतना पड़ेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी कभी हमें माफ नहीं करेगी।

हमें वर्तमान के अभियान का हिस्सा बन करके मजबूती के साथ एक विकसित भारत की आधारशिला अपने विद्यालयों से रखनी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने क्षेत्र में नवाचार, शोध और विकास के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में वह कौन से परिवर्तन ला सकते हैं, कौन सी तकनीक अपना सकते हैं, जो नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की दिशा तय कर सके। वह इन बातों का अध्ययन करें कि पढ़ाने का तरीका क्या हो सकता है। पाठ्यक्रम उबाऊ न हो, आपकी क्लास उबाऊ ना बने, इसके लिए आपको छोटी-छोटी कथाओं के माध्यम से उन्हें पढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयन की, जो प्रक्रिया संपन्न हुई है, इसमें किसी भी स्तर पर सिफारिश करने की जरूरत नहीं पड़ी होगी।

### 25 लाख नए किसानों का जल्द बनेगा क्रेडिट कार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 71 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा प्रदान की है, वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 लाख नए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य तेज कर दिया है। इस कार्य के अंतर्गत सहकारी और व्यवसायिक बैंकों की सहायता से कार्ड का वितरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने भी सभी पात्र किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे फसली ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकें।

### हर घर नल योजना में नहीं देना होगा पैसा

**सारा खर्च यूपी सरकार उठाएगी योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था**

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत भरी घोषणा की है। अब 'हर घर नल' योजना के तहत ग्रामीणों को नल कनेक्शन के लिए सामुदायिक अंशदान यानी अपनी जेब से 10 प्रतिशत पैसा नहीं देना होगा। यह खर्च अब पूरी तरह से राज्य सरकार उठाएगी। इस फैसले से राज्य के 2.39 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। इस योजना को केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत लागू किया गया है, जिसका लक्ष्य है कि देश के हर ग्रामीण घर में साफ पेयजल की सुविधा नल के माध्यम से पहुंचे। अब तक इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है। इस योजना में पहले गांव वालों को पूंजी लागत का हिस्सा सामुदायिक अंशदान के रूप में देना होता था। सामान्य गांवों में यह 10 प्रतिशत और अनुसूचित जाति/जनजाति बहुल गांवों में 5 प्रतिशत निर्धारित था, लेकिन अब सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने यह अंशदान खुद वहन करने का फैसला लिया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष 2024-25 में यह राशि 2000 करोड़ रुपये थी, जिसे अब दोगुना से अधिक कर दिया गया है। हालांकि नल कनेक्शन की पूंजी लागत सरकार वहन करेगी, लेकिन ग्रामीणों को नल की देखरेख और संचालन के लिए अपनी ग्राम पंचायत को हर महीने सिर्फ 50 रुपये देने होंगे।

# बैठक में मोदी का न आना निराशाजनक, लेकिन हम साथ

नई दिल्ली, वार्ता



- दूसरी सर्वदलीय बैठक में भी पीएम मोदी नहीं आए: खड़गे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले को लेकर उठाए गए कदमों तथा सेना की कार्रवाई के बाद सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई लेकिन इसमें मोदी गुरुवार को भी शामिल नहीं हुए, जो अत्यंत निराशाजनक स्थिति है।

सर्वदलीय बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सरकार ने दूसरी बैठक बुलाई, लेकिन मोदी न पहली बैठक में आए और ना ही आज शामिल हुए। अच्छा होता कि मोदी आते, क्योंकि सभी चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया और देश के जवानों ने हिम्मत दिखाई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है। खड़गे ने कहा कि हम चाहते थे कि मोदी बैठक में शामिल हों और आतंकवादियों के खिलाफ की कार्रवाई पर अपनी बात रखेंगे, लेकिन वह नहीं आए।पिछली बैठक में भी नहीं आए, यह बहुत दुखद स्थिति है। सब मिलकर काम कर रहे हैं और सरकार जो भी कदम उठा रही है, उसका एकस्वर में समर्थन कर रहे हैं। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस वक्त ऐसे प्रश्न न पूछे जाएं जो डिफेंस सीक्रेट से जुड़े हैं, ऐसे वक्त में हम उन्हें सार्वजनिक करना नहीं चाहते। हम सभी पार्टियों ने भी देशहित में इसे गंभीरता से लेकर इस विषय में कोई प्रश्न नहीं पूछा।

सभी ने कहा कि नाजुक घड़ी है, तो प्रश्न नहीं पूछेंगे। फिर हमने न कोई सवाल किया और ना ही इसको लेकर सरकार पर दबाव डाला। उन्होंने कहा कि बैठक में हम सभी एक मुद्दा उठाया कि पुंछ क्षेत्र की सीमा पर रहने वाले लोगों की पुख्ता सुरक्षा होनी चाहिए। सरकार वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा की व्यवस्था करे। वहां नागरिक प्रशासन और लोगों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। यह संकट की घड़ी है और इसमें देशहित में जो भी कदम उठाए जाएंगे, उसके लिए हम सरकार का समर्थन करते हैं।

# मुसलमानों को सिर्फ 15 मिनट सौंप दो सत्ता, पाक का मिटा देंगे नामोनिशान

नई दिल्ली, वार्ता

- अब पाक पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म: एआईएमआईएम

ऑपरेशन सिंदूर के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के एक नेता ने कहा है कि मुसलमानों को सिफ 15 मिनट सत्ता सौंप दो, पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे। एआईएमआईएम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने पाकिस्तान पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि हम बता देंगे कि पाकिस्तान को कैसे नेस्तनाबूद किया जाता है। भारत के मुसलमानों ने इस टू नेशन थ्योरी को रिजेक्ट कर दिया और इसके बाद देश को बनाने में इसकी तरक्की में जो किरदार निभाया है, वह अविस्मरणीय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोएब जमई ने कहा कि मंगलवार रात भारत की कार्रवाई जो इतिहास में दर्ज हो गई। बहुत बड़ा मील का पत्थर है। बहुत दिनों से पाकिस्तान में जो आतंकवादी ढांचा है, कैंप है, उसका नेस्तानाबूद होना जरूरी था। जो भी आंखें, जो भी ताकत हमारी सीमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उन ताकतों को नेस्तानाबूद करना, उन आंखों को नोचना जरूरी है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी का जिक्र करते हुए कहा कि जब बात भारत के आन-बान शान पर आती है, तो भारत का हर मुसलमान अपना बलिदान देकर सीमा की हिफाजत करने के लिए तैयार है। जमई ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत के पीएम को ही नहीं, यहां के सभी लोगों को चैलेंज किया था। अब पाकिस्तान पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म। धर्म पूछकर पहलगाम में लोगों को मारा, क्योंकि उनकी साजिश थी कि देश में हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा की जाए, लेकिन यहां के लोग इस साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। वहीं एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने भी पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान पर गुस्से से लाल हैं। पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत जिंदाबाद के नारे लगाए हुए उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। ओवैसी ने एक्स पर लिखा- मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं।

### भारतीय सेना की जय जय: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि सेना की जय जय। उन्होंने कहा कि कल सेना ने जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है, उसके लिए मैं भारतीय सेना को बधाई देता हूं। वे नेशनल क्वालिटी कॉनक्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ सेना का एक्शन जारी है। भारत ने पाकिस्तान पर कल रात एक्शन लिया। सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी कैंप तबाह किए। हमारी कार्रवाई में कोई निर्दोष नहीं मारा गया। उन्होंने कहा कि सेना सटीकता से ऑपरेशन सिंदूर पूरा किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजकल जो परिस्थितियां चल रही हैं, आप सभी इससे परिचित हैं। हम हमेशा बातचीत के पक्षधर हैं। इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी आंख दिखा दे। कल हमने क्वालिटी कारवाई करके दिखाई है। हम क्रोधित नहीं होते, मुस्कराते रहते हैं। चाहे चैलेंज कितना भी बड़ा हो। कल हमारी सेना ने टेरर कैंप को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है। राजनाथ ने आगे कहा कि हमने हमेशा एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो।

# सीमा पर नागरिकों को निशाना बनाना ओछी हरकत

नई दिल्ली, वार्ता



- कांग्रेस ने की पाकिस्तानी सेना की कड़ी निंदा

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना पुंछ में आम नागरिकों को निशाना बना रही है और यह उसकी ओछी और अत्यंत निंदनीय हरकत है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को कहा कि हमने सिर्फ पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया है और पाकिस्तान की सेना तथा आम नागरिकों पर कोई निशाना नहीं साधा गया है, जबकि पाकिस्तानी सेना सीमा पर हमारे नागरिकों को निशाना बना रही है। पूरी दुनिया को इससे भारत तथा पाकिस्तान की मानसिकता को समझ लेना चाहिए। खेड़ा ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी गोलीबारी में शहीद जवान को कांग्रेस की तरफ से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान पुंछ में निर्दोष नागरिकों पर हमला कर रहा है, गुरुद्वारे को निशाना बना रहा है, इससे दुनिया को समझ जाना चाहिए कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान में कितना बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान में उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जहां आतंकवाद पनपता है। ये जायज बात है, लेकिन जो पाकिस्तान कर रहा है, वह नाजायज है और वह खुद को दुनिया में अलग-थलग पा रहा होगा। अगर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हमले का जवाब देने की बात कर रहे हैं, तो पहले उन्हें इतिहास पढ़ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को भारत से कितनी बार हार मिली है। इसलिए पहले वह अपने देश को सुधारे और आतंकियों को पनाह देना बंद करें। यह बहुत जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को हमें समय-समय पर यह संदेश देना होगा कि हम ऐसे हालातों में क्या कर रहे हैं और क्या करते हैं।

### शशि थरूर ने फिर मोदी सरकार की तारीफ की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने भारत सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग को पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश बताया है। उन्होंने कहा कि प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम की नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है।

# सुरक्षा के लिए जम्मू क्षेत्र व पंजाब में हाई अलर्ट

श्रीनगर, वार्ता



- खाली कराए जा रहे गांव, स्कूल-कॉलेज भी बंद

भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमा पर अलर्ट बढ़ा दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में कल किए गए ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की ओर से सीमा पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। सीमा पार से फायरिंग को देखते हुए जम्मू-कश्मीर की सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। स्कूल-कॉलेज तक बंद कर दिए गए हैं। सीमा से सटे गांवों को खाली कराया जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के सांबा और कठुआ जिले के अलावा जम्मू जिले के आरएस पुरा इलाके में अगले 72 घंटे का अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस अलर्ट के तहत सीमा से सटे इलाके के लोगों को जल्द से जल्द गांव खाली करने को कहा गया है। कल बुधवार देर रात तक सीमा से सटे इलाके में गांव खाली कराए जाते रहे। ऐहतियातन यहां के स्कूल, कॉलेज और तमाम तरह के संस्थाओं को बंद कर दिया गया है। इस बीच केंद्र शासित प्रदेश की कश्मीर घाटी को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। घाटी के सभी जिलों में मौजूदा हालात को देखते हुए कंट्रोल रूम नंबर जारी कर दिए गए हैं। ये नंबर लोगों को किसी तरह की परेशानी में होने पर मदद के लिए दिए गए हैं। सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं, बल्कि पंजाब में भी सीमावर्ती जिलों के गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। फिरोजपुर जिले के कुछ सीमावर्ती गांवों के लोग सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने लगें हैं। हालांकि पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बसे अमृतसर और तरनतारन के गांवों में स्थिति शांत बताई गई है। इस बीच पाकिस्तानी सेना की ओर से गुरुवार को भी जम्मू-कश्मीर के 4 सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलाबारी की गई। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना ने कल यहां के कई सीमावर्ती गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की और मोर्टार भी दागे। सेना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कल की तुलना में आज गुरुवार को सीमापार से गोलेबारी की तीव्रता कम रही और यह चार सेक्टर तक ही सीमित रही।

### निजीकरण से शिक्षा हुई महंगी रोजगार के अवसर घटे: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अनुपयोगी सरकार के निजीकरण के प्रयासों का नतीजा है कि न सिर्फ शिक्षा महंगी हुई है, बल्कि रोजगार के अवसर कम हुए है। समाजवादी छात्र सभा की एक बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि सस्ती शिक्षा और रोजगार देने के वादे के साथ सत्ता में आई भाजपा सरकार ने निजीकरण कर न सिर्फ शिक्षा को महंगा कर दिया, बल्कि नौकरी और रोजगार पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया। प्रतियोगी परीक्षाओं में आए दिन धांधली की चलते परीक्षायें निरस्त हो रही हैं, जिससे मेधावी छात्रों खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

# उठाव सुस्त रहने से खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3770 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 47.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# लोकतंत्र अभिव्यक्ति व संवाद में निहित: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र मूल रूप से अभिव्यक्ति और संवाद में निहित है और लोकतंत्र तब पोषित होता है, जब सत्ता की सीमाओं के प्रति सचेत रहा जाए। धनखड़ ने यहां इंडिया फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एक राष्ट्र की पहचान शिष्टाचार और अनुशासन से होती है। समकालीन शासन में लोकाचार का महत्व है। देश में लोक के अनुसार बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कुछ जिले पिछड़े थे और नौकरशाह उन क्षेत्रों में नहीं जाते थे। अब वे 'आकांक्षी जिले' विकास में अग्रणी जिले बन गए हैं। सरकार ने द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों को भी आर्थिक गतिविधि का केंद्र बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तरकाशी में...**

हेलीकॉप्टर काफी नीचे उड़ रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने घायल को ऋषिकेश स्थित एम्स भेजा और मृतकों की शिनाख्त की। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ , पैरामिलिट्री, फायर, राजस्व, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू/सर्च अभियान चलाते हुए घायल व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर भेजा गया। चारधाम यात्रा स्मार्ट कंट्रोल रूम से उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा, आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल सिंह गुसांई व घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती सरिता डोबाल,अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी पीएल शाह, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी ने पूरे रेस्क्यू अभियान को लीड किया है।

**घायल का विवरण-**

- मकतूर भास्कर (51 वर्ष), निवासी 19/295 मो. मिनबाद गुंटकल, अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

मृतकों का विवरण

1- विजयलक्ष्मी रेड्डी सी. (57 वर्ष) पत्नी चिरा सुब्बा, निवासी गैलेरिया सेंट्रल एवेन्यू सोसाइटी लिमिटेड, पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

2 रॉबिन सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकरण सिंह, निवासी 201 सरनम विला प्रताप गंज विक्रमभोग, बड़ोदरा, फतेहगंज-गुजरात, (पायलट)।

3- राधा अग्रवाल (79 वर्ष) पत्नी रामचंद्र अग्रवाल, निवासी आलमगीरी गंज, बरेली-उत्तर प्रदेश।

4- रुचि अग्रवाल (56 वर्ष) निवासी 2504 ओडेसी 2, हीरानंदानी गार्डेंस पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

5 - कला चंद्रकांत सोनी (61 वर्ष) पुत्री चंद्रकांत सोनी, ए-103 गोल्डन ओक हाइस्ट्रीट डी मार्ट समोर, हीरानंदानी गार्डेंस पावई, मुंबई-महाराष्ट्र।

6 - वेदांती (48 वर्ष) पत्नी एम. भास्कर, निवासी 19/295 मोमिनबाद गुंटकल अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

# इस बार पाकिस्तान को मिटा दो: सोफिया की बहन

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक पर फूटा गुस्सा

**झांसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की हीरो के रूप में उभरकर आईं कर्नल सोफिया की वीरता और पराक्रम के चर्चे हर तरफ हैं। झांसी में सोफिया की चचेरी बहन शबाना कुरैशी और उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है। मीडिया से बातचीत में सोफिया की बहन शबाना कहती हैं कि इस बार पाकिस्तान को मिटा देना चाहिए, उसका यही इलाज है, ताकि वह कभी दोबारा ऐसी हिमाकत न कर सके।

वैसे तो कर्नल सोफिया का परिवार छतरपुर मध्यप्रदेश के नौगांव का रहने वाला है। कर्नल सोफिया के पिता ताज मुहम्मद के बड़े भाई इस्माईल कुरैशी का परिवार झांसी के भट्टा गांव सदर बाजार में रहता है। दोनों ही परिवारों के कई लोग फौज में हैं। कर्नल सोफिया की चचेरी बहन शबाना कहती हैं कि उन्हें अपनी बहन पर फक्र है। बचपन में वह लोग साथ में खेली हैं। जब से सोफिया की खबर मिली है, तभी से वह लोग बेहद खुश हैं और लोग उन्हें बधाइयां दें रहे हैं। साथ ही परिवार की लड़कियों ने कहा कि वह भी अपनी बुआ कि तरह देश की सेवा करना चाहती हैं। 6/7 मई की रात भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का बदला लेने के उद्देश्य से ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम दिया था, जिसमें सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानो को निशाना बनाया था। बुधवार को सेना की तरफ से पैनल में कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया को ब्रीफ किया था और पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी थी। जिसके बाद हर किसी की जुबान पर सोफिया कुरैशी का नाम है। सोफिया के पिता भी बीएसएफ में सूबेदार हैं और उनके पति भी सेना में अधिकारी हैं। यही नहीं उनके दो चाचा इस्माइल कुरैशी और वली मुहम्मद भी बीएसएफ में सूबेदार हैं। फिलहाल इस समय सोफिया का परिवार गुजरात के बड़ोदरा में रह रहा है।

### हम सरकार और सेना के साथ: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर गुरुवार को सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई बैठक में विपक्ष को जानकारी देने के बाद कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रमोद तिवारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए हमारा समर्थन सरकार और भारतीय सेना के साथ है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तरकाशी हादसे के बाद केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं स्थगित

## गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा में यात्रियों को हुई भारी दिक्कत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरकाशी में गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक हेलीकॉप्टर हादसे, जिसमें छह श्रद्धालुओं की जान चली गई, के बाद केदारनाथ हेली सेवा को एहतियातन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। इस फैसले के चलते गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा हेलीपैड पर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।



उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के अपर कार्यकारी अधिकारी दयानंद सरस्वती ने बताया कि सुरक्षा कारणों से केदारनाथ के लिए संचालित सभी हेली सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हेली सेवाएं रोके जाने के कारण कुछ तीर्थयात्री अब पैदल यात्रा के लिए मजबूर हो गए हैं।

गौरतलब है कि केदारनाथ यात्रा के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली हेली सेवाएं गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा से संचालित होती हैं। इन तीनों स्थानों पर सुबह से ही यात्रियों की भीड़ जुटी थी, लेकिन हेलीकॉप्टर सेवाएं ठप पड़ने से यात्रा में बाधा उत्पन्न हुई और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

उत्तरकाशी हादसे के बाद सुरक्षा मानकों की समीक्षा के तहत यह फैसला लिया गया है, और अधिकारियों ने यात्रियों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### हादसे पर महाराज ने दुख जताया

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तरकाशी में गंगनानी के पास तीर्थयात्रियों को ले जा रहे हेलीकॉप्टर क्रैश में छह लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं की है। उन्होंने हादसे में हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। महाराज ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने देहरादून से उड़ान भरी थी, जो गंगनानी से आगे नाग मंदिर के पास गुरुवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सरकार ने हादसे का तुरंत संज्ञान लेते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने व हादसे की जांच के निर्देश दिए गये हैं।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने जताया दुख

**देहरादून।** उत्तरकाशी में हुई हेलिकॉप्टर हादसे पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं के प्रभु चरणों में स्थान मिलने की प्रार्थना की है। वहीं दुर्घटना को लेकर चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों पर संतोष जताते हुए, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देर सबेर जांच में घटना के कारणों का खुलासा हो जाएगा।

nirf Ranking 2024 RANKED AMONG TOP 50 UNIVERSITIES IN INDIA
THE World University Rankings 2025 RANKED 7th IN INDIA
UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
100+ Programs
Engineering | Computer Science | Business | Law
Design | Health Sciences | Liberal Studies and Media
B.Tech. | BBA | LL.B. | B.Des. | B.Sc. (Hons.) and more.
Lifetime Placement^ | Runway Start-up Support
Apply with JEE/UCEED/NIFT/CLAT Scores or
Class 12th Board Marks
LAST DATE TO APPLY - MAY 15, 2025
UPES Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10 am to 7 pm)
^T&C apply

### हरीश रावत ने हेलीकॉप्टर हादसे पर दुख जताया

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उत्तरकाशी हेलीकॉप्टर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनपद उत्तरकाशी के गंगनानी के निकट चारधाम यात्रियों को लेकर जा रहा हेलीकॉप्टर के क्रैश होने का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ, जिसमें 6 यात्री अकस्मात कालकल्वित हो गये हैं एवं एक व्यक्ति के घायल होने का समाचार है। ईश्वर, दुर्घटना में सभी दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें और जो घायल हैं मैं, भगवान से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### माहरा ने भी दुख जताया

वहीं, दूसरी और उत्तरकाशी में हुई हेलिकॉप्टर हादसे पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करन माहरा ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं के प्रभु चरणों में स्थान मिलने की प्रार्थना की है। उन्होंने हादसे में हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। वहीं दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को उचित उपचार मुहयया कराने को कहा है।

## मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

# सड़कों के लिए केंद्र से मांगी त्वरित मंजूरी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क एवं अवसंरचना परियोजनाओं की त्वरित स्वीकृति का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की संख्या में हो रही अभूतपूर्व वृद्धि से राज्य की सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ा है, जिसे देखते हुए सड़कों की वहन क्षमता बढ़ाना और उनके समुचित रख-रखाव को प्राथमिकता देना आवश्यक हो गया है। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत लंबित 367.69 करोड़ की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार को शीघ्र किए जाने का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने ऋषिकेश बाईपास परियोजना, बिहारीगढ़ से रोशनाबाद (33 किमी) एवं काठगोदाम से पंचेश्वर (189 किमी) मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने का भी अनुरोध किया।





■ बिहारीगढ़ से रोशनाबाद के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग की उठाई मांग
कहा, चारधाम की राह होगी और आसान, पर्यटन, तीर्थ और प्रगति के लिए सड़क क्रांति लाना जरूरी

इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय व स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

खटीमा में रिंग रोड निर्माण और पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण से प्रभावित एनएच-109 के बाईपास मार्ग के लिये 371.84 करोड़ की संशोधित लागत की स्वीकृति। एनएच-07 पर प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर के लिए 110 करोड़ की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता मांगी है। एनएच-507 (बाड़वाला से लखवाड़ बैंड, 28 किमी) और एनएच-534 (दुगड्डा से गुमखाल, 18.10 किमी) के चौड़ीकरण कार्यों की त्वरित मंजूरी का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार को सभी प्रस्तावित परियोजनाओं पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मांगी 8000 करोड़ की सड़कों की सौगात

देहरादून शहर में ट्रैफिक जाम से राहत हेतु बिंदाल एवं रिस्पना नदियों पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड को एनएच-07 के लूप के रूप में मंजूरी देने का आग्रह। मानसखण्ड परियोजना के अंतर्गत 508 किमी लंबाई की 20 सड़कों के उन्नयन के लिए 8000 करोड़ की योजना में प्रथम चरण के लिये 1000 करोड़ की मांग रखी।

## भारत इस बार आतंकवाद को जड़ से मिटाएगा:भट्ट

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर 2.0 गौरवशाली



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने ऑपरेशन सिंदूर 2.0 गौरवशाली बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस बार आतंकवाद को जड़ से मिटाएगा। साथ ही कहा, आतंकियों को मिट्टी में मिलाने वाले पीएम मोदी के वादे को सेना ने पहली रात पूरा किया और बिती रात उनके आकाओं को ठिकाने लगाया है। वीर जवानों के साथ प्रत्येक देवभूमिवासी मजबूती से खड़ा है। बीते दिवस मॉक ड्रिल में नागरिकों की भागीदारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मीडिया से अलग अलग हुई बातचीत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के बाद, पाक के असफल हमलों के पलटवार में हुए ड्रोन हमलों को बेहद जरूरी बताया है। 2014 में पहले दिन ही पीएम मोदी ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी थी कि जो हमे छेड़ेगा उसे हम छोड़ेंगे नही, करारा जवाब दिया जायेगा। उसी पर अमल करते हुए हमारी सेनाओं के आतंक और उनके आकाओं पर निर्णायक हमले लगातार जारी हैं। हमारी सरकार देश के विरुद्ध आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए सक्षम और दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने कहा, हमे अपनी सेनाओं पर गर्व है कि वे एक के बाद एक पाकिस्तान में दुश्मनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर रही है। साथ ही कहा, देवभूमि के वीर जवान सीमा पर अपना योगदान तो दे ही रहे हैं, लेकिन यहां मौजूद हम सभी लोगों को भी जागरूकता और आपात प्रबंधन में सहयोग से संबंधित कर्तव्यों के निर्वहन के लिए तैयार रहना चाहिए।

# उत्तराखंड को चाहिए ऊर्जा का सहारा

■ धामी ने मांगा परियोजनाओं को हरा सिग्नल, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से की भेंट, पर्यावरण मंजूरी और वन भूमि हस्तांतरण की रखी मांग

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर राज्य में ऊर्जा संकट से उबरने के लिए दो अहम जल विद्युत परियोजनाओंख्रत्यूनी-प्लासू और रुपसियाबगड़ख्रको मंजूरी देने की पुरजोर अपील की।

मुख्यमंत्री ने मंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखंड को अपनी बिजली जरूरतों के लिए अब भी बाहरी राज्यों और केंद्रीय पूल पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यावरण अनुकूल नई जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण न सिर्फ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम होगा, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार, सामाजिक-आर्थिक विकास और पलायन पर नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने यमुना की सहायक टौंस नदी पर प्रस्तावित 72 मेगावाट की त्यूनी-प्लासू परियोजना के लिए 47.547 हेक्टेयर वन एवं बंजर भूमि के शीघ्र हस्तांतरण की मांग की। साथ ही, गौरीगंगा नदी पर 120 मेगावाट की सिरकारी भ्योल रुपसियाबगड़ परियोजना के लिए 29.997 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरण और पर्यावरणीय मंजूरी भी जल्द देने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा, "गंगा नदी पर परियोजनाओं को मंजूरी न मिलने के कारण अब यमुना और कुमाऊं की नदियों पर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं को तेजी से साकार करना जरूरी है। इन परियोजनाओं का सामरिक और राष्ट्रीय हित में निर्माण अत्यंत लाभकारी होगा।"

मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश से नीलकंठ महादेव मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे योजना को भी राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से शीघ्र स्वीकृत कराने की मांग की, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने चौरासी कुटिया (बीटल्स आश्रम) के पुनरुद्धार और वनाग्नि प्रबंधन के लिए 404 करोड़ रुपये की विशेष सहायता का भी अनुरोध किया।

केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री को सभी प्रस्तावों पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### 24 घंटे खुलेगा आपदा कंट्रोल रूम, 32 अपर सचिवों की लगी ड्यूटी

**देहरादून।** भारत व पाकिस्तान के बीच बने जंग के हालत को देखते हुए एक तरफ जहां अधिकारियों और कर्मचारियों को छुट्टी कैंसिल की गई है, तो वहीं दूसरी तरफ शासन ने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण देहरादून में 24 घंटे निगरानी के आदेश दिए है। इसके लिए अपर सचिवों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की एसडीएमए दफ्तर आईटी पार्क देहरादून में आठ-आठ घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। शासन ने आपदा प्रबंधन केंद्र में कंट्रोल रूम को 24 घंटे चलने के लिए अपर सचिव स्तर के अधिकारियों को तिथि वार जिम्मेदारी की है। 32 अपर सचिव स्तर के अधिकारियों को आज से 18 मई तक की ड्यूटी का चार्ट भी जारी किया गया है। गौरतलब हो कि कल सात मई को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी अपने आवास पर हाईलेवल मीटिंग ली थी। इस दौरान सीएम धामी ने उत्तराखंड में स्थित सभी प्रमुख स्थानों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए थे।

# अधिकारियों ने एसईओसी से की रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर दुर्घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ कंट्रोल रूम पहुंचे और रेस्क्यू अभियान की मॉनीटरिंग की। उन्होंने जिलाधिकारी उत्तरकाशी मेहरबान सिंह बिष्ट से फोन पर वार्ता कर रेस्क्यू अभियान की जानकारी ली। एसईओसी से ग्राउण्ड जीरो में मौजूद राहत और बचाव दलों से भी लगातार अपडेट लिया जाता रहा।

गुरुवार को सुबह 8.30 बजे यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र को एरोट्रांस कंपनी के हेलीकॉप्टर के उत्तरकाशी जनपद स्थित गंगनानी के पास क्रैश होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राज कुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, स्वास्थ्य विभाग के आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी डॉ. बिमलेश जोशी, एसईओसी प्रभारी रोहित कुमार तथा यूएसडीएमए के अन्य विशेषज्ञ कंट्रोल रूम पहुंचे।



■ सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन पूरी टीम के साथ पहुंचे, घायल यात्री को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश पहुंचाया

एसईओसी से तत्काल घटनास्थल के जियो कोआर्डिनेट्स प्राप्त किए गए ताकि राहत और बचाव कार्यों के दौरान एयर सपोर्ट की आवश्यकता महसूस होने पर कोई दिक्कत न आए।

### बदला मौसम का मिजाज

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम ने गुरुवार को शाम होते ही करवट बदली। देहरादून समेत राज्य के कई क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बौछारें गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। मौसम विभाग ने पहले ही इसको लेकर भविष्यवाणी की थी। इस बार चार धाम यात्रा की शुरुआत बारिश और बर्फबारी के साथ हुई है। मौसम विभाग ने भी राज्य के कई क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया हुआ है।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि इस दुखद हादसे में छह लोगों की मृत्यु हुई है तथा एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल व्यक्ति को हेली एम्बुलेंस के जरिये एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। मृतकों का पोस्टमार्टम उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। इस दौरान डॉ. वेदिका पन्त, डॉ. पूजा राणा, मनीष भगत, हेमंत बिष्ट व तंद्रिला सरकार मौजूद रहे।

# जोशी ने की राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/जयपुर।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सीएम शर्मा को केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति और उत्तराखंड में निर्मित होने वाले जैविक उत्पाद भेंट किए। उन्होंने मुख्यमंत्री शर्मा को देवभूमि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा पर आने का सादर आमंत्रण भी दिया। सीएम शर्मा ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशीसे उत्तराखण्ड के हालात, यूसीसी आदि के मुद्दे पर भी गणेश जोशी से चर्चा की।

इस दौरान कृषि मंत्री की धर्मपत्नी निर्मला जोशी भी उपस्थित रहीं।

# लंबा है हेली हादसों का इतिहास हिमालय जैसी ही जटिल हैं चारधाम की उड़ानें

■ आस्था की राह पर छाया गहरा मातम
उत्तरकाशी हादसे ने हमसे छीने श्रद्धा के सफर में साथ देने वाले 6 लोग

**मौहम्मद शाह नज़र**

**देहरादून।** उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर हादसों की एक और दुखद घटना ने हमें यह सवाल करने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम आस्था और यात्रा के बढ़ते दबाव के बीच सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे हैं? 8 मई 2025 को उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में एक सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना उत्तराखंड के चारधाम यात्रा से जुड़ी एक और दुखद कहानी बन गई है, जहां हेलीकॉप्टर हादसों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, ये सभी प्रमुख तीर्थ स्थल हैं, जिन तक पहुंचने के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु हेलीकॉप्टर सेवाओं का उपयोग करते हैं। इन हेलीकॉप्टर सेवाओं का उद्देश्य यात्रियों को सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा मुहैया कराना था, लेकिन लगातार हो रहे हादसे इस सवाल को जन्म देते हैं कि क्या इन सेवाओं का संचालन सुरक्षित रूप से किया जा रहा है।

विशेषज्ञों की राय के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में सिंगल इंजन हेलीकॉप्टरों का संचालन एक जोखिम भरा कदम हो सकता है, क्योंकि इन क्षेत्रों की विषम भौगोलिक परिस्थितियां और अचानक बदलने वाला मौसम कई बार हादसों का कारण बनते हैं।

उत्तराखंड के हेलीकॉप्टर हादसों में एक आम बात यह भी देखी जाती है कि एयरलाइंस कंपनियों और संबंधित अधिकारियों की और से सुरक्षा प्रोटोकॉल की कमी हो सकती है।



### खराब मौसम और तकनीकी खामियां-हादसों के मुख्य कारण!

उत्तरकाशी हादसे के बाद, कई स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ सकती थी। यह भी कहा गया कि पायलट को संभवत: हिमालयी इलाकों की उड़ान में अनुभव की कमी थी। हालांकि, हादसे के कारणों की जांच जारी है, लेकिन तकनीकी खामियों और खराब मौसम के कारण होने वाली दुर्घटनाएं अब कोई नई बात नहीं रही हैं। केदारनाथ में 2013 की आपदा के दौरान भी कई हेलीकॉप्टर हादसे हुए थे, और तब से लेकर अब तक हर साल हादसों की संख्या में इजाफा हुआ है। मौसम का मिजाज बदलना, पहाड़ी रास्तों पर अचानक घना कोहरा या बर्फबारी जैसी स्थितियां अक्सर हेलीकॉप्टर की उड़ान में खलल डालती हैं।

हेलीकॉप्टरों की नियमित जांच, पायलटों की ट्रेनिंग और मौसम की सही जानकारी को ध्यान में रखते हुए उड़ान भरना बेहद जरूरी है।

अतीत में भी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने यह साबित किया है कि जब सुरक्षा मानकों का पालन सही तरीके से नहीं किया जाता, तो उसकी कीमत इंसानी जीवन से चुकानी पडती है। हमें यह समझने की जरूरत है कि हर श्रद्धालु की यात्रा, उनका परिवार और उनका विश्वास इस यात्रा पर निर्भर करता है।

### बीते वर्षों के कुछ बड़े हादसे:

- जून 2013:-केदारनाथ आपदा के दौरान राहत कार्य में जुटा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत।
- 21 जून 2013:- गरुड़चट्टी के पास हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 2 की मौत।
- 25 जून 2013:- केदारनाथ आपदा के दौरान वायुसेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार, लगभग 20 की मौत।
- 24 जुलाई 2013:- केदारनाथ में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट और इंजीनियर की मौत।
- 10 जून 2017:- बदरीनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश, फ्लाइट इंजीनियर की मौत।
- 3 अप्रैल 2018:- बिजली के तार में उलझकर सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, सभी सवार सुरक्षित।
- 21 अगस्त 2019:- उत्तरकाशी के आराकोट में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 3 की मौत।
- 23 अगस्त 2019:- आराकोट में हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, पायलट घायल।
- 23 सितंबर 2019:- केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, सभी सवार मामूली रूप से घायल।
- 18 अक्टूबर 2022:- केदारनाथ से उड़ान भरते समय हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट और 7 की मौत।
- 23 अप्रैल 2023:- यूकाडा के वित्त महाप्रबंधक की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत।
- 2 अक्टूबर 2023:- गुप्तकाशी से केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोई जनहानि नहीं।
- 24 मई 2024:- सिरसी से केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, सभी सवार सुरक्षित।
- 8 मई 2025:- उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित 6 श्रद्धालुओं की मौत।

# डंडी-कंडी और श्रमिकों के जरिये ढोई जा रही है आवश्यक सामग्री

■ कुछ दिनों के लिए पर्याप्त है दुकानों में सामान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के बीमार होने के कारण धाम सहित यात्रा मार्ग पर सामान ढ़ोने में कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। वहीं यात्रा मार्ग और धाम में मौजूद व्यापारियों का कहना है कि आगामी कुछ दिनों के लिये उनके पास पर्याप्त सामान है। यदि सामान की कमी पड़ रही है तो डंडी, कंडी और श्रमिकों का सहारा लिया जा रहा है।

दरअसल, केदारनाथ यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े-खच्चर वायरस से संक्रमित हैं, जिस कारण घोड़े-खच्चरों की आवाजाही पर पिछले तीन दिनों से पूर्ण रूप से रोक लगी हुई है।

घोड़े-खच्चर केदारनाथ यात्रा की रीढ़ कहे जाते हैं। धाम सहित यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों से ही आवश्यक सामग्री का ढुलान होता है। इसके अलावा घोड़े-खच्चर यात्रियों को ले जाने और छोड़ने का भी कार्य करते हैं। घोड़े-खच्चरों की आवा. जाही बंद होने के कारण धाम और यात्रा मार्ग पर आवश्यक सामग्री की कमी न हो, इसके लिये वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर डंडी, कंडी और श्रमिकों का सहारा लिया जा रहा है। व्यापारी सुभाष रावत, संदीप पुष्पवान आदि ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर इन दिनों डंडी-कंडी और श्रमिकों का सहारा आवश्यक सामग्री पहुंचाने में लिया जा रहा है।

फिलहाल कुछ दिनों के लिये सामग्री मौजूद है। जिस सामग्री की कमी हो रही है तो व्यापारी आपस में तालमेल बना रहे हैं और नीचे से मंगवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की ओर से भी मांग की गई है कि जब तक घोड़े-खच्चर स्वस्थ न हो, तब तक उनसे काम न लिया जाय। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ दिनों के लिये पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं।

# बीमार घोड़े-खच्चरों को रखे क्वारंटीन सेंटर में

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा में घोड़े-खच्चर अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इनमें इक्वाइन इंफ्लुएंजा के लक्षण दिखाई देने एवं कुछ पशुओं की मृत्यु होने के पश्चात जिला प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही करते हुए अनेक कदम उठाए हैं। प्रशासन ने पिछले 48 घंटे से श्रीकेदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के परिचालन पर पूरी तरह से रोक लगाई है जो फिलहाल जारी है। 18 चिकित्सकों की टीम के साथ साथ पंतनगर विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान हिसार के विशेषज्ञ चिकित्सक लगातार सैंपलिंग एवं परीक्षण कर रहे हैं।

घोड़े-खच्चर मालिकों को तात्कालिक राहत देने के लिए जिला प्रशासन ने एक और कदम उठाया है। जिला प्रशासन ने दो क्वारंटीन सेंटर, चेतक 1 एवं चेतक 2 बनाए हैं एवं घोड़े खच्चरों के मालिकों से अपील की है कि वे अपने बीमार घोड़े-खच्चरों को इन सेंटरों में रखें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि क्वारंटीन सेंटरों में बीमार घोड़े-खच्चरों के ठीक होने तक खाने के चारे से लेकर सभी तरह की देखभाल पशुपालन विभाग द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन पशुपालकों के घोड़े-खच्चर बीमार हैं, वे इक्वाइन इंफ्लुएंजा बीमारी का प्रमाण पत्र पशुपालन विभाग को दिखाकर पचास प्रतिशत सब्सिडी पर पर चारा क्रय कर सकते हैं।

# राइंका खण्डाह में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

■ रोटरी क्लब श्रीनगर के ओर से कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** कारगिल शहीद कुलदीप सिंह राजकीय इंटर कालेज, खण्डाह में रोटरी क्लब श्रीनगर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रोटरी क्लब की मुख्य थीम सेवा स्वयं से ऊपर को साकार करते हुए विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। साथ ही छात्रों को नशे से दूर रहने और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान विद्यालय के वार्षिक गृह परीक्षा, बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरित करने के साथ नशे के दुष्प्रभावों व व्यवहारिक जीवन में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नरेश नौटियाल ने रोटरी क्लब के इतिहास और समाज में उसके योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों से वचन लिया कि वे बड़े होकर रोटरी क्लब जैसे सेवा संगठनों से जुड़कर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाएंगे।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद जोशी ने भरोसा दिलाया कि उच्च शिक्षा के मार्ग में यदि किसी छात्र को सहायता की आवश्यकता होगी, तो रोटरी क्लब श्रीनगर सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा। पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश गोदियाल ने नशे से दूर रहने की अपील करते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को शैक्षिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इधर प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद किमोठी ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है।

इस मौके पर विद्यालय की ओर से वरिष्ठ रोटेरियन सत्य प्रसाद घिल्डियाल का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजवीर बिष्ट व महेश गिरि द्वारा किया गया। आयोजन में विक्रम सिंह नेगी, डीएन. गौड़, कुंज बिहारी सकलानी, भगवती प्रसाद गौड़, दलवीर सिंह शाह, गोविन्द नंथवान समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# रोजगार की राह पर ग्रामीण महिलाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ अब पहाड़ी क्षेत्रों की महिलाएं प्रभावशाली ढंग से उठा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के मार्गदर्शन में टिहरी जनपद की महिलाएं योजनाओं से जुड़कर न केवल अपनी आजीविका को सशक्त बना रही हैं, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी उल्लेखनीय कदम उठा रही हैं।



गर्मियों की बढ़ती तपिश को देखते हुए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने पहाड़ों में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध संसाधनों का नवाचारपूर्ण तरीके से उपयोग करना शुरू कर दिया है। बुरांश के बाद अब गुलाब के फूलों से शरबत तैयार कर ये महिलाएं न केवल स्थानीय स्तर पर एक नया व्यापार खड़ा कर रही हैं, बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूती प्रदान कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की श्महिला सशक्त आजीविका योजनाश् के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति की सहायता से इन महिलाओं ने स्वरोजगार की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। अब वे गुलाब की पंखुड़ियों से शुद्ध, बिना चीनी, बिना कलर और बिना प्रिजर्वेटिव वाला शरबत तैयार कर रही हैं, जिसकी बाजार में अच्छी मांग बन रही है।

चंबा ब्लॉक के ग्रामसभा जगधार रानीचौरी की महिलाओं ने वर्ष 2022 में इस दिशा में पहला प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उसी प्रशिक्षण के तहत उन्होंने बुरांश और गुलाब के फूलों से शरबत बनाने की विधि सीखी। ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति की सचिव कुंभीभाला भट्ट के अनुसार, ये महिलाएं गर्मियों के मौसम में देसी गुलाब की पंखुड़ियों का प्रयोग कर प्राकृतिक शरबत बना रही हैं, जिसकी खास बात यह है कि इसमें न तो कोई कृत्रिम स्वाद होता है, न ही कोई संरक्षक रसायन। पूर्ण स्वच्छता और गुणवत्ता के साथ तैयार किया गया यह शरबत स्थानीय बाजारों में 120 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचा जा रहा है, जिससे महिलाएं प्रतिदिन करीब 500 रुपये तक की आय कर रही हैं।

वर्ष 2025 में ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति से जुड़ने के बाद इन महिलाओं को शरबत निर्माण के लिए आवश्यक बर्तन और मशीनें भी उपलब्ध कराई गईं। बाजार में उपलब्ध कृत्रिम गुलाब शरबत की तुलना में इन महिलाओं द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक शरबत की मांग अधिक है, जिससे इनके उत्पाद को स्थानीय व्यापार में विशेष स्थान मिल रहा है। इससे न केवल इनका आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर जिले के समग्र विकास में भी योगदान दे रही हैं।

## केदारनाथ हाईवे पर दर्दनाक हादसा

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाइवे पर डोलिया देवी के निकट एक टैंपो ट्रेवलर वाहन हाईवे से करीब ढाई सौ मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। टैंपो में सिर्फ चालक सवार था, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बता दें कि टैंपो वाहन यूके07पीए7171 फाटा से गुप्तकाशी की ओर जा रहा था। डोलिया देवी के समीप संकरे मार्ग पर एकाएक टैंपो अनियंत्रित होकर खाई में करीब ढाई सौ मीटर नीचे जा गिरा। टैंपो में सिर्फ वाहन चालक दिलशाद उम्र 45 वर्ष निवासी धनपुरा हरिद्वार मौजूद था, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ एवं पुलिस ने मौके पर पहुंचे। खाई से शव का रेस्क्यू कर सड़क पर लाया गया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

## एक नजर.....

### ऑनलाइन उपस्थिति देने को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने किया रोष व्यक्त

**कोटद्वार। शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में लागू की गई पोर्टल आधारित** ऑनलाइन उपस्थिति देने को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि इस प्रणाली से शिक्षकों को तकनीकी, व्यवहारिक व साइबर सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां जारी एक बयान में एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में नेटवर्क की अनुपलब्धता, टैबलेट्स की धीमी कार्यप्रणाली, उपस्थिति दर्ज करने में अत्यधिक समय लगना और लाइव लोकेशन की अनिवार्यता जैसे कारणों से न केवल शिक्षकों का कार्य बाधित हो रहा है, बल्कि विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### भगवन्त ग्लोबल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव की हुई शुरुआत

**कोटद्वार।** नगर निगम कोटद्वार के झण्डीचौड़ स्थित भगवन्त ग्लोबल विश्व. विद्यालय में दो दिवसीय आठवां वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह प्रारम्भ हो गया है। समारोह के प्रथम दिवस गुरूवार को महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विवि के प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ पीएस राणा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत डिस्पोजेबल ग्लास रेस में हिना ने पहला, सोनिया ने दूसरा और मोहसिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में मनीषा व मोहित ने पहला और यश व साक्षी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। हेयरस्टाइल में हिना, रवीना व आकांक्षा शाह एवं ई-गेमिंग में सार्थक, वंश, कुलदीप, आदित्य व अभिषेक कुमार विजेता रहे।

### चौरास में जीवीके झील में मिला अज्ञात पुरुष का शव

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत चौरास क्षेत्र के अलकनंदा नदी में जीवीके झील के पास एक अज्ञात शव सड़ी गली हालत में बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर मोर्चरी श्रीकोट आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। कोतवाली कीर्तिनगर प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि जीवीके झील पर एक शव के तैरने की सूचना प्राप्त हुई थी, मौके पर पहुंचे पुलिस ने अज्ञात पुरुष के शव को सड़ी गली हालत में बरामद हुआ है। बताया कि शव करीब 50-55 वर्ष उम्र का है। जो कि दो से ढाई महीने पुराना है। उन्होने बताया कि शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है।

# 'शराब नहीं, संस्कार' मुहिम का असर

■ विवाह समारोहों में युवतियों ने दिखाई नई सोच, शराब पर लगाया प्रतिबंध, समाज में जागरूकता की मिसाल बनीं बेटियां, राड्स संस्था ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** रानीचौरी स्थित ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा की अगुवाई में चलाए जा रहे 'शराब नहीं, संस्कार' अभियान ने टिहरी जनपद के चंबा ब्लॉक और आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक बदलाव की मजबूत बुनियाद रख दी है। यह अभियान अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक नई सामाजिक चेतना का प्रतीक बनता जा रहा है, जिसमें खासकर युवतियां साहसिक निर्णय लेकर समाज को नई दिशा दिखा रही हैं।

ग्राम डारगी निवासी संगीता देवी और विनोद सिंह नेगी की बेटी प्रिया ने अपने विवाह को शराबमुक्त बनाए रखने का स्पष्ट निर्णय लेकर परिवार और समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रिया ने दो टूक कहा कि यदि शादी में शराब परोसी गई, तो वह विवाह नहीं करेगी। प्रिया के इस दृढ़ संकल्प के आगे दोनों पक्षों के परिवार झुक गए और सहमति से विवाह को पूरी तरह कॉकटेल मुक्त रखा गया। इस सामा. जिक जागरूकता को राड्स संस्था ने भी सराहा और प्रिया को नशा मुक्ति के प्रति प्रेरक कार्य के रूप में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही बारातियों को पारंपरिक पिठाई भेंट कर स्वागत किया गया, जो अब नए बदलाव का प्रतीक बन रहा है।

इसी प्रकार चंबा ब्लॉक के धारकोट गांव की कुसुम देवी ने भी अपनी बेटी रितिका की शादी में शराब पूरी तरह से प्रतिबंधित रखी।

इस फैसले का परिजनों और ग्रामीणों ने भी स्वागत किया। रितिका और उनके परिवार के इस निर्णय को भी राड्स संस्था ने सराहनीय मानते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया। इस प्रकार ये बेटियां समाज में यह संदेश दे रही हैं कि खुशियों में नशा नहीं, बल्कि संस्कृति और संयम होना चाहिए।

इस अवसर पर प्रेम सिंह चौहान, रितेश, कुंभीबाला भट्ट, लक्ष्मी बहुगुणा, युद्धवीर सिंह, कुशाल सिंह, जगदीश बडोनी, मनोज नाकोटी, बीना देवी, अमृता राणा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। 'शराब नहीं, संस्कार' अभियान न केवल एक सामाजिक जागरूकता का प्रयास है, बल्कि यह नई पीढ़ी को नशामुक्त जीवन की ओर ले जाने वाली एक रचनात्मक पहल है, जो आगे चलकर सामाजिक ढांचे में स्थायी परिवर्तन ला सकती है।

# यात्रा में घोड़ा-खच्चर की मृत्यु होने पर सरकार देगी 32 हजार का मुआवजा: सौरभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** कैबिनेट एवं जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सोनप्रयाग पहुंचकर चारधाम यात्रा से जुड़ी पशु प्रबंधन व्यवस्थाओं एवं यात्रियों की सुविधाओं का धरातलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में फैले इक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस की रोकथाम और घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य प्रबंधन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक की।

बैठक में मंत्री सौरभ बहुगुणा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से वायरस की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर तैनात सभी घोड़े-खच्चरों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए और संक्रमण के संकेत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाय। वायरस की स्क्रीनिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि गौरीकुंड से केदारनाथ तक चार पशु चिकित्सा केंद्र खोले जाएंगे, जिनमें प्रत्येक केंद्र पर एक एमआरपी के अंतर्गत 15 सदस्यीय टीम तैनात की जाएगी।इस टीम में डॉक्टर, पुलिसकर्मी और अन्य कर्मचारी शामिल होंगे, जो यात्रा मार्ग पर मूवमेंट कर रहे घोड़े-खच्चरों की सतत जांच करेंगे।

### श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा करवाना हर संभव प्रयास:कप्रवाण



**श्रीनगर।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए विजय कप्रवाण का पहली बार श्रीनगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर बीकेटीसी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण ने कहा कि बद्री-केदार की यात्रा श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित हो इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आर्थिकी से लेकर देवभूमि की पहचान है। गुरूवार को नगर के अदिती स्मृति न्यास में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने कहा कि पौड़ी जिला प्रभारी विजय कप्रवाण को मंदिर समिति में उपाध्यक्ष बनाए जाना सौभाग्य की बात है। कहा कि उन्होंने संगठन को एकजुट करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह नियुक्ति पूरे पौड़ी जनपद के लिए गर्व का विषय है। नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण ने कहा कि जिला प्रभारी रहते हुए उन्हें कार्यकर्ताओं का निरंतर सहयोग और समर्थन मिला है। कहा कि संगठन एवं सरकार ने जो विश्वास जताया है, उसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे।

# पहाड़ों में पल-पल करवट बदल रहा है मौसम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** पहाड़ों में मौसम इन दिनों पल-पल करवट बदल रहा हैं। एक सप्ताह से लगातार रूक-रूककर बारिश जारी है। बारिश के कारण यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अत्यधिक बारिश होने पर तीर्थ यात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर रूकने की अपील की जा रही है और कहा जा रहा है कि यात्री सुरक्षित मौसम में ही यात्रा करें। फिलहाल पैदल यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक दस हजार से अधिक यात्रियों के रहने और खाने की व्यवस्था की गई है।

केदारनाथ धाम की बात करें तो धाम में भी लगातार रूक-रूककर बारिश जारी है। कभी कभार तो धाम में रात्रि के समय बर्फबारी भी हो रही है। हालांकि यात्रियों को बारिश व ठंड से बचाने के लिये प्रशासन की ओर से टेंट कालोनी, रेन सेल्टर, अलाव, हीटर आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं। पैदल मार्ग पर भी यह व्यवस्थाएं मौजूद हैं। वहीं निचले क्षेत्रों में भी बारिश के कारण आम जन-जीवन प्रभावित हो रहा है।

मई जैसे गर्म महीने में ठंड का अहसास हो रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने कहा कि अत्यधिक बारिश होने पर यात्रियों को सुरक्षित रोका जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये हैं।

# किराएदार सत्यापन में लापरवाही पर पुलिस की कार्रवाई

■ नई टिहरी और थत्यूड़ में सात मकान मालिकों पर 70 हजार का जुर्माना, चारधाम यात्रा को देखते हुए बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन पर टिहरी पुलिस का विशेष जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** कोतवाली नई टिहरी और थाना थत्यूड़ पुलिस द्वारा किराएदारों के सत्यापन को लेकर संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में लापरवाही बरतने वाले सात मकान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इन मकान मालिकों का चालान कर कुल 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। यह कार्रवाई जिले में बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की जा रही है।

थाना नई टिहरी पुलिस ने इस अभियान के तहत 20 घरों में किराएदार सत्यापन की प्रक्रिया को अंजाम दिया। जांच में तीन मकान मालिकों द्वारा किराएदारों का सत्यापन न कराने की पुष्टि होने पर उन पर जुर्माना लगाया गया।

वहीं, थाना थत्यूड़ पुलिस ने 11 घरों में अभियान चलाकर चार मकान मालिकों पर नियमानुसार चालान कर दंडात्मक कार्रवाई की। एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने बताया कि चारधाम यात्रा के चलते जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाकचौबंद करने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की कार्रवाई सख्ती से सुनिश्चित करें। इसी क्रम में यह अभियान नई टिहरी और थत्यूड़ थाना क्षेत्रों में संचालित किया गया, जिसमें 31 लोगों का सत्यापन किया गया।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि सभी नागरिकों को चेतावनी दी गई है कि वे अपने मकान या दुकानों में किसी भी बाहरी व्यक्ति को बिना पुलिस सत्यापन के न रखें। प्रत्येक किराएदार को संबंधित थाने से सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त कर ही किराए पर रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

पुलिस की इस मुहिम का उद्देश्य केवल नियमों का पालन कराना नहीं है, बल्कि जन सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी है। ऐसे अभियान से समाज में जागरूकता भी फैल रही है और नागरिकों में नियमों के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी बढ़ रहा है।

# सीमान्त गांव गंगी में पहुंची बिजली की रोशनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के घनसाली विधानसभा क्षेत्र का सीमान्त गांव गंगी अब विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित यह गांव, जहां दिसंबर 2018 में पहली बार सड़क पहुंची थी, अब विद्युत आपूर्ति से भी रोशन हो चुका है। ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए निरंतर प्रयास अब रंग लाने लगे हैं।

अब तक सौर ऊर्जा पर निर्भर रहने वाले इस गांव को हाल ही में विद्युत ग्रिड से जोड़ दिया गया है। करीब 250 परिवारों वाले गंगी गांव में बिजली पहुंचाने के लिए विद्युत विभाग ने महज पांच माह में 12 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई। इस



■ पांच माह की मेहनत के बाद विद्युत ग्रिड से जुड़ा टिहरी का दूरस्थ गंगी गांव

गंगी गांव में बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी की लहर विकास की ओर बड़ा कदम

दौरान विभाग ने शिविर लगाकर कई ग्रामीणों को बिजली के घरेलू संयोजन भी मुहैया कराए, जबकि शेष लोगों को जल्द कनेक्शन देने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह की पहल पर हुई, जिन्होंने सांसद की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में गंगी गांव के विद्युतीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सांसद द्वारा निर्देश मिलने पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने इस दिशा में त्वरित कार्यवाही करते हुए विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने नवंबर माह में इस कार्य के लिए 1.02 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की, जिससे इस दूरस्थ क्षेत्र में विद्युतीकरण का कार्य आरंभ हो सका।

टिहरी विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता अमित आनंद ने बताया कि शासन से वित्तीय स्वीकृति मिलते ही जिलाधिकारी के निर्देशन में कठिन परिस्थितियों के बावजूद गांव में विद्युत लाइन बिछाने का कार्य आरंभ किया गया और निर्धारित समय के भीतर यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। उन्होंने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि जैसे ही गांव में बिजली के बल्ब जले, ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अधिशासी अभियंता ने इस कार्य को सफल बनाने के लिए शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

गंगी गांव में बिजली पहुंचना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। यह बदलाव गांव के भविष्य को नई दिशा देगाकृचाहे वह बच्चों की पढ़ाई हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या घरेलू जीवन की गुणवत्ता, हर क्षेत्र में इसका सीधा सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। आने वाले समय में यह गांव न केवल रोशनी से बल्कि विकास की तमाम संभावनाओं से भी जगमगाएगा।

# भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लैंसडाउन।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में गुरुवार को महाविद्यालय की रेड क्रॉस इकाई के तत्वावधान में विश्व रेड क्रॉस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य रेड क्रॉस के मानवीय सिद्धांतों और समाज सेवा के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ एलआर राजवंशी द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक डॉ मानसी वत्स ने रेड क्रॉस दिवस के इतिहास, उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस संस्था द्वारा मानवता की सेवा, शांति और सहयोग के लिए किए जा रहे प्रयासों को युवाओं तक पहुँचाना इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है ।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। तनीषा, निशा, अनीषा, अभिषेक भारती और ज्योति सहित अन्य छात्रों ने रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर अपने विचार रखे और समाज सेवा में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. डॉ राजवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है।

यह संस्था संकट के समय लोगों की मदद करने और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य करती है। हम सभी को इसके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे रेड क्रॉस के स्वयंसेवक बनकर समाज सेवा में अपना योगदान दें।

कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा मानवता की सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संकल्प लेने के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उमेश ध्यानी, डॉ डीएस चौहान, डॉ मोहम्मद शहजाद, डॉ वरुण कुमार, डॉ अर्चना नौटियाल, डॉ वसीम, डॉ शिप्रा, डॉ नेहा शर्मा, डॉ सुमन, डॉ अजय रावत, डॉ विक्रम सिंह, डॉ दुर्गा रजक तथा सहायक तारा सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 6 गांवों को सड़क से जोड़ने के लिए डॉ. रावत ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/ पौड़ी।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दूसरे दिन पैठाणी क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने पैठाणी क्षेत्र के छः दूरस्थ गांवों कुवाखरक, कांडा, बरतोली, घंडियाली, इज्जर और भरीक को सड़क से जोड़ने को लेकर बैठक की।

कैबिनेट मंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि 11 किलोमीटर प्रस्तावित सड़क के लिए डीपीआर का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए और वन स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क का कार्य पूर्ण होने पर इन छः गांवों के 100 से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज पैठाणी में 5 लाख रुपये की लागत से भवन मरम्मत कार्य का उद्घाटन किया तथा इंटर कॉलेज स्योली तल्ली में चारद.ीवारी निर्माण का शिलान्यास भी किया। वहीं गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी के अंतर्गत पैठाणी रेंज में नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष गढ़वाल मंडल विकास निगम राज रौथाण, उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष मातवर सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष विजय रौथाण, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद रावत, वीरेंद्र रावत, जिला पंचायत सदस्य गणेश नेगी, नरेंद्र नेगी, नरेंद्र रावत, शिवचरण नौडियाल, डब्बल सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**क्षेत्रीय भ्रमण के दूसरे दिन पैठाणी क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण**



# 12 मई को खुलेंगे वाण स्थित लाटू धाम के कपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली/देवाल।** विकास खंड देवाल के अंतर्गत वांण स्थित लाटू धाम के कपाट खुलने के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जड़ी-बूटी सलाहक.ार समिति के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल ने वांण के ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैसाख पूर्णमासी 12 मई को वांण स्थित लाटू धाम के कपाट 6 माह के खोलें जाएंगे। मंदिर कमेटी के द्वारा कपाटों उद्घाटन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इस अवसर पर वांण गांव में आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरें को देखते हुए राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल वांण गांव पहुंचे जहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर प्रस्तावित दौरें को देखते हुए तैयारियों पर चर्चा की इस दौरान सीएम के वांण गांव में आने पर उनका स्वागत किस तरह से किया किया जाएगा, उनके सम्मुख कौन, कौन सी प्रमुख मांगें उठाई जाएगी

इस पर विस्तार से चर्चा की गई।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा,वांण लाटू देवता मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्णा बिष्ट,लाटू मंदिर के मुख्य पुजारी खीम सिंह, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य कृष्णा बिष्ट, समिति के सचिव खिलाप सिंह, कोषाध्यक्ष हीरा सिंह बुग्याली, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हीरा पहाड़ी, रामेश्वरी देवी,ममंद अध्यक्ष नंदी देवी,युमंद अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह पंचोली, प्रधान पुष्पा देवी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, पुष्कर सिंह बिष्ट आदि ने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर सीएम के हैलीकॉप्टर के उतरने, सड़क से मंदिर तक आने, जाने,सभा स्थल आदि पर राज्य मंत्री ने थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों के साथ वांण गांव में स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्णय लिए।

# प्रदेश में विकसित हो रही खेल संस्कृति : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को प्रेम नगर के दशहरा ग्राउंड में नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का लोकार्पण किया। मिनी स्टेडियम के निर्माण में लगभग 292 लाख रुपए की लागत आई है। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पहले प्रदेश की जनता अपने प्रति.निधियों से ज्यादातर सड़क, बिजली, पेयजल, अस्पताल और स्कूल आदि बनाए जाने की मांग करती थी। लेकिन प्रदेश में खेलों की प्रति अब जागरूकता इतनी बढ़ चुकी है कि इससे भी ज्यादा डिमांड अब खेल मैदान और स्टेडियम बनाने की आने लगी है । इससे यह भी पता चलता है कि देवभूमि को खेल भूमि के रूप में विकसित करने का जो लक्ष्य प्रदेश सरकार ने तय किया है, उसके साथ हमारे प्रदेश का युवा और आम जनता भी पूरी तरह जुड़ चुकी है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बीते कुछ साल से प्रदेश खेल संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है इसमें छोटे कस्बों और शहरों में लगातार खेल मैदान, मिनी स्टेडियम की सुविधा शुरू होने से भी मदद मिली है। खेल मंत्री में कहा कि सरकार ने दो खिलाड़ी प्रोत्साहन योजनाएं चलाकर 8 से 14 वर्ष की उम्र वाले खिलाड़ियों और 14 से 23 वर्ष तक की उम्र के खिलाड़ियों की आर्थिक मदद देनी शुरू की है, जिससे हर खेल में नए-नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से भी प्रदेश में स्पोर्ट्स को लेकर एक नया माहौल बना है और इस आयोजन की सफलता के बाद यहां युवाओं में खेलों को लेकर जागरूकता बढ़ गई है। कार्यक्रम में विधायक सविता कपूर, मंडल अध्यक्ष आशीष, मंडल अध्यक्ष राहुल चौहान, किसान मोर्चा के अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर, उपनिदेशक एस जयराज, शैलेश भंडारी आदि उपस्थित रहे।




**खेल मंत्री ने प्रेम नगर में किया मिनी स्टेडियम का लोकार्पण,निर्माण में लगभग 292 लाख की लागत आई**

# बस्ती बचाओ आंदोलन के बैनर तले नगर निगम पर प्रदर्शन

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहर की पुरानी और आबाद बस्तियों को उजाड़े जाने की आशंका के बीच सोमवार को चन्द्रशेखर आजाद नगर कांवली और अन्य बस्तियों के सैकड़ों निवासी नगर निगम कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। 'बस्ती बचाओ आंदोलन' के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एनजीटी और एलिवेटेड रोड परियोजना के नाम पर बस्तियों को तोड़ने की तैयारी है, जबकि यहां लोग पिछले कई दशकों से रह रहे हैं। उनका कहना था कि सरकार और नगर निगम को चाहिए कि वे इन्हें उजाड़ने के बजाय मालिकाना हकघ दें और विकास के नाम पर गरीबों को बलि का बकरा न बनाएँ। प्रदर्शनकारियों ने मेयर और नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में मुख्य मांगें रखींख्र 2027 तक बस्तियों को न हटाने का जो सरकारी आदेश है, उसका पालन हो, सभी पुराने बाशिंदों को मालिकाना हकघ दिया जाए, एलिवेटेड रोड की योजना रद्द की जाए या बस्तियों को नुकसान पहुंचाए बिना बदली जाए, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार पुनर्वास और उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बस्ती बचाओ आंदोलन के संयोजक अनन्त आकाश ने कहा, "एक तरफ सरकार वादे करती है कि गरीबों को घर मिलेगा, दूसरी ओर वर्षों से बसे लोगों को उजाड़ा जा रहा है। हम यह अन्याय नहीं होने देंगे।"

सीटू के जिला महामंत्री लेखराज, चेतना आंदोलन के राजेन्द्र शाह, कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद अल्ताफ, जनवादी महिला समिति की अध्यक्ष नुरैशा अंसारी, और कई अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने बस्तियों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख नामख्र शबनम, सालैहा, सुरेशी, सरोज, विप्लव, मनीष, इन्दु, तमरेज, हसीन, कासिम, जरिना, सुरेन्द्र रावत, शहजाद, रिजवी, गौरा देवी, फिरदौस, अमन, कुसुम, मुकुंद, बिन्दाख्रने कहा कि अगर हमारी बस्तियों को उजाड़ा गया तो हम सड़क पर आ जाएंगे।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवप्रसाद देवली, पूर्व प्रमुख राजेन्द्र पुरोहित, और सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन रावत ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए प्रशासन से अपील की कि बस्तियों के साथ अन्याय न हो।




**'उजाड़ो मत मालिकाना हक दो' की गूंज से दहला निगम कार्यालय**

## वक्फ बोर्ड संशोधन कानून समाज में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: नरेश बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालसी।** वक्फ बोर्ड संशोधन कानून पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला देहरादून ग्रामीण के तत्वाधान में सेलाकुई निगम रोड स्थित जय कम्युनिटी सेंटर में वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। नरेश बंसल राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद ने कहा 'वक्फ बोर्ड संशोधन कानून' समाज में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान ने कहा यह संशोधन समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करेगा और धार्मिक संस्थाओं के संचालन में सुधार लाएगा। शादाब शम्स अध्यक्ष वक्फ बोर्ड उत्तराखंड ने कहा भाजपा सरकार का यह प्रयास समाज में समरसता और समानता स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। विधायक सहसपुर सहदेव पुंडीर ने कहा यह कानून सभी समुदायों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगा और सामाजिक न्याय की स्थापना में सहायक होगा।गोष्ठी में अल्पसंख्यक समाज के लोगो की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान मिला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के महत्व और इसके संभावित प्रभावों पर चर्चा की, जिससे उपस्थित लोगों को इस विषय पर गहन जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सरफराज जाफरी ने किया।इस अवसर जिला प्रभारी नेहा जोशी तथा प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा मुकेश कोली, कार्यक्रम संयोजक अरुण मित्तल, संतोष रावत, विनोद कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, ओमव.ीर राघव, अमित डबराल, नवीन रावत, शमीना सिद्दीकी, सारिक खान, गुलशेर, मेहरबान, साबिर अली, सायरा, गुलफाम, खालिद मंसूरी, संजय तोमर, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, विकास नगर मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग, मंडल अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, आशा सक्सैना, रचिता ठाकुर, मो.निका अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### मिलेगी बड़ी बचत और सुपरफास्ट डिलीवरी

**देहरादून:** सूरज की तपिश बढ़ने के साथ, सीजन के बेस्ट डिलाइट्स से अपनी कार्ट और अपनी बचत को बढ़ाएं। फिर बात चाहे रसीले, फार्म-फ्रेश आम का स्टॉक जमा करने की हों या आपके मनपसंद स्नैक्स के साथ आईपीएल मैच का लुत्फ उठाने की, अमेजॅन फ्रेश सीधे आपके घर पर 2 घंटे में सुपर फॉस्ट डिलीवरी एवं विश्वसनीय और स्लॉटेड डिलीवरी सुविधा के साथ अल्टीमेट सीजनल बचत प्रदान करता है। वीकली सुपर वल्यू डेज के साथ, हर शुक्रवार से रविवार तक ग्राहक किराने के सामान पर बड़ी बचत के साथ शानदार डील और वैल्यू ऑफर का आनंद उठा सकते हैं।अमेजन फ्रेश द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए मैंगो स्टोर से आम की 10 से ज़्यादा किस्मों, मिठाइयों, कैंडीज, ड्रिंक्स और अन्य पर बड़ी बचत पाएं। अमेजन फ्रेश पर कोका कोला और हेरिटेज द्वारा प्रायोजित, क्रिकेट रेडी स्टोर मैच के हर दिन के लिए एक डेडिकेटेड स्नैकिंग डेस्टिनेशन प्रदान करता है। ग्राहक इन गर्मियों में क्वालिटी वॉल्स, नेस्कैफे, रियल, कोका कोला, मिल्की मिस्ट, प्लक, लेज जैसे शीर्ष ब्रांड पर 40 प्रतिशत तक की और आइसक्रीम पर 50 प्रतिशत तक की छूट भी पा सकते हैं।

### सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर के पांच छात्र चयनित

**विकासनगर।** देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर के 5 छात्रों का चयन हुआ, जिन्हें योजना के तहत पंद्रह सौ रुपए की प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी। देहरादून में आयोजित अंतिम ट्रायल में 8 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के करीब 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर के छात्र अनमोल पठानिया, वंश चौहान, अन्वेष राणा, शीतल राणा तथा युगांशी का चयन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्या रश्मि गोयल ने छात्रों की उपलब्धि को तथा विद्यालय खेलकूद प्रशिक्षक निशा चौहान को विद्यार्थियों को प्रेरित तथा उत्साहित करने के लिए सराहा। विद्यालय प्रधानाचार्या ने अन्य छात्रों को भी खेलकूद तथा शारीरिक गतिविधियों पर जोर देते हुए उनके महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रश्मि गोयल, उप प्रधानाचार्या गीता नेगी तथा समस्त अध्यापकों ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

### सेपियंस विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए टॉक शो का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर में गुरूवार को कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए 'टॉक शो' प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रबंधक रविकांत सपरा, रशिता सपरा तथा प्रधानाचार्य नवीन तनेजा द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ, सृमति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। दून मेडिकल कॉलेज' के जाने-माने डॉक्टर अनुपमा आर्य (विभागाध्यक्षा), डॉक्टर शिव कुमार यादव, डाक्टर सुदीक्षा (असिस्टेंट प्रोफेसर) के द्वारा कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं का समाधान विचार विमर्श के माध्यम से किया गया। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों को डॉक्टरों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसका उन्होंने उत्तर देते हुए आज के विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने, अपना लक्ष्य निर्धारण, खाने-पीने की आदतों में सुधार, निरंतर प्रयासरत, नियमित एवं संयमित जीवनशैली को ही आधार बताया। कार्यक्रम के मध्य में विद्यार्थियों द्वारा डॉक्टरों से विभिन्न स्तरीय प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा ने सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रविकांत सपरा, रशिता सपरा ,प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, नंदी बिष्ट, मानसी पाल, आरती उपस्थित रहे।

### अश्लील टिप्पणी करने पर कालसी गेट में किया विरोध प्रदर्शन

**विकासनगर।** जौनसारी आदिवासी समाज के लोगों का कहना कि चार-पांच दिन हो गए हैं अभी भी अपराधी को पकड़ने में पुलिस नाकाम रही है। जिसके लिए कालसी गेट (शाहिद सुरेश तोमर तिराहे) पर विरोध प्रदर्शन कर गया जिसमें की जौनसार के आदिवासी समाज के सभी लोग सुदेश तोमर (सामा.जिक सेवक एवं पुकार स्किल डवलपमेंट फाउंडेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर), दिनेश तोमर (व्यवसाई), प्रीतम चौहान (व्यवसायई) रितेश वर्मा और नैन सिंह राणा, भारत वर्मा, अनिल चौहान, रमेश चौहान, विजय नेगी, नंदलाल वर्मा और चतर सिंह गंभीर सिंह तोमर, आनंद वर्मा, खिमा दास आदि समुदाय के लोगों द्वारा उपरोक्त जगह पर पर विरोध प्रदर्शन कर गया जिसमें कि अगला विरोध प्रदर्शन 10 तारीख को विकास नगर (डाकपत्थर चौक में 11बजे प्रात: किया जाएगा।

### महाविद्यालय डाकपत्थर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपंन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर देहरादून में प्राचार्य प्रो डॉ दलिप सिंह नेगी जी की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव 'हारुल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डॉ. राजकुमारी चौहान ने मंच संचालन करते हुए महाविद्यालय के बारे में जानकारी दी 'हारुल' शब्द पर प्रकाश डाला।

वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महोदय मुन्ना सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि साहित्यकार हेमचंद सकलानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा वार्षिक आख्या प्रस्तुत की गई।

इसी क्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें मुख्यत: अज्जू तोमर, अनुप चांडा द्वारा संयुक्त संगीत प्रस्तुत किया गया। अन्य प्रस्तुतियों में प्रखर ग्रुप, नेपाली नृत्य ग्रुप, आभा ग्रुप द्वारा पंजाबी नृत्य, कुमाऊनी नृत्य, भावना ग्रुप द्वारा गढ़वाली नृत्य तथा योगा संकाय के छात्रों द्वारा विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया गया, इसी के साथ अन्य छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान वार्षिकोत्सव में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी पाठ्यक्रम के मेधावी छात्रों एम ए फाइनल से इतिहास अंजू नेगी, राजनीतिक विज्ञान लक्ष्मी वर्मा, हिंदी सुजाता, अंग्रेजी साक्षी, एम ए योगा से बबली, एम कॉम फाइनल से सोनिया चौहान, एम एस सी फाइनल में रसायन विज्ञान दीपू शर्मा, गणित विभाग से पारुल, भौतिक विज्ञान नेहा चौहान, बी ए से मानसी गोयल, बी एस सी से ट्विंकल, बी कॉम से अनन्या गर्ग, बी एड से लक्ष्मी बिष्ट, बी बी से अंबीबा अंसारी को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने महाविद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन किया

# यूरोपियन बैंक के साथ 1910 करोड़ की परियोजनाओं पर सहमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत सरकार, उत्तराखण्ड एवं यूरोपियन निवेश बैंक के मध्य प्रोजेक्ट नेगोसिएशन में रू0 1910 करोड़ की परियोजनाओं पर उत्तराखण्ड को सफलता मिली है। जून, 2025 में ही परियोजना अभिलेखों को हस्ताक्षरित किया जायेगा एवं निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। गुरुवार को उत्तराखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी अन्तर्गत पिथौरागढ़, सितारगंज, रूद्रपुर व काशीपुर नगरों हेतु तैयार की गई परियोजनाओं के सम्बन्ध में वित्तपोषण एजेंसी यूरोपियन निवेश बैंक ने अनुमानित रू0 1900 करोड़ के वित्तपोषण हेतु प्रोजेक्ट नेगोसिएसन किया गया, जिसमें ईआईबी द्वारा वित्तपोषण हेतु अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

कार्यक्रम निदेशक चन्द्रेश कुमार ने बताया कि पिथौरागढ़ राज्य के सीमांत नगरों में से प्रमुख है। जहां के प्रत्येक नागरिक को पेयजल तथा स्वच्छता सम्बन्धित सुविधा उपलब्ध करवाना आवश्यक है। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति से स्टैण्डर्ड लीविंग इंडैक्स में भी उन्नयन होता है, जो कि राज्य की प्रगति का भी मूल कारक है।

राज्य की प्रगति में यू.यू.एस.डी.ए. दृध्ढ़संकल्पित होकर कार्य कर रहा है। यूयूएसडीए का उद्देश्य है कि लक्षित अवधि से परियोजनाओं का सम्पादन हो और नागरिकों को ससमय पेयजल और स्वच्छता की सुविधायें मुहैया करायी जायें। वर्चुअल बैठक के दौरान अपर सचिव वित्त अमीता जोशी की ओर से अपर कार्यक्रम निदेशक विनय मिश्रा व वित्त नियंत्रक बीरेन्द्र कुमार, वैभव बहुगुणा एवं विशेषज्ञ राजीव कुमार, अमीताब बासू सरकार शामिल रहे।

**अगले महीने भारत सरकार, ईआईबी और उत्तराखंड के बीच होगा करार**

# एसएसपी के साथ आईएमए कैडेट्स ने पुलिस लाइन में किया इंटरैक्शन


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गुरूवार की दोपहर भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कैडेटस अपने अधिकारियों के साथ देहरादून की पुलिस लाईन में बसों में भरकर पहुंचे और वहां पर उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के अलावा अन्य पुलिस अधिकारियों से मुलाक.ात की। 8 मई से लेकर 10 मई तक देहरादून जनपद में पुलिस की विभिन्न शाखाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित होने के चलते गुरूवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा पुलिस लाईन देहराद.ून में स्थित सभागार में आईएमए कैडेटस को साइबर अपराधों,सोशल मीडिया को किस प्रकार से जांचा परखा जाए और पुलिस कंट्रोल रूम की उपयोगिता और आन्तरिक मुददों पर पुलिस और आर्मी के आपसी समन्वय के संबंधों और विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। आईएमए कैडेटस को जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वर्तमान परिदृश्य में साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के लिए प्रयोग किए जा रहे विभिन्न प्रकार के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। एसएसपी ने आईएमए कैडेटसों को दिए गए सुझावों और विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया।

देहरादून स्थिति पुलिस लाईन में आईएमए कैडेटसों के साथ आयोजित कि गई गोष्ठी के दौरान आन्तरिक सुरक्षा के मामलों में आर्मी और पुलिस की भूमिका और उनके मध्य आपसी सामंजस्य स्थापित करने और साथ में काम करने के महत्वों के संबंध में भी चर्चा करते हुए जानकारी दी गयी। इसके अलावा सोशल मीडिया इस्तेमाल करते हुए किस प्रकार की सावधानियां बरती जानी चाहिए इस संबंध में भी आईएमए कैडेटसों को जानकारियां दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आईएमए कैडेटसों को बताया कि साईबर अपराधी वर्तमान में आर्मी अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के स्कैम भेजते रहते है। एसएसपी ने आईएमए कैडेटसा ेको जानकारी दी कि साईबर अपराधियों द्वारा हनी ट्रैप, अंजाने लिंक भेजे जाने, डिजिटन अरेस्ट ठगी करने आदि अपराधों के विषय से किस प्रकार से बचा जाए उनके उपाय और तरीकों के संबंध में जागरूक किया गया। दून पुलिस अधिकारियों ने पुलिस लाईन में मौजूद आईएमए कैडेटसों को जानकारी दी कि ऐसे किसी भी लिंक अथवा कॉल आने पर उसकी जानकारी तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दें। इस दौरान वहां पर आकस्मिक स्थिती पर पुलिस सहायता और कंट्रोल रूम नंबर 112 की महत्वता ओर कंट्रोलरूम की कार्य प्रणाली की भी जानकारी आईएमए कैडेंटसों को दी गई।

**कैडेट्सों को साइबर अपराधों के संबंध में दी विस्तृत जानकारी, आंतरिक सुरक्षा को लेकर पुलिस और आर्मी का समझाया महत्व, पुलिस कंट्रोल रूम की महत्ता को भी साझा किया गया कैडेट्सों के साथ**

# शहर में बेसमेंट पार्किंग की जांच शुरू



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने इस संबंध में एक बैठक अभियंताओं के साथ की ।जिसमें उन्होंने शहर में स्थित समस्त काम्प्लेक्स इत्यादि के बेसमेंट को पूरी तरह से खाली रखने एवं यहां रैंप आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

देहरादून शहर में तमाम कॉम्प्लेक्स खुले हुए हैं, जिनमें प्राधिकरण की ओर से अनिवार्य रूप से बेसमेंट का प्रावधान किया गया है। इन बेसमेंट में पार्किंग हो रही है या नहीं या फिर इनका कोई कमर्शियल गतिविधि में इस्तेमाल तो नहीं कर रहा, इसकी भी नियमित रूप से जांच का कार्य किया जाता है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने इसे लेकर प्राधिकरण के अभियंताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की ,जिसमे उन्होंने समस्त को निर्देश दिए कि वे अपने अपने सेक्टरों में स्थित कॉम्प्लेक्स आदि की जांच करा लें, ताकि वस्तुस्थिति का पता चल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि इन बेसमेंट्स मे रैंप की व्यवस्था के साथ ही साफ-सफाई, बिजली पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने जानकारी दी कि शहर में बेसमेंट की जांच का कार्य अभियंताओं द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है और मानकों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित को नोटिस जारी किए जाएंगे। बैठक में सचिव मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव गौरव सिंह चटवाल व समस्त अभियंतागण आदि उपस्थित रहे।

# विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से ठगे लाखों रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**,देहरादून।** एक व्यक्ति की नौकरी विदेश में लगवाने की बात कहकर एक ठग ने उससे अलग-अलग बैंक खातों में लाखों रुपये की रकम प्राप्त कर ली और बाद में जब ठगी का शिकार हुए व्यक्ति की नौकरी नहीं लगी तो उसने अपने दिए गए लाखों रुपये की मांग की तो ठग ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों के आदेश पर शहर कोतवाली में संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मुकदमे की विवेचना शहर कोतवाल और पूर्व सीबीआई अधिकारी को सौंप दी गई।

शहर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत करवाते हुए गगन सिंह पुत्र सत्य सिंह निवासी डोभालवाला ने बताया कि एक व्यक्ति ने उससे फोन पर संपर्क किया और विदेश में उसकी नौकरी लगवाने की बात कहते हुए उसके मोबाइल नंबर पर फर्जी वेबसाईट बनाकर उससे फार्म भरवाया और इंटरव्यू लेकर उसकों विदेश में नौकरी लगने की बात कहते हुए एक ज्वाईनिग पत्र भी उसे भेज दिया। पीडित व्यक्ति ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि विदेश में कर्मचारी बिना आईडी कार्ड आवास सुविधा,यात्रा व्य और टिकट सुविधा की बात कहकर उक्त व्यक्ति द्वारा अपने विभिन्न बैंक खातों में 18 लाख रुपये से अधिक जमा करवा लिए।

विदेश में नौकरी लगावाने का झांसा देकर भोल-भाले व्यक्ति से लाखों रुपये ठगने वाले कबूतर बाज के खिलाफ शहर कोतवाल ने पूरा प्रकरण जानने के बाद अधिकारियों के निर्देश पर मुकदमे में डीआईटीएक्त की धारा का समावेश करते हुए विवेचना अपने नाम कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अपने कार्यालय में मौजूद मीड़ियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि कबूतरबाज द्वारा अपनी मीठी बातों में गगन को फंसाकर उससे लाखों रुपये विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगने के मामले में उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए कि उक्त मामले का अतिशीध्र खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे भेजने का काम करें।एसएसपी ने बताया कि इस बात की भी जानकारी की जा रही है कि ठगी करने वाले कबूतरबाज कहां का निवासी है और गगन का मोबाइल नंबर उसके पास कहां से आया और उसके द्वारा किस प्रकार से गगन को अपने जाल में फंसाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी ठग द्वारा जिन बैंक खातों में 18 लाख रुपये से अधिक की नगदी ली गई उन बैंक खातों को सीज किये जाने के निर्देश भी दिए गए है।

**ठग ने पीड़ित व्यक्ति से अलग-अलग बैंक खातों में प्राप्त की ठगी की रकम, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभान सिंह अधिकारी को सौंपी मुकदमे की विवेचना**

## कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर दबोचा

**विकासनगर।** कोतवाली विक.ासनगर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में 8.80 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुक.दमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया। नशे पर प्रभावी अंकुश लगाने व नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुये कोतवाली विकासनगर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व कारोबार की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकिंग के दौरान स्थान प्रकाश निकेतन स्कूल कैनाल रोड विकासनगर से अभियुक्त मोनिश पुत्र फुरकान निवासी कुरैशी मौहल्ला मेहूवाला खालसा विक.ासनगर को 8.80 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली विकासनगर में अन्तर्गत एन0डी0पी0एस0 एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से इलेक्ट्रॉनिक पॉकेट तराजू भी बरामद की।

# हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान कर कुमाऊं भ्रमण पर रवाना हुई श्री विश्वनाथ मां जगदीशीला डोली यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पूर्व कैबीनेट मंत्री एवं बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला डोली यात्रा के संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी के संयोजन में बृहष्पतिवार को हरिद्वार पहुंची। भारत माता मंदिर के महंत एवं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने हरकी पैड़ी पर डोली यात्रा का स्वागत किया। हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान व पूजा अर्चना के पश्चात डोली यात्रा कुमाउं मंडल के भ्रमण पर रवाना हो गयी। इस अवसर पर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि यह यात्रा न केवल धार्मिक भावना को पोषित करती है, बल्कि इसमें सामाजिक मर्यादाओं की पुर्नस्थापना, सर्वधर्म समभाव, पर्यावरण, प्राचीन धरोहरों के संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार जैसे महत्वपूर्ण विषयों का भी संदेश निहित है। डोली यात्रा के संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी ने डोली यात्रा में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस 31 दिवसीय यात्रा का उद्देश्य विश्व कल्याण, सामाजिक समरसता और प्राकृतिक संतुलन की स्थापना करना है। यात्रा एक महीने तक विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचेगी। यात्रा में हजारों श्रद्धालु व सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। हरिद्वार में प्रतिवर्ष आमेश शर्मा, मनोज झा, संजय वर्मा सहित उनके सहयोगी डोली यात्रा की व्यवस्था में सहयोग प्रदान करते हैं। आमेश शर्मा ने बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला डोली यात्रा के संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी के इस आध्यात्मिक प्रयास को अतुलनीय बताते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक चेतना और पर्यावरणीय दायित्वों को बल मिलता है। डोली यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि एक चलती-फिरती प्रेरणा है। जो समाज को जोड़ने, जागरूक करने और सतत विकास की दिशा में प्रेरित करने का कार्य करती है। इस दौरान आमेश शर्मा, मनोज झा, रजत शर्मा, शाश्वत वशिष्ठ, रुद्राक्ष, चिरंतन, एडवोकेट वरुण चौधरी, नवीन दुबे, संजय वर्मा, इंद्रभूषण बडोनी, कैलाशपति मैठाणी आदि मौजूद रहे।



## लोक अदालत का आयोजन 10 को

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज प्रशांत जोशी की अध्यक्षता में हरिद्वार, रुड़की व लक्सर के न्यायालय परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर पूरे देश में 10 मई के राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। दूसरे शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के शमनीय मामले, चेक बाउंस, बैंक धन वसूली केस, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, लेबर वाद, पारिवारिक मामले, राजस्व वाद व अन्य प्रकार के मामलों का निस्तारण पक्षकारों की आपसी सहमति व समझौते के माध्यम से किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारित वादों की अपील का प्रावधान नहीं है।

# सुशासन कैंप में एचआरडीए ने स्वीकृत किए 294 नक्शे, 321 लाख की राजस्व हुई प्राप्ति

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण सुशासन कैंप के जरिए आवासीय और 75 वर्ग मीटर तक के व्यवसायिक नक्शे स्वीकृत कर रहा है। चार सुशासन कैंपों में अभी तक 294 नक्शे मौके पर ही स्वीकृत किए गए। इससे एचआरडीए को 321 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। सुशासन कैंप मई माह की विभिन्न तारीखों में आयोजित किए जा रहे हैं। सुशासन कैंप के चौथे चरण में सोमवार को भगवानपुर ब्लॉक आफिस और हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के हरिद्वार आफिस में कैंप आयोजित कर नक्शे स्वीकृत किए। सुशासन कैंप में अब तक 370 भवन मानचित्र आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 328 आवासीय तथा 42 व्यवसायिक श्रेणी के मानचित्र आवेदन आए। इनमें से 294 नक्शे स्वीकृत हुए। इनमें 256 आवासीय और 38 व्यवसायिक नक्शे स्वीकृत किए गए। हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस अंशुल सिंह लगातार सुशासन कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुशासन कैंप के जरिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कैंप लगाकर नक्शे स्वीकृत किए जा रहे हैं। इससे लोगों को भी नक्शे स्वीकृत कराने के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास करने में भी सहयोग मिल रहा है।

# हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने जीएसटी अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया

### पारदर्शिता के नियमों का पालन करने वाले व्यापारियों को परेशाना ना किया जाए: सुरेंद्र भटेजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन और जीएसटी अधिकारियों की रोशनाबाद स्थित जीएसटी कार्यालय में हुई बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। बैठक में हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा ने जीएसटी अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। सुरेंद्र भटेजा ने बताया कि व्यापारियों को प्रवर्तन दल द्वारा माल लेकर आ रहे वाहनों को जांच के नाम पर घंटों तक रोका जाता है। सभी बिल और अन्य कागजात पूरे हाने के बावजूद वाहनों को रोका जाना उचित नहीं है। भटेजा ने पूरी पारदर्शिता के साथ नियमों का पालन करने वाले व्यापारियों को परेशान ना किया जाए। व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं का समाधान भी कराया जाए। जीएसटी अपर आयुक्त एसआईवी पीएस डुंगरियाल, ज्वाइंट कमिश्नर एसआईवी आरएल वर्मा, डिप्टी कमिश्नर कार्तिकेय वर्मा ने समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक में एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा, कोषाध्यक्ष सुनील अरोड़ा, मंत्री संदीप भाटिया, रुपेश गोयल, सुरेश साहनी, अतुल गोयल, मनीष बत्रा, अभिषेक बाटला, अभिषेक अग्रवाल, दीपक कंसल, शशि मनचंदा, संजय खुराना, हरीश ढींगरा, गौरव गाबा, सागर आहूजा, अमित अरोड़ा, यश गोयल, शिव गोयल, श्रेय अरोड़ा, ज्वालापुर व्यापार मंडल अध्यक्ष पार्षद हरविंदर सिंह विक्की, रोहित, कंचन, शिवम कंसल आदि मौजूद रहे।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष सुनील सैनी ने की सीएम धामी से मुलाकात

### समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ रही सरकारः सुनील सैनी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष सुनील सैनी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। भेंटवार्ता के दौरान सुनील सैनी ने कहा कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से अपना दायित्व निभाएंगे। पिछड़ा वर्ग समाज के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए पूरी सक्रियता से कार्य करेंगे। सुनील सैनी ने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।


सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। साथ पार्टी संगठन को मजबूत करने में भी पूरे मनोयोग से योगदान देंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अड्डों पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है। पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने करारा सबक सिखाया है। भारतीय सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान आतंकवाद को प्रश्रय देने हिमाकत नहीं कर पाएगा।

## विवाहिता ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पति द्वारा तीन तलाक देने व जेठ पर दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कचनाल गाजी गड्ढा कालौनी निवासी अलीना पुत्री स्व. ताहिर हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 26 जून 2024 को ग्राम-अलहैपुर, थाना-धामपुर, बिजनौर निवासी सलमान पुत्र अजीज अहमद के साथ हुआ था। दहेज मे उसकी विधवा मां ने सभी सामान, ज्वैलरी समेत 50 हजार की नकदी दी थी। शादी में करीब 15 लाख रूपये खर्च हुए थे। आरोप लगाया कि शादी में सामान से पति सलमान, सास हाशमी, जेठानी गुलशन, रुखसार खुश नही थे तथा शादी के बाद से ही दहेज में कार दिलाने की मांग करते हुए उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। कहा कि 15 सितंबर 2024 जेठ फिरोज ने दुष्कर्म का प्रयास किया। कहा जब उसने यह बात पति, हाशमी, गुलशन को बताई तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की नियत से गला दबा दिया तथा अगले दिन घर से निकाल दिया। कहा कि इसके बाद उक्त लोग उसके मायके आये तथा दहेज में कार की मांग करते हुए उसके पति ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर तीन तलाक दे दिया।

# श्री अखंड परशुराम अखाड़े ने स्थगित की शोभायात्रा

### पाकिस्तानी गोलीबारी में नागरिकों व सेना के जवान शहीद होने पर लिया शोभायात्रा स्थगित करने का निर्णयः पंडित अधीर कौशिक



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े द्वारा भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में 11 मई को आयोजित की जा रही शोभायात्रा को स्थगित कर दिया गया है। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या किए जाने पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गयी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान द्वारा सीमा पर की गयी गोलीबारी में कई नागरिक व भारतीय सेना के जवान शहीद हो गए हैं। इसे देखते हुए शोभायात्रा को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा के स्थान पर 11 मई को मालवीय घाट ऋषिकुल घाट पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अखाड़े की और से देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना की जाएगी। पाकिस्तान में आतंकी अड्डों पर भारतीय सेना की कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में माकूल जवाब दिया है। कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को साफ संदेश दे दिया है कि आतंकवाद को कतई सहन नहीं किया जाएगा।

## राष्ट्र नीति संगठन ने शुरु किया जनसंपर्क

**अल्मोड़ा।** ग्राम पंचायत खूंट समेत तमाम गांवों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्र नीति संगठन ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरु कर दिया है। गुरुवार को संगठन से जुड़े सदस्यों ने क्षेत्र के धामस, खूंट, धारी, शीतलखेत समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क किया। संगठन अध्यक्ष एड. विनोद चंद्र तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत खूंट धामस सेनार चाण रौन डाल में कोसी नदी पर पुल बनाने, सड़क पर डामरीकरण करने, जीआईसी खूंट विद्यालय में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग कर रहे हैं। सरला देवी, निरंजन पांडे, हरीश पांडे, कृष्ण चंद्र पांडे, मनोज कुमार, रजनी देवी, अंजू देवी, त्रिलोक राम, बसंती देवी, राधा देवी, लक्ष्मी देवी, राजेंद्र प्रसाद, सौरव कुमार, सचिन कुमार, अशोक कुमार, भोपाल बिष्ट, विनोद कुमार आनंद सिंह भोज आदि मौजूद रहे।

# निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने किया पर्यटन विकास परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जमदग्नि का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ओमप्रकाश जमदग्नि को उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उत्तराखण्ड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा में शामिल ट्रेड यूनियन अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस,नगर पालिका मजदूर संघ, उत्तराखण्ड सफाई मजदूर संघ, उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ, पर्यावरण पर्यवेक्षक एकता परिषद के नेताओं और पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। मोर्चा पदाधिकारियों व नेताओं ने निकाय कर्मचारियों की लंबित चली आ रही महत्त्वपूर्ण समस्याओं की और ओमप्रकाश जन्मदग्नि का ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्यमंत्री से हल कराने का अनुरोध किया। ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि कर्मचारियों की जो भी न्याय संगत समस्याएं हैं। उनके संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता कराकर समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने मोर्चा नेताओं से समस्याओं के संबंध में ज्ञापन देने को भी कहा। जमदग्नि ने वरिष्ठ श्रमिक नेता सुरेन्द्र तेश्वर को पटका पहनाकर व श्रमिक नेता राजेन्द्र श्रमिक को डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारत सरकार द्वारा प्रकाशित पुस्तक देकर सम्मानित किया। स्वागत करने वालों में मोर्चे के मुख्य संयोजक श्रमिक नेता सुरेन्द्र तेश्वर, संयोजक राजेन्द्र श्रमिक, आत्माराम बेनीवाल, बीएमएस नेता प्रवीण तेश्वर, बलराम चुटेला, कुलदीप कांगड़ा, दीपक तेश्वर, प्रदीप खैरवाल, लोकेश चुटेला, राजेश खैरवाल, अजय कुमार, सन्नी कुमार, राहुल, विकास चंचल, एडवोकेट लक्ष्य कुमार, नवीन कुमार, कपिल चंचल, मुकेश कुमार, रोहित कुमार, अनिल चुटेला, शिवालिक नगर पालिका परिषद व हरिद्वार शाखा के अध्यक्ष नानकचंद पेवल, महामंत्री मनोज छाछर, सन्नी टांक, अजय, प्रवीण कुमार आदि शामिल रहे।

# आम आदमी की भाषा है हिंदीः डा. विशाल गर्ग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** हिंदी प्रोत्साहन समिति के पदाधिकारियों डा.पंकज कौशिक, कुलभूषण शर्मा और हेमंत सिंह नेगी ने हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए समाजसेवी डा.विशाल गर्ग को सम्मानित किया और हिंदी भाषा के प्रति जनजागरण व उत्थान के लिए चर्चा की।

इस अवसर पर डा.विशाल गर्ग ने कहा कि हिंदी प्रोत्साहन समिति की प्रदेश इकाई हिंदी भाषा को बढावा देने के लिए सतत प्रयास कर रही है। इसके लिए संस्था साधुवाद की पात्र है। हम सभी को अपने दैनिक जीवन व दिनचर्या मे अधिक से अधिक हिंदी भाषा को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी आम आदमी की भाषा है और बच्चों को संस्कार देने का कार्य करती है। हिंदी प्रोत्साहन समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा.पंकज कौशिक ने कहा कि हिंदी, भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक है। जो हमें हमारे समृद्ध इतिहास, साहित्य और परंपराओं से जोड़ती है। संस्था के प्रदेश महामंत्री कुलभूषण शर्मा व प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमंत नेगी ने कहा कि आमजन के सहयोग से सरकार द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के प्रयासों को गति देने की दिशा मे कार्य किया जा सकता है।

# पुलिस ने युवक को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। बुधवार देर रात को पुलिस ने रात्रि संघन चौकिंग के दौरान एक युवक को पदार्था से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम कृष्णा पुत्र बुद्ध सिंह निवासी दुर्गा गढ़ पथरी बताया है। आरोपी अवैध चाकू के बारे में कोई सन्तोष जनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गये अभियान में एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। युवक को न्यायालय में पेश किया गया है।

# हिंदी प्रोत्साहन समिति प्रदेश इकाई ने किया प्रो. सुनील कुमार बत्रा को सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी प्रोत्साहन समिति की प्रदेश ईकाई द्वारा शिक्षा व हिंदी भाषा के क्षेत्र मे किये गये कार्यो के लिए एसएमएजेएन कालेज के प्राचार्य प्रा.सुनील कुमार बत्रा को सम्मानित किया है। कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मान प्राप्त करते हुए प्रो.सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि हिंदी देश का स्वभिमान व देश के आम आदमी की बोलचाल की भाषा है। जिसके माध्यम से अपने विचारों व भावों को सरल शब्दों मे आमजन तक पहुचाया जा सकता है। उन्होंने कहा की इस सम्मान के वास्तविक हकदार कालेज प्रबंध समिति व कालेज के छात्र हैं। जिन्होंने उन्हें शिक्षा व हिंदी की सेवा करने का अवसर दिया। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें हिंदी भाषा की सेवा करने का अवसर अवसर मिला। इस सम्मान को वे कालेज प्रबंध समिति व छात्रों को समर्पित करते है। इस अवसर पर हिंदी प्रोत्साहन समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा. पंकज कौशिक ने कहा कि हिंदी हमारे दिलों मे बसती है। इसके माध्यम से हम सरलता से अपनी बात को आमजन तक पहुंचा सकते है। सभी को हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करने के लिये आगे आकर काम करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री कुलभूषण शर्मा व प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमंत नेगी ने कहा कि सरल व सहज भाषा हिंदी को अपनी दिनचर्या की भाषा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आमजन की ओर अधिक भागीदारिता की आवश्यकता है। जो जनसहयोग के बिना संभव नही है। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर डा.शिवकुमार चौहान, विनय थपलियाल, डा. मनोज कुमार सोही, वैभव बत्रा, डा. विजय शर्मा, एमसी पांडेय, विवेक उनियाल, प्रोफेसर जेसी आर्य आदि मौजूद रहे।



# अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील

### नैनीताल हिंसाः फरीद अहमद की राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग से न्यायिक जांच की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में एक आपराधिक घटना के बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ हुए उत्पीड़न को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता फरीद अहमद ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को एक विस्तृत शिकायत पत्र भेजा है। उन्होंने आयोग से स्वतंत्र न्यायिक या प्रशासनिक जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित अल्पसंख्यकों को न्याय एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

शिकायत पत्र के अनुसार, 30 अप्रैल को मल्लीताल थाना क्षेत्र में एक 73 वर्षीय व्यक्ति मोहम्मद उस्मान द्वारा 12 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस एकिकृत आपराधिक मामले के बाद कुछ हिंदूवादी संगठनों ने पूरे मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाते हुए शहरभर में सांप्रदायिक हिंसा भड़काई। फरीद अहमद ने अपने पत्र में बताया कि इस हिंसा के दौरान मुस्लिम व्यापारियों की दुकानों को चुनकर तोड़ा गया, लोगों को धार्मिक पहचान के आधार पर पीटा गया। जामा मस्जिद पर भीड़ ने हमला किया और मुस्लिम पुलिस अधिकारी तक को निशाना बनाया गया। यहां तक कि सामाजिक कार्यकर्ता शैला नेगी को भी विरोध करने पर अभद्र टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका द्वारा आरोपी मोहम्मद उस्मान के घर पर बुलडोज़र चलाने का नोटिस जारी करना कानून का उल्लंघन और सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइंस की अवहेलना है। इस पर बाद में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप कर कार्रवाई को अवैध ठहराया और प्रशासन को फटकार लगाई। फरीद अहमद ने स्पष्ट किया कि नैनीताल का मुस्लिम समाज आरोपी के अपराध की निंदा करता है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस घटना को सामूहिक दंड का आधार बनाना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। फरीद अहमद ने आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा से अपील की है कि वे मामले में त्वरित और प्रभावी हस्तक्षेप करें। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मसला नहीं, बल्कि यह भारत के संविधानिक मूल्यों, अल्पसंख्यक अधिकारों और लोकतांत्रिक संरचना की विश्वसनीयता से जुड़ा मुद्दा है। आयोग की कार्रवाई से भय का वातावरण समाप्त कर अल्पसंख्यकों में विश्वास बहाल हो सकता है।

# सेना ने दी पहलगाम में मरे लोगों को असली श्रद्धांजलि

■ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व सैनिक संगठन ने बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के बाद पुरे देश मे खुशी का माहौल है।जगह जगह सेना और देश के प्रधानमंत्री की जय जयकार की जा रही है।वही रामनगर में पूर्व सैनिक संगठन द्वारा भी सभी वीर नारियो और पूर्व सैनिको ने इस महत्वपूर्ण कार्यवाही के तहत मिठाईया बाँटी गयी।देश के प्रति अपना पूर्ण समर्पण और त्याग करनी वाली भारतीय सेना के लिए जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

पूर्व सैनिक संगठन के वरिष्ठ संरक्षक कैप्टेन हरगोविंद पाण्डेय द्वारा इस ऑपरेशन के लिए सेना और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।ब्लॉक प्रतिनिधि हवलदार चंद्रमो. हन मनराल द्वारा सेना की इस कार्यवाही को पहलगाम में हुए हमले की असली श्रद्धांजलि बताया। कैप्टेन मोहन सिंह खाती, कैप्टेन हरेंद्र बिष्ट और भगवत सिंह चौहान द्वारा इसे नये भारत की जीत और बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ की सफलता बताई। वही समिति के सचिव भुवन सिंह डंगवाल नें बताया ये जीत केवल सेना की नहीं बल्कि सरकार की कूटनीति और देश की विजय है।उन्होंने कहा कि अगर भविष्य मे सेना को पूर्व सैनिको की आवश्यकता होती है तो रामनगर पूर्व सैनिक संगठन सबसे आगे खड़ा होगा।

वहीं अन्य पूर्व सैनिको का कहना था की आज भारतीय सशस्त्र बलों की शौर्य, वीरता, पराक्रम की पुन. रावृति हुई है और हमारे सशत्र बलों ने ना केवल आतंकी संगठनों, उनके आकाओं और पाकिस्तान को बता दिया है कि यदि कोई हमारे साथ ऐसा दुर्व्यवहार करने की कोशिश करेगा तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।वही दूसरी ओर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत,भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबन्धु रावत,भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,भाजपा नेता गणेश रावत,पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत,पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी,पूर्व राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल, सभासद तनुज दुर्गापाल,पूर्व सभासद प्रतिनिधि डॉक्टर जफर सैफी समा. जसेवी आलोक गुसाई,कांग्रेस नेता ताईफ खान,युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लो. हनी,पूर्व राज्यमंत्री अमिता लोहनी,भाजपा नेता अजीज खान,भाजपा नेता अनवर मलिक,प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी, प्रधान हज्जन नरगिस,प्रधान प्रतिनिधि हेम चंद्र जोशी,प्रधान भगवती जोशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य धीरेंद्र चौहान,कांग्रेस नेता नजाकत अली आदि लोगों ने इस कार्यवाही की सराहना की है।

# डीएम ने की जल मिशन की समीक्षा

■ जिलाधिकारी ने पेयजल आपूर्ति को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिलाधिकारी नवनीत पांडे की अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन एवं वर्तमान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद में गर्मी के मौसम में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंताओं तथा जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ जल स्रोतों में कमी आई है या आपूर्ति बाधित हो रही है, वहाँ टैंकरों के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों एवं कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अलकेश नौडियाल, अधिशासी अभियंता जल संस्थान बिलाल यूनुस, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम वीके पाल सहित सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### थारू विकास भवन में महाराणा प्रताप जयंती आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वीर शिवाजी महाराणा प्रताप की जयंती थारू विकास भवन में आज 9 मई को हर्षोल्लास से संपन्न होगी। इसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नानकमत्ता के विधायक एवं थारू राणा परिषद संरक्षक गोपाल सिंह राणा ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही महाराणा प्रताप की जीवनी पर चर्चा होगी। एकता अखंडता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शिवाजी के दर्शाये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।

### ग्रीन किड्जी प्ले स्कूल का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपार सफलता के साथ ग्राम प्रतापपुर में भल्ला पुल के पास स्थित अपनी तीसरी शाखा ग्रीन किड्जी प्ले स्कूल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में उत्साह और सामुदायिक भावना का माहौल रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि उजाला हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉक्टर पंकज डाबर,चामुंडा हॉस्पिटल के एमडी यशपाल रावत और प्रबंध निदेशक ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिशुपाल सिंह रावत ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर नई शाखा का औपचारिक उद्घाटन किया।शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई।जो अंधकार को दूर करने,शिक्षा और ज्ञान की नई शुरुआत का प्रतीक है उन्होंने बताया कि क्षेत्र की महिलाओं ने कीर्तन भजन और सांस्कृतिक स्वरूप देकर कार्यक्रम को और ओर भव्य बना दिया। ग्रीन किड्जी प्ले स्कूल का शुभारंभ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन की शिक्षा के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस दौरान शिशुपाल सिंह रावत प्रबंध निदेशक ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल,गौरव रावत निदेशक ग्रीन फील्ड अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल,डॉ. पंकज डावर न्यूरोसर्जन,डॉ. यशपाल रावत चामुंडा हॉस्पिटल के एमडी,कंचन बिष्ट ग्रीन फील्ड अकादमी की प्रिंसिपल, रचना कंडारी ग्रीन फील्ड अकादमी की प्रभारी,ग्राम प्रधान मदन राम ,क्षेत्र पंचायत सदस्य सरदार बलविंदर सिंह, विजेंद्र सिंह रावत,मुकेश कुमार आर्य,हरीश मालगुडी,मंजू नेगी,सावित्री रावत, कमल मनराल,विमला नेगी, अंजलि,रेखा रावत,हेमंती देवी, रेनू,पूरन सिंह बोरा सरदार ज्ञान सिंह, मदन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

### शाखा इकाई की वार्षिक बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज मालधनचौड में शाखा इकाई की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता ब्लाक उपाध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ मौ० अजीम सैफी द्वारा की गयी और संचालन शाखा अध्यक्ष रमेश चन्द्र द्वारा किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज मालघनचौड शाखा की वार्षिक बैठक का आयोजन माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी जिसमें मुख्य समस्या शिक्षकों की समय पर पदोन्नत्ति, ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध भी किया गया। बैठक में ब्लाक उपाध्यक्ष गौ० अजीम सैफी द्वारा हाल ही में अन्तर्मण्डलीय तबादले करने पर शिक्षा निदेशक डा० मुकुल सती का आभार व्यक्त किया।बैठक में पुरानी शाखा इकाई को भंग कर नई शाखा इकाई का गठन किया गया। नई शाखा इकाई में रमेश चन्द्र को पुन: शाखाध्यक्ष की कमान सौपी गयी शाखा मंत्री पूर्ण सिंह विष्ट, उपाध्यक्ष उपेन्द्र दिक्षित, उप मत्री महताब तबस्सुम, महिला उपाध्यक्ष सरिता पंवार और कोषाध्यक्ष अजय सिंह को चुना गया। ब्लाक उपाध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ मौ० अजीम सैफी द्वारा नई कार्य कारणी को बधाई दी गई और शाखा इकाई को मजबूत करने पर जोर दिया गया बैठक के अंत में शाखा इकाई के में पूर्व कोषाध्यक्ष महातम यादव के पिता की आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शान्ति के लिए प्राथना की गयी।इस दौरान बैठक में ब्लाक उपाध्यक्ष मौ. अजीम सैफी, प्रवक्ता महेश पाठक, राजेन्द्र शर्मा, रूपा विष्ट, प्रनाद शेठठी, अशोक माजिला, मो. रिजवान, महताब तबस्सुम, डा०शकील हुसैन, पूर्ण सिह विष्ट रमेश चन्द्र, उपेन्द्र दिक्षित, संजय वत्सल, अजय सिंह, वन्दना किरौला आदि मौजूद रहे।

### अमेजन फ्रेश में मिलेगी बड़ी बचत और सुपरफास्ट डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सूरज की तपिश बढ़ने के साथ, सीजन के बेस्ध्ट डिलाइट्स से अपनी कार्ट और अपनी बचत को बढ़ाएं। फिर बात चाहे रसीले, फार्म-फ्रेश आम का स्ध्टॉक जमा करने की हों या आपके मपनपसंद स्नैक्स के साथ आईपीएल मैच का लुत्ध्फ उठाने की, अमेजॅन फ्रेश सीधे आपके घर पर 2 घंटे में सुपर फॉस्ध्ट डिलीवरी एवं विश्वसनीय और स्ध्लॉटेड डिलीवरी सुविधा के साथ अल्ध्टीमेट सीजनल बचत प्रदान करता है। वीकली सुपर वल्यू डेज के साथ, हर शुक्रवार से रविवार तक ग्राहक किराने के सामान पर बड़ी बचत के साथ शानदार डील और वैल्ध्यू ऑफर का आनंद उठा सकते हैं। अमेजन फ्रेश द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए मैंगो स्टोर से आम की 10 से ज्यादा किस्मों, मिठाइयों, कैंडीज, ड्रिंक्स और अन्ध्य पर बड़ी बचत पाएं। अमेजन फ्रेश पर कोका कोला और हेरिटेज द्वारा प्रायोजित, क्रिकेट रेडी स्टोर मैच के हर दिन के लिए एक डेडिकेटेड स्नैकिंग डेस्टिनेशन प्रदान करता है। ग्राहक इन गर्मियों में क्वालिटी वॉल्स, नेस्कैफे, रियल, कोका कोला, मिल्की मिस्ट, प्लक, लेज जैसे शीर्ष ब्रांड पर 40 प्रतिशत तक की और आइसक्रीम पर 50 प्रतिशत तक की छूट भी पा सकते हैं।

### दो दिवसीय अधिवेशन में थारू राणा परिषद संरक्षक मंडल प्रतिभाग करेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पश्चिमी चंपारण बिहार के कढरवा में होने वाले दो दिवसीय अखिल भारतीय थारू महासभा के अधिवेशन में जनजाति बाहुल्य क्षेत्र खटीमा से 10 सदस्य प्रतिनिधिमंडल जाएगा। जो अधिवेशन में प्रतिभाग कर थारू जनजाति की समस्याओं के समाधान एवं संगठन को मजबूत बनाने का सुझाव देंगे। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा एवं थारू राणा परिषद अध्यक्ष दान सिंह राणा की देखरेख में जाने वाले प्रतिनिधि मंडल में परिषद का संरक्षण मंडल 11 व 12 मई को होने वाले महा अधिवेशन में प्रतिभा करेंगे।

# सीओ ने किया नैनी सैनी एयरपोर्ट का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद की भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, जो कि अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से घिरा हुआ है, सुरक्षा की दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील श्रेणी में आता है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी पिथौरागढ़ गोविन्द बल्लभ जोशी द्वारा नैनी सैनी एयरपोर्ट का सुरक्षा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया, जिसमें टनल, रनवे, एंट्री पॉइंट, एग्जिट पॉइंट सहित समस्त महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

गोविन्द बल्लभ जोशी द्वारा एयरपोर्ट पर तैनात समस्त कर्मचारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन चेकिंग किए जाने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के समय एयरपोर्ट सुरक्षा प्रभारी निरीक्षकश्वेता दिगारी, थानाध्यक्ष जाजरदेवल प्रकाश पांडे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण एवं सतर्कता अभियान जारी रहेंगे।

# पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता ।** पुलिस ने नगर में बहारी लोगों को चिन्हित करने को सत्यापन अभियान चलाया इस दौरनঘ पुलिस की टीम ने नगर के सभी मार्गों पर पैदल घूमकर नगर में बहारी लोगों की जानकारी को परखा।

गुरुवार को उच्चाधिकारीयो के निर्देशन में बहारी, एवं संदिग्ध लोगों के विरुद्ध चलाये जा रहे सत्यापन अभियान के तहत नानकमत्ता थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने राजस्व विभाग के लोगों के साथ मिलकर नगर में संदिग्ध एवं बहारी लोगों को चिन्हित करने को सत्यापन अभियान चलाया इस दौरनঘ पुलिस की टीम ने नगकराये।सभी मार्गों पर पैदल घूमकर नगर में बहारी लोगों की जानकारी को परखा तथा नगर में किराये पर बिना पुलिस सत्यापन के रहने वाले लोगों के संबध में जानकारी जुटाई । बता दे कि पहलगाम में हुई घटना के बाद से स्थानीय घ्प्रशासन पूरी तरह से आम जन की सुरक्षा को लेकर अलर्ट हो गया हैं, पुलिस बाहरी लोगों तथा उनके नगर में बिना सत्यापन के रहने पर कारवाई करती दिखाई दे रही है। तथा स्थानीय पुलिस द्वारा नगर के लोगों व मकान के मालिकों को भी सतर्क किया हैं कि किसी भी अन्जान या बाहरी व्यक्ति को बिना पहचान के घर व कमरा किराये पर ना दे तथा किरायेदार रखने से पहले उसका पुलिस सत्यापन अवश्य कराये ।टीम में नगर कस्वा इंचार्ज उप निरीक्षक सुनील कुमार,उप निरीक्षक किर्ती भट्ट, राजस्व निरीक्षक अजय शर्मा, सिपाही विधा सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलायेगी:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सम्भल के रहने वाले, चोरी करने को चुना हल्द्वानी

## मुखानी पुलिस और एसओजी ने पकड़े दो शातिर चोर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में बीते माह हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की नीयत से एक बार फिर हल्द्वानी आए थे, लेकिन इस बार पुलिस ने उन्हें वारदात से पहले ही दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। दोनो शातिर चारों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया। गुरुवार को बहुउद्देशीय भवन में चोरी का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि मुखानी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने आरटीओ कार्यालय के पास से महेंद्र पाल पुत्र लखपत पाल और रामभरोसे पुत्र सूखे कश्यप को गिरफ्तार किया। पकड़े गए महेंद्र पाल मूलरूप से तिलकनगर, नई दिल्ली का निवासी है और वर्तमान में अकरोली बनियाढेर, चंदौसी संभल, उत्तर प्रदेश में रह रहा है। जबकि उसका साथी रामभरोसे भी संभल जिले का ही रहने वाला है। बताया जा रहा कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बीते 17-18 अप्रैल की रात कमलुवागांजा स्थित रिवरवैली गेट नंबर दो निवासी कमला भंडारी के घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को उस समय अंजाम दिया जब पूरा परिवार पिथौरागढ़ में एक पारिवारिक समारोह में गया हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किया गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। बताया जा रहा कि महेंद्र पाल के खिलाफ दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर कुल 22 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि रामभरोसे पर 34 मुकदमे चल रहे हैं। पुलिस ने दोनो शातिर चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। गुडवर्क करने वाली टीम में मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता, एसआई वीरेंद्र चंद, हेड कांस्टेबल इसरार (सीसीटीवी), कांस्टेबल बलवंत, धीरज सुगड़ा, सुनील आगरी, अनूप तिवारी, रविंद्र खाती, रोहित, चंदन, अरविंद, राजेश बिष्ट शामिल रहे।

### युवक के अपहरण का आरोप

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने उसके बेटे के अपहरण का आरोप लगाते हुए मुखानी पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तल्ली बमौरी निवासी पीड़ित पिता गिरीश चंद्र ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि दो युवक उनके 27 वर्षीय बेटे को बहला-फुसलाकर फरीदाबाद ले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने बेटे को कॉल किया, तो कपिल और आलोक नामक युवक फोन पर गाली-गलौज करने लगे और धमकियां भी दीं। उन्होंने आशंका जताई कि उनके बेटे को किसी रंजिश के चलते उठाया गया हो सकता है। अनहोनी की आशंका को देखते हुए गिरीश चंद्र ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कपिल और आलोक के खिलाफ अपहरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है और मोबाइल सर्विलांस के जरिए युवक की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। मामले की गहनता से तफ्तीश की जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद नैनीताल जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

### पर्यटक और संवेदनशील स्थलों पर बढ़ाई गई चौकसी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भारतीय सेना द्वारा (ऑपरेशन सिंदूर) के तहत की गई एयर स्ट्राइक के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था को सतर्क किया गया है। इसी क्रम में नैनीताल जिले में भी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है। जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों, नैनीताल, भीमताल, रामनगर सहित संवे. दनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र बल) की तैनाती कर दी गई है। सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है, जबकि हाईकोर्ट परिसर जैसी अति संवे. दनशील जगहों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ज्ञात हो कि लगभग 15 दिन पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इसके बाद देशभर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठी थी। इसी के तहत मंगलवार-बुधवार की रात भारतीय सेना और सशस्त्र बलों ने पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर सफल एयर स्ट्राइक कर नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के बाद उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ ने कुमाऊं मंडल के आईजी को अलर्ट मोड में रहने और सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के निर्देश दिए। नैनीताल जिले के एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि जिले में विशेष फोर्स के साथ-साथ 80 से अधिक पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों और आम नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं।

# बेटी की शादी का कर्ज, पिता ने दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बेटी की शादी के कर्ज में डूबे एक पिता ने घर में फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। आनन फानन में परिजनों द्वारा उन्हें लालकुआं के एक अस्पताल लाया गया जहां से उन्हें सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गुरूवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार लालकुआं के घोड़ानाला स्थिति बंगाली कालोनी निवासी 42 वर्षीय जीवन दास लालकुआं पेपर मिल में ठेका प्रथा पर श्रमिक थे। गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे जीवन दास ने कमरे में फांसी का फंदा लगा कर लटक गया। जब पत्नी कमरे में आई तो पति को फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। घर से निकली चिखपुकर उनकर आस उनकी बेटियों व आसपास के लोग एकत्र हो गए और लोगों ने तुरंत जीवन को फांसी के फंदे से उतारा। जिसके बाद उन्हें तुरंत लालकुआं के अस्पताल लाया गया। जीवन की हालत नाजुक देख उसे चिकित्सकों ने सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। सुशीला तिवारी में मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जीवन की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उनकी छह बेटियां हैं, जिसमें एक बेटी की शादी कुछ समय पहले हुई है। बेटी की शादी के लिए पति ने लोगों से कर्ज लिया था। वह धीरे-धीरे लोगों का कर्ज चुका रहे थे। कर्ज ज्यादा होने पर पति तनाव में रहने लगे थे और हर बार कर्ज की बात कहते थे। कर्ज के चलते उन्हें फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# राइंका पतलोट में योग शिविर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की श्रृंखला में पीएम श्री शहीद बहादुर सिंह मटियाली अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज, पतलोट में दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 160 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के शारी. रिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराना था। योग शि. विर का संचालन डा. तनुजा मेहता द्वारा किया गया, जिन्होंने अष्टांग योग, योग की विशेषताएं, दैनिक जीवन में योग के प्रभाव और दुष्प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। योग प्रतियोगिता में मंजू बुनियाल ने प्रथम, बबीता आर्य व नेहा त्रिपाठी ने द्वितीय, त्रिलोचन भट्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 की मोनिका मटियाली ने प्रथम, दिनेश खोलिया व चंदू त्रिपाठी ने द्वितीय, और रश्मि पनेरु तीसरे स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रियांशी मटियाली को प्रथम, अंकित मटियाली को द्वितीय तथा लतिका मटियाली तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर फार्मेसी अधिकारी भानु प्रकाश सिंह, योग अनुदेशक रमेश सिंह, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष शाह सहित समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

### व्यक्ति ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक 42 वर्षीय दिनेशपुर निवासी सुनील ने बीते बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सुनील की हालत बिगड़ती देख परिजन उसे आनन फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल लाए। सुनील ने देर रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# आवासीय हॉस्टल सुधारने पर जोर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय हॉस्टल की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक एसडीएम रामनगर प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्राप्त विभिन्न मदों की धनराशि के उपयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा हॉस्टल संचालन के लिए आवश्यक मानवीय एवं भौतिक संसाधनों की व्यवस्था, गर्मियों के दृष्टिगत बच्चों के लिए वाटर कूलर की सुविधा, पुस्तकालय की स्थापना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विभिन्न गतिविधियों के संचालन पर भी अहम निर्णय लिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक दक्षता आधारित कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, ताकि छात्र भविष्य में रोजगारोन्मुखी कौशल भी अर्जित कर सकें। बैठक के उपरांत एसडीएम सहित समिति के अन्य सदस्यों ने हॉस्टल में रह रहे बच्चों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान बच्चों ने अपनी पढ़ाई और हॉस्टल व्यवस्था से संबंधित अनुभव साझा किए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी भारत भूषण जोशी, जिला समन्वयक रविंद्र कुमार तिवारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज तिवारी, हॉस्टल वार्डन सीमा आर्य, मदन कुमार शिल्पकार, अरविंद कुमार शर्मा, कमलकांत पांडे, विक्रांत कुमार, संजीव कुमार, रितेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने सीखी प्राथमिक चिकित्सा की तकनीक

### सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यशाला आयोजित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को स्वयंसेवकों की भूमिका के प्रति जागरूक करते हुए प्राथमिक उपचार, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता जैसी आवश्यक प्रक्रियाओं का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा। रेडक्रॉस प्रभारी विपिन चंद्र पांडे ने कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 8 मई को रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट के संस्थापक हेनरी ड्यूनैंट की जयंती के रूप में यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रेड क्रॉस प्रभारी विपिन चंद्र पांडे, प्रधानाचार्य डा. प्रवींद्र कुमार रौतेला, शिक्षिका नीमा पांडेय, ऋचा कर्नाटक और बीसी सती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में कक्षा 10 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, फ्रैक्चर व चोट जैसी स्थितियों में की जाने वाली आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डा. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस करुणा, स्वयंसेवा और ज़रूरत के समय मदद करने के मूल्यों को याद करने का दिन है, और छात्रों को इसे आत्मसात कर समाज के लिए योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सात्विक रौतेला और राधिका ठठोला ने किया। इस मौके पर प्रदीप मित्रा, हेमा तिवारी, आईडी जोशी, प्रकाश शर्मा, एसएस कपकोटी, पुष्कर सिंह राजपूत, तुलसी शर्मा, वीएस बजेठा, भूमिका तिवारी, कोमल बिष्ट, त्रिभुवन जोशी समेत शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मेधावियों का सम्मान

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के दौलाघट में गुरुवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि और आयोजक जीवन सिंह तड़ागी ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए व हमेशा तत्पर रहेंगे और भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान दौरान इंटर कॉलेज दौलाघट, गोपेश्वर बाल निकेतन, राजकीय बालिका कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज ओडला के मेधावियों को मेडल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# कालाढूंगी में सरकारी जमीन खुर्दबुर्द कर रहे बेखौफ भू-माफिया



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** ग्राम पूरनपुर तहसील कालाढूंगी में भू-माफियाओं द्वारा सरकारी बंजर भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने इस संबंध में एसडीएम कालाढूंगी को ज्ञापन सौंपते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। यूकेडी ने ज्ञापन देते हुए कहा कि ग्राम पूरनपुर की खसरा संख्या 78/1, मध्य रखवा 1.060 हेक्टेयर भूमि, जो कि नदी-नालों की श्रेणी में आती है, उस पर भूमाफियाओं द्वारा राजस्व विभाग की मिलीभगत से पक्की सीमेंट की सड़क बना दी गई है। इसके अतिरिक्त उक्त भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही है, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। सुशील उनियाल ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते सरकारी जमीन पर इस प्रकार का अवैध कब्जा संभव हो पाया है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित भूमि को भू-माफियाओं से मुक्त कराए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो उत्तराखंड क्रांति दल जन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 677/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 22.04.2025 द्वारा निविदा संख्या 03, 04, 05, 06, 07/25-26, जिनके निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि 07.05.2025 व निविदा खुलने की तिथि 08.05.2025 है को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब उक्त निविदा के पुनः विक्रय की तिथि 15.05.2025 एवं निविदा खुलने की तिथि 16.05.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। अन्य नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : /वि०वि०ख०ब० दिनांक : 08.05.2025 अधिशासी अभियंता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

# सितारगंज से नैनीताल लाए जा रहे 42 सिलेंडर जब्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिलाधिकारी वंदना सिंह और जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन के निर्देश पर नैनीताल में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र कुमार भट्ट के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में सितारगंज से नैनीताल लाए जा रहे वाहन संख्या 06 सीए-8822 से कुल 42 अवैध व्यवसायिक सिलेंडर के कोई भी वैध दस्तावेज मौके पर उपलब्ध न होने पर प्रथम दृष्टया गैस की कालाबाजारी का प्रकरण प्रकाश में आने पर इन्हें मौके पर जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया। इस दौरान इस वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस की सुपुर्दगी में देकर पुलिस द्वारा मौके पर इस वाहन के चालक मोहन बृजवासी और डिलीवरी बॉय धीरज कुमार जो कपनी की ड्रेस में भी नहीं थे को गैस की कालाबा. जारी करने पर गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार बीरवार को पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र भट हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहे थे उन्हें हनुमानगढ़ी के पास एक वाहन व्यवसायिक सिलेंडर नैनीताल की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। वाहन के बाहर से किसी भी कम्पनी का लोगो/पेंट नहीं दिखाई देने पर मामला संदिग्ध होने पर इसकी सूचना क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट को दी गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने इसकी सूचना तत्काल थानाध्यक्ष तल्लीताल नैनीताल रमेश सिंह बोरा को दी गई।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर (अनुराग चौक के पास), देहरादून - 248006.
Phone No/Fax. 0135 2532509 Email Id.eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 561/ निविदा सूचना / 2025-26 दिनांक : 08.05.25
"जल संचय जीवन संचय"

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबंधक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद देहरादून की अनुरक्षण खण्ड शाखा के विकासखण्ड विकासनगर में हरबर्टपुर इकाई के अन्तर्गत हरबर्टपुर नगरीय पेयजल योजना में पाइप लाईन विस्तार एवं तत्सम्बन्धित कार्य हेतु शाखा में पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक 24.05.2025 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय / सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 23.05.2025 सांय 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

| क्र. सं. | इकाई का नाम | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | हरबर्टपुर इकाई | हरबर्टपुर इकाई के अन्तर्गत हरबर्टपुर नगरीय पेयजल योजना में पाइप लाईन विस्तार एवं तत्सम्बन्धित कार्य । | 30020.00 | 1500.00+ 18%GST | डी० एवं उच्चत्तर | 02 माह |

नोट- निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**अधिशासी अभियन्ता**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर, जनपद-हरिद्वार।**
ई-मेल:- eonp.sultanpuradhampur@gmail.com

पत्रांक:- 59/2025-26 सार्व0नी0सू0 दिनांक: 08/05/2025

**'सार्वजनिक नीलामी सूचना'**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर में दैनिक तहबाजारी लगाये जाने हेतु नीलामी दिनांक:- 15/05/2025, अपराहन 2 बजे नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर कार्यालय में की जायेगी। इच्छुक फर्म/ठेकेदार/व्यक्ति 1000 रु शुल्क जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त धनराशि वापस नहीं की जायेगी।

नीलामी से सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर
हरिद्वार।

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर
हरिद्वार।

**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय टिहरी गढवाल नई टिहरी**
मूल वाद सं०-01 सन-2025
**याची-** श्रीमती सपना पत्नी अमित निवासी ग्राम कंगसाली, पट्टी रैका, तहसील प्रतापनगर, टिहरी गढवाल हाल मायका ग्राम ढुंग, पट्टी ढुगंमन्दार, तहसील घनसाली, जिला टिहरी गढवाल।
**बनाम**
**रेस्पोडेन्ट-** अमित पुत्र महावीर निवासी ग्राम कंगसाली, पट्टी रैका, तहसील प्रतापनगर, टिहरी गढवाल।
**नोटिस बनाम-** अमित पुत्र महावीर निवासी ग्राम कंगसाली, पट्टी रैका, तहसील प्रतापनगर, टिहरी गढवाल।
चूंकि प्रार्थिनी/याची ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय मे अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत वास्ते विवाह विच्छेद चाहने हेतु वाद पेश किया है जो दर्ज रजिस्टर्ड होकर वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 10 माह 06 सन-2025 को नियत है यदि आपको याची के विवाह विच्छेद की याचिका मे कोई आपत्ति हो तो आप दिनांक 10 माह 06 सन-2025 को 10:30 बजे सुबह इस न्यायालय में उपस्थित आकर अपनी लिखित आपत्ति या अनापत्ति पेश करें, आपके उपस्थित न आने पर याची के विवाह विच्छेद की याचिका में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 05 माह 05 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**आज्ञा से**
**प्रबन्धक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय**
**टिहरी गढ़वाल**

**न्यायालय कुटुम्ब न्यायाधीश टिहरी गढवाल, नई टिहरी, उत्तराखण्ड।**
मूल वाद संख्या-22 सन-2025
राजेश कुमार
**बनाम**
श्रीमती पूजा व अन्य
**समन बनाम-** प्रतिवादी-1. श्रीमती पूजा पत्नी राजेश कुमार, वर्तमान में लिव इन रिलेशनशिप में निवासरत राजकुमार मेघवाल पुत्र श्री बृजमोहन मेघवल निवासी-मोरपा झोपडिया मोहल्ल मोरपा, जिला-कोटा, राजस्थान।
2. श्री राजकुमार मेघवाल पुत्र श्री बृजमोहन मेघवल निवासी-मोरपा झोपडिया मोहल्ल मोरपा, जिला-कोटा, राजस्थान।
चूँकि याची राजेश कुमार द्वारा आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध उपरोक्त दीवानी मूल वाद इस न्यायालय में वास्ते याची राजेश कुमार एवं प्रतिवादिनी संख्या-1 श्रीमती पूजा के मध्य हुये विवाह दिनांक 13-12-2015 को विवाह विच्छेद की डिक्री द्वारा रद्द घोषित किये जाने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसमें सुनवाई/जबाबदावा हेतु दिनांक 30-05-2025 की तिथि नियत की गयी है। यदि आप प्रतिवादीगण को अपनी ओर से उपरोक्त वाद में कोई भी जवाबदावा प्रस्तुत करना हो तो उपरोक्त तिथि को स्वयं अथवा बजरिये अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर देवें अन्यथा उपरोक्त वाद में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
आज दिनांक 30-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।
**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय**
**टिहरी गढ़वाल**

**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

1. सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम 1999 और सीईआरसी (टैरिफ की शर्तें और नियम) विनियम 2019 के विनियम-86 के तहत अनुमोदन i) 2019-24 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का सही निर्धारण और ii) 2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का निर्धारण याचिका-1: परिसंपत्ति के लिए: भादला सब-स्टेशन पर 500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी-8 के साथ-साथ संबद्ध 400 केवी और 220 केवी बे के तहत **"उत्तरी क्षेत्र में भादला पूलिंग स्टेशन योजना में 1x500 एमवीए. 400/220 केवी आईसीटी (8वें) के कार्यान्वयन"।**

2. **उपरोक्त पारेषण प्रणालियों के लाभार्थी हैं:** (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लि. (ङ) हरियाणा विद्युत क्रय केंद्र (च) जम्मू एवं कश्मीर विद्युत निगम लि. (छ) उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लि. (ज) बीएसईएस यमुना पावर लि. (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लि. (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि. (ड) उत्तर मध्य रेलवे (न) नई दिल्ली नगर पालिका परिषद. (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (प) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लि.

3. **टैरिफ विवरण:**

क) 2019-24 ब्लॉक (रुपए लाख में)

| परिसंपत्ति विवरण | डीओसीओ | 31.03.2024 तक पूर्णता लागत | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 31.03.2023 | 2726.47 | एएफसी अनुमोदित | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.69 | 748.24 |
| | | | ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित ए.एफ.सी. | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.70 | 675.67 |

ख) 2024-29 ब्लॉक (रुपए लाख में)

| परिसंपत्ति विवरण | 31.03.2029 तक पूर्णता लागत | | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 4386.33 | एएफसी | 717.48 | 851.12 | 888.44 | 881.17 | 875.01 |

4. इस नोटिस और टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergrid.in** पर प्रकाशित की गई है।

5. आवेदन में निहित टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, तो लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष दायर की जानी चाहिए, जिसकी एक प्रति आवेदक को अपने कॉर्पोरेट कार्यालय "सौदामिनी", प्लॉट नंबर 2, सेक्टर -29, गुरुग्राम - 122001 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जा सकती है।

स्थान: गुरुग्राम हस्ता./-
दिनांक: 02.05.2025 वरिष्ठ महाप्रबंधक (नियामक प्रकोष्ठ)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
निगमित कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट सं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001, (हरियाणा), फोन नं. : 0124-2571700-719
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016, फोन नं. : 011-26560112, 26560121
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-229/Advt-296/2025-26/Vermmillion



## 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में राष्ट्रगान बजा

● **महेन्द्र सिंह धोनी सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेटकीपर, ब्रेविस ने 1 ओवर में 30 रन बनाए**

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 57वें मैच में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा।

नूर अहमद ने 1 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बना दिए। चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपने 5 हजार रन पूरे कर लिए। रहाणे ने चेन्नई के खिलाफ 48 रन बनाए। इसी के साथ उनके 5 हजार रन पूरे हो गए। उनके अब 197 मैच में 5017 रन हो गए। वे आईपीएल में 5 हजार रन बनाने वाले 9वें ही खिलाड़ी बने।

रवींद्र जडेजा ने कोलकाता के खिलाफ 1 विकेट लिया। इसी के साथ उनके आईपीएल में सीएसके के लिए 141 विकेट हो गए। वे चेन्नई के टॉप विकेट टेकर बन गए। उन्होंने ड्वेन ब्रावो का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 140 विकेट हैं। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में मैच से पहले राष्ट्रगान बजा। आईपीएल में मैच से पहले आमतौर पर नेशनल एंथम नहीं बजाया जाता, लेकिन आर्मी के सम्मान में बुधवार को ऐसा किया गया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था, तब खिलाड़ियों ने मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया था। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने पारी के 8वें ओवर में 2 विकेट निकाले। उन्होंने पहली गेंद पर सुनील नरेन को विकेटकीपर एमएस धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया। फिर चौथी गेंद पर अंगक्रिष रघुवंशी को धोनी के ही हाथों काट बिहाइंड भी करा दिया। नूर ने मैच में 4 विकेट लिए। सीएसके के मिडिल आर्डर बैटर डेवाल्ड ब्रेविस ने दूसरी पारी के 11वें ओवर में 30 रन बटोर लिए। उन्होंने वैभव अरोड़ा के खिलाफ ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने 22 गेंद पर ही अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। यह ब्रेविस के आईपीएल करियर की पहली ही हाफ सेंचुरी रही।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में अपनी मजबूत पकड़ बनाने उतरेगी

● **लखनऊ पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी, लखनऊ 11 मैचों में 5 जीत के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है**

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार चार जीत और विराट कोहली की शानदार फॉर्म से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल 2025 के 59वें मैच में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ प्लेऑफ में अपनी पकड़ मजबूत बनाने मैदान में उतरेगी। कल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी। लखनऊ 11 मैचों में पांच मैचों में जीत के साथ तालिका में दस अंक के साथ सातवें पायदान पर है। टूर्नामेंट में आरस. ीबी की बल्लेबाजी शानदार रही है और उसके धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने लगातार चार अर्द्धशतक लगाकर बेहतर फार्म में दिख रहे हैं। जैकब बेथेल, टिम डेविड और विस्फोटक रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ियों के दमदार समर्थन के साथ, मेहमान टीम के पास एक गहरी और बेहतरीन बल्लेबाजी क्रम है। ऐसा माना जा रहा है कि आरसीबी की जीत की संभावना लखनऊ से थोड़ी अधिक है और वे लगातार पांचवीं जीत हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेंगे। अगर उन्हें इस मुकाबले में जीत हासिल होती है तो उनके प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत होंगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की हाल के हफ्तों में अभियान की गति कम हुई है। मध्य सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद मेजबान टीम लगातार तीन हार का सामना कर चुकी है। उनका गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफल रहा है उनके गें. दबाजों ने अधिक रन दिये है तथा स्टार बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की कमी है। लखनऊ टीम की अगुआई कर रहे ;षभ पंत बल्ले से संघर्ष कर रहे हैं इसके अलावा निकोलस पूरन, डेविड मिलर तथा आयुष बदोनी जैसे खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को मैच विजयी योगदान में बदलने में विफल रहे हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर आवेश खान और मयंक यादव महंगे रहे हैं, जबकि दिग्वेश लसह राठी ने कभी-कभार विकेट लेने के बावजूद उनकी एकरूपता कमी देखी गई है। वहीं आरसीबी की गेंदबाजी इकाई अधिक संतुलित दिखाई देती है। जॉश हेजलवुड की जगह लेने वाले लुंगी एनगिडी ने अपने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और स्पिनर क्रुणाल पांड्या बीच के ओवरों में रनों पर रोक लगाने और विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। इस सीजन में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रहा है और यहां की पिच ने बल्ले और गेंद के बीच संतुलित मुकाबला पेश किया है। पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों को अधिक सफलता मिली है, उन्होंने इस स्थल पर खेले गए पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### रावलपिंडी में होने वाला पीसीएल मैच रद्द

**रावलपिंडी, वार्ता।** भारत के ड्रोन अटैक के बाद रावलपिंडी में गुरुवार को कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच होने वाला मैच कैंसिल कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने एक पूर्व क्रिकेटर के हवाले से लिखा कि विदेशी खिलाड़ी गहरे सदमे में हैं। कई खिलाड़ी अब जल्द से जल्द देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी ने लिखा कि पाक क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पीसीएल के बचे हुए मैच कराची, दोहा और दुबई में शिफ्ट करने की सलाह दी है। पीसीबी सरकार से सलाह-मशविरा करने के बाद कोई फैसला लेगा। आपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई में भारत का एक ड्रोन रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गिरा, इससे स्टेडियम के क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि पाक सरकार ने इसे आसमानी बिजली बताया है। रात 8:30 बजे से होना था कराची-पेशेवार मैच कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच का मुकाबला रात 8:30 बजे खेला जाना था। कराची की टीम पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है। जबकि पेशेवर की टीम 5वें स्थान पर है।

#### खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ना गर्व की बात: पंकज

**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि वह अपने राज्य बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़े हैं। मशहूर अभिनेता और बिहार का गर्व, पंकज त्रिपाठी, अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ गए हैं। यह बिहार में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन है, जिसमें देशभर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। हाल ही में हुये उद्घाटन समारोह को उसकी भव्यता के लिए सराहा गया है और पंकज त्रिपाठी को बिहार का प्रेरणास्त्रोत चेहरा बनाकर आमंत्रित किया गया है। बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा खेल महोत्सव बन गया है। देश के कोने-कोने से युवा खिलाड़ी यहां आकर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

## मैंने अभी भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया: धोनी

■ **आईपीएल से संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं जुलाई में 44 साल के हो जाएगें**

**मुंबई, वार्ता।** एमएस धोनी ने बुधवार को सीएसके और केकेआर मैच के बाद कोलकाता में साफ कर दिया कि उनका अभी आईपीएल से संन्यास लेना तय नहीं है और समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। इस सीजन के खत्म होने के बाद उनकी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं। धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया इस मैच में सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए थे। चेन्नई ने 2 गेंद शेष रहते ही 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बना लिए। धोनी ने इस मैच में नाबाद 17 रन बनाकर चेन्नई को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

धोनी की फिटनेस को लेकर फ्लेमिंग ने दिया था बयान चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की फिटनेस को लेकर लगातार 2 हार के बाद अपडेट दिया था। उन्होंने बताया कि धोनी के घुटने पहले जैसे नहीं रहे और इसी वजह से वे 10 ओवर तक लगातार भाग कर बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। इसी कारण मुकाबले के अनुसार उनकी बैटिंग पोजिशन का फैसला किया जाता है। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। 2026 को ध्यान में रख कर युवाओं को दे रहे हैं मौका सीएसके प्लेआफ से बाहर हो चुका है। धोनी ने कहा कि अभी युवाओं को परखने का अच्छा समय है। सीएसके इस सीजन के अपने आखिरी कुछ मैचों का उपयोग आईपीएल 2026 के लिए तैयारी करने के लिए कर रहा है। धोनी ने कहा कि ये वे खिलाड़ी हैं जो अभी हमारे साथ हैं। इसलिए हमारे पास उन्हें परखने का मौका है। आप उन्हें नेट्स में देख सकते हैं। आप उन्हें अभ्यास मैच में देख सकते हैं लेकिन असली मैच जैसा कुछ नहीं है। हम टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। हमारे पास तीन गेम बचे हुए थे, ऐसे में हम उन्हें मौका देकर परखना चाहते हैं।



## एम्मा राडुकानू व कैमरन नोरी इटालियन ओपन में दूसरे दौर में

■ **पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया**

**रोम, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू और पुरुष वर्ग में हमवतन कैमरन नोरी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इटालियन ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं केटी बौल्टर को हार का सामना करना पड़ा। तीन साल के बाद पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली राडुकानू ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट के खिलाफ 7-5 6-7 (1-7) 6-3 से जीत दर्ज की। इस बीच ब्रिटेन की 28 वर्षीय केटी बौल्टर रूस की अनास्तासिया पावलुचेनकोवा से 3-6, 3-6 से हार गई। वहीं पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर ओं' कॉनेल को सीधे सेटों में 6-3 6-2 हराकर दूसरा दौर में अपना स्थान पक्का किया। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 76 मिनट के मैच में ओं' कोनेल के खिलाफ सिर्फ पांच गेम गंवाए।

## ट्रैक साइक्लिंग में झारखंड व राजस्थान ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं गुरुवार को झारखंड की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं लड़कों के वर्ग में राजस्थान चैंपियन बना। बिहार की लड़कियों ने भी कड़ी टक्कर दी और तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में झारखंड ने दो स्वर्ण और एक कांस्य मेडल के साथ कुल 16 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इस जीत में सबसे अहम योगदान टीम स्प्रिंट स्पर्धा में आए एक स्वर्ण पदक का रहा, जिससे टीम को सीधे 10 अंक प्राप्त हुए। राजस्थान ने तीन स्वर्ण पदक हासिल कर 15 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बिहार ने दो रजत और एक कांस्य के जरिए 10 अंक जुटाकर तीसरी पायदान पर जगह बनाई। तीसरा स्थान प्राप्त करने में अहम योगदान टीम स्प्रिंट में आए एक रजत पदक का रहा।

### चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के अपने दल में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रिटोरियस को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टीम में जगह दी गई। 19 वर्षीय प्रिटोरियस ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस वर्ष के एसए-20 लीग के दौरान 12 मैचों में 166-80 की स्ट्राइक रेट के साथ सर्वाधिक 397 रन बनाए थे। पिछले वर्ष प्रिटोरियस अंडर-19 विश्वकप में द. अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

## टेस्ट में फ्लाप रोहित के लिए विश्व कप आखिरी लक्ष्य

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद रेड बॉल से लिया संन्यास, उतार-चढाव भरा रहा करियर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत को 2 आईसीसी ट्राफी जिता चुके रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने शाम 7.30 बजे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिटायरमेंट की जानकारी दी।

रोहित वनडे और टी-20 में तो बतौर प्लेयर और कप्तान बेहतरीन रहे, लेकिन रेड बाल में उस कामयाबी को दोहरा नहीं सके। 11 साल के टेस्ट करियर में रोहित ने 67 टेस्ट खेले और 12 शतक लगाकर 4301 रन बनाए। उनकी कप्तानी में टीम ने 50प्रतिशत टेस्ट जीते, लेकिन होमग्राउंड पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इतिहास में पहली हार झेलनी पड़ गई। आस्ट्रेलिया से भी 10 साल बाद सीरीज में हार मिली, जिस कारण टीम वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच सकी। 2007 में भारत के लिए वनडे और टी-20 डेब्यू करने वाले रोहित शर्मा को टेस्ट डेब्यू के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 2010 में आखिरकार उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ नागपुर टेस्ट में मौका मिला, लेकिन मैच से ठीक पहले उन्हें एंकल इंजरी हो गई। जिस कारण उनका इंतजार और भी ज्यादा बढ़ गया। इंटरनेशनल डेब्यू के 6 साल बाद 2013 में आखिरकार रोहित को फिर टेस्ट स्क्वाड में जगह मिली। इस बार मौका क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर के करियर की आखिरी सीरीज में मिला। वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 नवंबर 2013 को रोहित ने डेब्यू किया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उन्हें नंबर-6 पर बैटिंग करने का मौका मिला। रोहित ने अपने पहले ही टेस्ट में भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला।



### लाल गेंद से 'हिटमैन' का सफर शानदार रहा: BCCI

**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के हर प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लौहा मनवाया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतर्राष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पर्दापण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे। रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40-57 की औसत से 4,301 रन बनाए, इसमें 12 शतक और करियर की 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल हैं। रोहित ने भारतीय टेस्ट टीम के 35वें कप्तान के रूप में 24 मैचों में भारत का नेतृत्व किया।

## वरुण पर 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया



■ **बीसीसीआई ने जुर्माने के साथ एक डिमेरिट पाइंट भी दिया, ब्रेविस को आउट करने के बाद जाने का इशारा किया था**

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट पाइंट दिया है।

हालांकि, आईपीएल की ओर से जारी किए गए बयान में नहीं बताया गया है कि किस घटना के लिए उन पर करवाई की गई है। बयान में कहा गया है कि वरुण अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दोषी हैं। अनुच्छेद 2.5 में बल्लेबाज को उकसाना और इशारा करना शामिल अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी की ओर से आउट होने पर बल्लेबाज की ओर की गई टिप्पणी, क्रिया या इशारा शामिल है। जिससे आउट होने वाले बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़कने की संभावना हो। डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद वरुण ने उन्हें मैदान सो बाहर जाने का इशारा किया था।

माना जा रहा है कि वरुण पर इसी लिए जुर्माना लगा है। वरुण ने डेवाल्ड ब्रे. विस का विकेट लिया दरअसल, केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे। 180 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 60 रन पर ही उसके 5 विकेट गिर गए थे। लेकिन, ब्रेविस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने वैभव अरोड़ा के एक ओवर में 30 रन बनाए। ब्रेविस ने 25 गेंदों पर 52 रन बनाए और उनके विकेट ने केकेआर को खेल में वापस ला दिया। उनका विकेट वरुण ने लिया।

## पाक अटैक के बीच दिल्ली-पंजाब IPL मैच रद्द

**धर्मशाला मैदान में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे, दर्शकों को बाहर निकाला गया**

**धर्मशाला, वार्ता।** पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद हैं और सभी फैंस को बाहर निकाला दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

खेल रोके जाने तक पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर नाबाद लौटे। प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला मैदान पर चल रहे आईपीएल मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लड लाइट्स बंद कर दी गई हैं और फैंस को बाहर निकाला जा रहा है। 11वें ओवर में पंजाब ने पहला विकेट गंवाया। यहां प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पारी के 10वें ओवर में प्रियांश आर्या ने कुलदीप यादव की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने भी चौका लगाया।

उन्होंने फिफ्टी पूरी की है। 9वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने माधव तिवारी के ओवर में लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री के पार पहुंचाया। इसी के साथ पंजाब का स्कोर 100 पार पहुंच गया। टीम के ओपनर्स क्रीज पर थे। 7वें ओवर में प्रियांश आर्या ने फिफ्टी पूरी कर ली है।

उन्होंने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब की टीम ने मजबूत शुरुआत की। टीम ने शुरुआत 6 ओवर में बिना नुकसान के 69 रन बना लिए हैं। टीम के ओपनर्स नाबाद रहे। पंजाब ने चौथे ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। दुष्मंथा चमीरा के ओवर की आखिरी बाल पर प्रियांश आर्या ने चौका लगाते हुए स्कोर 50 पार पहुंचाया।

इसी के साथ दोनों ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। मैच का पहला ओवर डाल रहे मिचेल स्टार्क ने 11 रन खर्च किए हैं। प्रियांश आर्या ने उनके ओवर की पहली दो बाल पर लगातार दो चौके लगाए। पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीतकर बैटिंग चुनी।

टीम ने प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं किया। दिल्ली कैपिटल्स ने करुण नायर और विपराज निगम को बाहर किया। समीर रिजवी और माधव तिवारी को मौका मिला।

## हज गाइड में हज समिति के नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी ने राज्य के महामहिम व मुख्यमंत्री को नहीं दी तवज्जो


# अपना फोटोशुदा संदेश छापा, पर सूबे के सीएम का नहीं?

## ईओ की इस कार्यशैली से इस पवित्र यात्रा को लेकर मुस्लिम समाज की नजरों में मुख्यमंत्री की मंशा पर उठ रहे सवाल

**अख्तर मालिक**

**रुड़की।** राज्य लोकायुक्त कार्यालय में अनुसचिव एवं हाल ही में राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले मौ. आरिफ की या तो राज्य सरकार में मजबूत पकड़ है या फिर उन्हें नियमों को जानकारी नहीं है। क्योंकि हज यात्रा 2025 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए राज्य हज समिति द्वारा छपाई गई हज गाईड (बुकलेट) में जिस तरह से हज समिति के अधिशासी अधिकारी मौ. आरिफ ने अपना फोटोशुदा संदेश छपवाकर हज यात्रियों को संदेश दिया है लेकिन राज्य के महामहिम राज्यपला व मुख्यमंत्री को उन्होंने पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया है। जिससे इस पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों व मुस्लिम समाज की नजरों में मुख्यमंत्री को लेकर गलत संदेश भी पहुंच रहा है। क्योंकि मुख्यमंत्री जहां राज्य की सभी धर्मों की अवाम के मुख्यिा हैं तो अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भी मुख्यमंत्री के ही पास है। हालांकि ईओ ने अल्पसंख्यक कल्याण सचिव का फोटोशुदा संदेश तो जरूर छपवा दिया है लेकिन महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री का संदेश इस हज गाईड में न छपवाकर हज अधिशासी अधिकारी ने क्या संदेश देना चाहा है इसका जवाब तो वह खुद ही दे सकते हैं लेकिन सूबे के मुस्लिम समाज की आवाम में सीएम को लेकर हज अधिकारी की इस कार्यशैली से एक सियासी व सामाजिक संदेश गलत तौर पर जरूर पहुंचा है।

यहां यह बताना भी जरूरी है कि सरकार के खजाने से ही




लाखों रुपए खर्च कर यह हज गाइड बुक छपवाई जाती है जिसका मकसद राज्य से जाने वाले मुस्लिम समाज के हज हाजियों को हज सफर के दौरान हज के तरीके व सहूलियत के देने के लिए होता है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि हज अधिकारी मोहम्मद आरिफ

> ❖लोकायुक्त कार्यालय में अनुसूचिव मौ. आरिफ ने हाल ही में संभाला है राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार
>
> ❖पुष्कर सिंह धामी राज्य के मुख्यमंत्री तो हैं ही, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भी है उन्हीं के पास
>
> ❖सरकार के खजाने से ही लाखों रुपए खर्च कर बुकलेट के जरिए हज यात्रियों को दी जाती है इस पवित्र यात्रा की जानकारी

ने अपने आप को एक तरह से राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी बड़ा समझते हुए अपना तो फोटोशुदा संदेश हज गाइड में छपवा दिया लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इस हज गाइड के में जगह न देकर उन्हें सियासी तोर पर नुकसान जरूर कर दिया है। अवगत करा दें कि हज यात्रा मुस्लिम समाज की सबसे पवित्र यात्रा है और कोई भी राज्य का मुख्यमंत्री वह वहां के सभी धर्म जाति का मुख्यमंत्री होता है इसीलिए अगर उत्तराखंड राज्य से यात्री हज पर जा रहे हैं तो मुख्यमंत्री की तरफ से इस पवित्र यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए संदेश जरूर होना चाहिए जैसा सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा अन्य धार्मिक यात्राओं के लिए जारी करते हैं लेकिन हज समिति के अधिशासी अधिकारी ने इस हज गाइड बुक मैं मुख्यमंत्री के संदेश को जगह न देकर एक तरह मुस्लिम समाज की नजरों में मुख्यमंत्री की अहमियत कमतर आंकने की कोशिश को जरूर अंजाम दे दिया है। अधिशासी अधिकारी के इस कार्य से सूबे की मुस्लिम आवाम में यह भी संदेश जा रहा है कि जब राज्य के मुख्यमंत्री सभी धर्म व समाज का होता है सबकी सुरक्षा व सभी वर्गों का विकास कराने का भी मुख्यमंत्री का दायित्व होता है। और जिस तरह से राज्य के मुख्यमंत्री राज्य में होने वाली अपनी धार्मिक यात्राओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और संदेश जारी करते हैं तो फिर मुस्लिम समाज की इस पवित्र यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने हज गाइड बुक में अपना संदेश मुस्लिम समाज के हज यात्रियों को क्यों नहीं दिया। हालांकि इसमें मुख्यमंत्री की तो कोई गलती है नहीं यह सब हज अधिशासी अधिकारी का ही किया धरा है इसके पीछे उनकी क्या मंशा है यह तो मोहम्मद आरिफ ही बता सकते हैं लेकिन हज गाइड बुक 2025 में मुख्यमंत्री का पाक हज यात्रियों के लिए कोई संदेश ना देना सियासी व सामाजिक एतबार से सही नहीं है और इसको लेकर मुस्लिम समाज में चर्चा भी हो रही है।

राजभवन व सीएम कार्यालय को इस बाबत पत्राचार किया गया था लेकिन ना तो राजभवन और ना ही मुख्यमंत्री के यहां से कोई जवाब आया इसलिए महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री का संदेश इस हज गाइड बुक में नहीं छपा है।

मोहम्मद आरिफ
अधिशासी अधिकारी
राज्य हज समिति उत्तराखंड

# रोडवेज बस स्टैंड पर हाईवोल्टेज ड्रामा महिला ने कर दी बेटी व प्रेमी की धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रोड़वेज बस स्टैंड के पास उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया जब एक महिला ने अपनी बेटी के प्रेमी की जमकर धुनाई कर डाली। वहीं बेटी प्रेमी के साथ जाने की जिद्द पर अड़ी थी और महिला उसे अपने साथ ले जाने की बात कह रही थी। वहीं फिलहाल दोनों पक्षों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और मामले में पूछताछ कर रही है।

मामला सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में कचहरी का है वहां एक चौंबर में बैठे युवक और युवती से एक महिला ने मारपीट शुरू कर दी। मामला कचहरी के अंदर से मेन रोड तक आ गया और मारपीट जारी रही। महिला युवक को पीटती रही और युवती उसे बचाने का प्रयास करती रही जानकारी की गई तो पता लगा कि युवती महिला की बेटी है और युवक उसका प्रेमी। महिला ने बताया कि वह सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के सोत मोहल्ला निवासी है। उसने अपनी इस बेटी की शादी करीब चार साल पहले उत्तरप्रदेश के देवबंद में की थी उसका दामाद विदेश में नौकरी करता है। महिला के अनुसार उसकी बेटी फिलहाल उसके घर रह रही है जिससे मिलने बीती रात कलियर निवासी युवक आया और जब उन्होंने उसे रोका तो उक्त युवक ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। वहीं उसकी बेटी को भी आज सुबह घर से ले आया। मामले की शिकायत लेकर पहले महिला कोतवाली गई थी जहां से अब तहरीर लिखवाने कचहरी आए वहीं युवक और युवती भी कचहरी आ गए। वहीं युवती और युवक के अनुसार उन दोनों ने भी करीब सात माह पहले कोर्ट मैरिज कर ली है। वहीं युवती युवक के साथ ही रहने की जिद्द पर अड़ी थी। इस हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई। वहीं तहसील पर चेकिंग कर रहे सीपीयू के जवान दोनों पक्षों को सीओ कार्यालय ले आए जहां से सीओ ने उन्हें कोतवाली भिजवाया। वहीं इस संबंध में सीओ नरेंद्र पंत का कहना है कि उनका पारिवारिक मामला है अभी दोनों पक्षों को कोतवाली भिजवाया है अगर मामले में तहरीर आती है तो नियमानुसार कारवाई की जाएगी।

# कॉलेज में सातवां स्थान प्राप्त करने पर वर्णिका को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गणेशपुर स्थित कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि रहे राज्यसभा सांसद ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में स्कूल की मेधावी छात्रा कुमारी वर्णिका आर्य ने वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिसके लिए विद्यालय प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कुमारी वर्णिका को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की इस प्रकार की उपलब्धियाँ न केवल समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं। बल्कि यह बेटियों के प्रति सोच को भी सशक्त करती हैं। वर्णिका जैसी छात्राएं राष्ट्र की नई दिशा तय करेंगी। मेयर अनीता देवी अग्रवाल ने वर्णिका की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा की सफलता केवल एक छात्रा की नहीं, बल्कि समस्त क्षेत्र की है। विद्यालय की शिक्षण परंपरा व गुणवत्ता ने इसे संभव बनाया है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सामाजिक सहयोग की आवश्यकता है। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल प्रजापति ने अपने वक्तव्य में विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे विद्यालय



का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु वातावरण प्रदान करना है। वर्णिका आर्य उसकी उत्तम उदाहरण हैं। प्रधानाचार्या सरिता देवी ने बताया कि वर्णिका आर्य प्रारंभ से ही अध्ययनशील, अनुशासित और प्रेरणादायी छात्रा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्णिका की इस सफलता में परिवार, शिक्षकों और विद्यालय के सामूहिक प्रयास शामिल हैं। विद्यालय भविष्य में भी ऐसी प्रतिभाओं को आगे लाने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका शालिनी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में भाजपा नेता ललित मोहन अग्रवाल, सतेंद्र तोमर,भाजपा जिला महामंत्री अरविंद गौतम, भीम सिंह, राजकुमार उपाध्याय, पंकज नंदा, रेलवे बोर्ड सदस्य पूजा नंदा, सतीश कौशिक, प्रमोद चौधरी, धर्मवीर शर्मा, कदम सिंह, पूर्व तहसीलदार ऋषिपाल सिंह चौहान, पूर्व नायब तहसीलदार अरविंद कंबोज, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक, विवेक चौधरी, सत्येंद्र नाथ गोयल, ध्रुव गुप्ता, राजेश सैनी, ज्ञानचंद पवार, अविनाश शर्मा, महेंद्र पाल, योगेंद्र चौधरी, चौधरी बलेश, कटार सिंह, अनुराग त्यागी, नाथीराम, विजय लक्ष्मी, शालिनी गुप्ता, प्रतिभा सिंह पूर्व प्रधानाचार्य, संतोष अरोड़ा, सुदेश आहूजा, पुष्पा रानी,चंद्रप्रभा गुलरिया, मगन सिंह, विमलेश आर्य , शेफाली शर्मा, पूनमवर्मा, बबीता शिवाज, पूजा, प्रीति, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने तीन लोगों को शांति भंग मे किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रुडकी पुलिस 'द्वारा 03 व्यक्तियो को शांति भंग करने पर गिरफ्तार किया है। पकडे गये अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनाँक 08.05.2025 को कानि0 मनहर व होम गार्ड रागिव हसन अन्दर इलाका थाना क्षेत्र मे रवाना थे। दौराने गश्त मे 03 व्यक्ति 1.दिनेश पुत्र मुकेश 2.मुकेश पुत्र बरसाती 3.राजेंद्र कुमार पुत्र बदलू कुमार निवासी गण सलोनी तहसील तरबगंज थाना बेगमगंज जिला गोंडा उत्तर प्रदेश हाल निवासी खंजरपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार। आपस में लड़ झगड़ कर उड़दंग मचा शांति भंग करने का प्रयास कर रहे थे। जिनको काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं मान रहे थे जिनको अंतर्गत धारा 170 मैं खंजरपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# छावनी परिसर में संदिग्ध के घुसने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** छावनी परिसर में संदिग्ध के घुसने से हड़कंप मच गया। सैन्यकर्मियों ने संदिग्ध को पकड़ने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने संदिग्ध से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध बिहार का रहने वाला है।भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद से अलर्ट जारी है। पुलिस और आर्मी को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। इस बीच बुधवार दोपहर के वक्त रुड़की छावनी में एक संदिग्ध के घुसने से हड़कंप मच गया। जिसके बाद सैन्यकर्मी अलर्ट हो गए। संदिग्ध की घेराबंदी कर उसको पकड़ लिया। पूछताछ में सैन्यकर्मियों को संदिग्ध कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद सैन्यकर्मियों ने संदिग्ध को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने भी संदिग्ध से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध बिहार का रहने वाला है। उसके सैन्य क्षेत्र में घूमने की क्या वजह रही है, इसकी जांच चल रही है। सीओ रुड़की नरेंद्र पंत ने बताया कि छावनी परिसर में एक संदिग्ध को सैन्यकर्मियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। जांच जारी है, जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम रुड़की के नेतृत्व में प्रशासन की कारवाई चार मदरसे सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** एसडीएम रुड़की के नेतृत्व में कारवाई करते हुए प्रशासनिक टीम ने चार मदरसों को सील किया है। कारवाई के दौरान मदरसा संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

उप जिलाधिकारी रुड़की लक्ष्मी राज चौहान व तहसीलदार रुड़की विकास अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस बल की उपस्थिति में बिना पंजीकरण के चल रहे मदरसों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम खाता खेड़ी,ग्राम पाडली गेंदा, ग्राम सोहलपुर गाड़ा और इकबालपुर कमेलपुर स्थित मदरसे को सील किया गया। इस दौरान अन्य मदरसा संचालकों में हड़कंप मचा रहा। टीम में राजस्व उप निरीक्षक पंकज सैनी,अल्पसंख्यक एडीओ बोबी कुमार, राजस्व निरीक्षक सुशील चौधरी उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद अलर्ट हर तरफ पुलिस का चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत की ओर से एयर स्ट्राइक के बाद शहर में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में शहर के काफी जगहों पर होटल खंगाले गए। इस बीच वाहनों की भी पुलिस ने चेकिंग की। चेकिंग में सब जगह पर स्थिति सामान्य मिली है। बताया कि उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने पाड़ली गुर्जर और तेल्लीवाला में भी किराए पर रहने वाले लोगों का सत्यापन किया।

जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत की ओर से एयर स्ट्राइक के बाद शहर में चेकिंग अभियान चलाया गया। पिछले महीने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की आतंकियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। इसके



बाद अब भारत की ओर से बीती रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। उसके बाद देश के अलावा उत्तराखंड में भी अलर्ट जारी है। ऐसे में पुलिस ने बुधवार को शहरभर में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में शहर के होटल में रुकने वाले लोगों के बारे में पुलिस ने जानकारी जुटाई। जबकि वाहनों में भी चेकिंग की गई। पुलिस ने मलकपुर चुंगी, आजाद नगर चौक, रामनगर चौक और गणेशपुर आदि जगहों पर वाहनों की चेकिंग की। इसके बाद पुलिस ने पाड़ली गुर्जर और तेल्लीवाला में भी किराए पर रह रहे लोगों के भी बारे में जानकारी की। इस दौरान किरायेदारों के पुलिस ने सत्यापन भी किए। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने होटल में चेकिंग की है। जबकि वाहनों को भी चेक किया। चेकिंग में सभी जगह स्थिति सामान्य मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। बताया कि उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है।

# पुलिस ने एक युवक को शांति भंग में पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति को शांति भंग में गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार दिनाँक 07.05.2025 को एक व्यक्ति बी ई जी सेंटर रुड़की के गेट में नशे की हालत में संदिग्ध घूमता हुआ पाया गया जिसको बीईजी सेंटर रुड़की के सैन्य अधिकारी द्वारा पूछताछ करने के उपरांत कोतवाली रुड़की पर लाया गया जिसकी पुलिस द्वारा भी पूछताछ की गई तो इसने अपना नाम अली आलम पुत्र शेख रफी उलाहा निवासी ग्राम सिसवा बसंतपुर थाना चथरवा जिला पश्चिम चंपारण बिहार बताया जिसके पास कोई ही संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई सैन्य अधिकारी द्वारा पूछताछ करने के उपरांत जाने को कहा गया तो उदंग मचाने लगा जिसके पास कोई आईडी प्रूफ नहीं है जिसको रुड़की पुलिस द्वारा अंतर्गत धारा 170 मैं गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पूजा महरा, होमगार्ड कपिल आदि शामिल रहे।

# तीन तलाक समेत विभिन्न मामलों में पति समेत ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ तीन तलाक, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 19 जून 2024 को आरिफ निवासी बिझौली कोतवाली मंगलौर के साथ हुई थी। उसके परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था। लेकिन उसका पति और ससुराल वाले दिए गए दान दहेज से खुश नहीं थे। दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर पति और ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर उत्पीड़न करने लगे। इसके बाद उसे घर से बाहर निकाल दिया। 26 नवंबर 2024 को समझौते के बाद उसकी ससुराल वाले उसे अपने घर ले आए। कुछ दिनों तक उनका व्यवहार ठीक ठाक रहा। इसके बाद फिर से मारपीट करने लगे। 15 मार्च 2025 को उसके पति ने मारपीट कर उसे तलाक दे दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति आरिफ, मुबारिक, खुर्शीदा निवासी बिझौली कोतवाली मंगलौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इनर व्हील क्लब व शहीद भगत सिंह ब्रिगेड ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इनर व्हील क्लब और शहीद भगतसिंह ब्रिगेड वेलफेयर सोसायटी के द्वारा संयुक्त रूप से सिविल अस्पताल में रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमें 34 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी देहात शेखर चंद सुयाल उपस्थित रहे। इनरव्हील क308 की चेयरमैन सुजाता आहूजा ने क्लब के द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रमा भार्गव ने बताया कि थैलीसीमिया से जूझ रहे बच्चों के लिए सरकार द्वारा निशुल्क ब्लड मिलता है और ऐसा करने से हम कई बच्चों को जीवन दे सकते हैं। उन्होंने कहा यह एक महादान है जिसे हमारा क्लब हर वर्ष करता है। भगत सिंह ब्रिगेड से गौरव ने कहा कि हमारी संस्था के द्वारा थैलेसीमिया की समस्या से जूझ रहे बच्चों के लिये साल में 2 बार यह शिविर लगाया जाता है। ताकि इन बच्चों के लिए ओर मानवता के नाते हम सरकार की मदद कर सकें। सतनाम ने कहा कि हमारी संस्था हर साल रक्तदान शिविर लगाती है और सभी को इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि कभी भी किसी को रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। शिल्पी सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को हर तीन महीने में रक्तदान अवश्य करना



चाहिए और साथ ही हमारे शरीर में नया खून भी बन जाता है। इस से किसी को जीवन तो मिलेगा ही साथ ही हमें पता भी चल जाता है कि शरीर में कोई समस्या तो नहीं है। शिविर में संगीता, रजनी, चंचल, सोनिया, सुमन, पूजा, आयुषी, वर्षा, सतनाम सिंह, अमनदीप सिंह, राजीव चौधरी, सिमरजीत सिंह, अजीत सिंह, अनुज शर्मा, अनुप बंसल, संदीप शर्मा, दिनेश पुंडीर, आदि उपस्थिति रहे

# अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में गोशाला बनाने को लेकर बसपाइयों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका क्षेत्र वार्ड नंबर 1 के बराबर में वार्ड नंबर 8 में संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में गौशाला बनाने को लेकर बसपा कार्यकर्ता एवं नेताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया है। लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा बसपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने ऊपर मुकदमे झेल कर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कराई गई थी जिसके बराबर में कुछ लोगों ने राजनीति के तहत गौशाला निर्माण के लिए जमीन का प्रस्ताव कर दिया था जो बिल्कुल गलत है। क्योंकि संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में गौशाला नहीं बननी चाहिए बल्कि कोई बड़ा पार्क हॉस्पिटल या लाइब्रेरी बननी चाहिए जिससे आम जनता को फायदा मिल सके। उन्होंने कहा नगर पालिका क्षेत्र में गौशाला के लिए और भी जमीन उपलब्ध हो सकती है तो फिर डॉ अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में ही क्यों गौशाला बनाई जा रही है उन्होंने यह भी कहा कि मैं पहले गौशाला के लिए 5 लाख रुपए दे रहा था अब मैं 10 लाख रुपए गौशाला के लिए देने को तैयार हूं बसशर्ते बाबा साहब की मूर्ति के बराबर में गौशाला ना बनाई जाए। उन्होंने अन्य जगह जो गौशाला नाम पर कार्य किया जा रहा है उसकी भी जांच होनी चाहिए। उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी जफर मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार अंबेडकर जयंती मनाने के




लिए दिखावा करती है और अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में जमीन में गौशाला खोलने की कोशिश कर रहे हैं जो बर्दाशत नहीं किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष नरेश गौतम ने कहा जिस तरह से पिछली बार भाजपा सरकार के नुमाइंदे ने अंबेडकर जयंती हर जगह जाकर मनाई थी यह दिखावा था क्योंकि इन लोगों के द्वारा अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में गौशाला खोलने पर जो विचार चल रहा है यह बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इसके लिए बहुजन समाज पार्टी हर तरह से लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। प्रदेश महासचिव नाथीराम ने कहा कि हम हर तरह से सक्षम है और अंबेडकर पार्क के बराबर में गौशाला नहीं बनने देंगे आज अंबेडकर पार्क के बराबर में हजारों बसपा के कार्यकर्ता जूटे रहे जिनमें भारी जोश देखने को मिला।

# धारदार-संकल्पबद्ध प्रतिक्रिया

बौखलाहट कहें या पूर्व में ही की गई बड़ा तैयारी आपरेशन सिंदूर के अगले दिन बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिसे भारत ने रूस से मिल एसएस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये नाकाम कर दिया, इतना ही नहीं, जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम ही तबाह कर दिया। बताते चलें कि  भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एसएस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया। ज्ञात रहे कि भारत ने बुधवार को भोर से पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान -अधिकृत-कश्मीर में नौ जगहों पर सटीक सैन्य हमलों को अंजाम दिया। भारत ने कहा था कि ये हमले आतंकवादियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले शिविरों को नष्ट करने तथा पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमा पार से ऐसे और हमलों को हरोकने के साथ-साथ भयावरोध पैदा करने के लिए हैं। बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर निशाने चुनकर 26 लोगों की हत्या की थी।  इस बार भारत की प्रतिक्रिया ज्यादा धारदार और ज्यादा संकल्पबद्ध रही है। मुरीदके और बहावलपुर पंजाब में हैं, जो पाकिस्तान के शासक अभिजात वर्ग की हृदयस्थली है। यह वर्ग आतंकवाद पर दोहरा खेल खेलता रहा है। पाकिस्तान ने परमाणु भयादोहन की छतरी तले, दशकों से, आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जंग के सस्ते हथियार के रूप में किया है। भारत इसका उपयुक्त जवाब तलाशने की कोशिश करता रहा है। पहले बालाकोट, और अब ऑपरेशन सिंदूर से, यह बात साफ है कि भारत अपने खिलाफ किसी आतंकवादी हमले की स्थिति में आर्थिक और कूटनीतिक उपायों के अलावा, खुली सैन्य प्रतिक्रिया का रास्ता भी अपना सकता है। भारत ने इस बात को भी रेखांकित किया है कि बुधवार को कोई नागरिक, आर्थिक या सैन्य निशाने नहीं थे।  पाकिस्तान ने न सिर्फ भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादी पाले हैं, बल्कि पश्चिम के लिए सबसे वांछित आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को भी पनाह दी, जबकि उस समय वह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का सहयोगी होने का दावा कर रहा था। पाकिस्तान अलग तरह से व्यवहार करे, इसके लिए उसके चरित्र में तब्दीली लानी होगी। भारत ने अन्य देशों से संपर्क किया है और वैश्विक शक्तियों को पाकिस्तान को जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए मजबूर करने की खातिर अपने पर्याप्त प्रभाव का इस्तेमाल करना चाहिए। जवाबी हमलों के अलावा, पहलगाम मामले में जांच पुरजोर तरीके से जारी रहनी चाहिए और उसे उसके तार्किक अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। भारत को पाकिस्तान के टकराव बढ़ाने वाले कदमों पर भी नजर रखनी चाहिए और उसका सैन्य व कूटनीतिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं



भारत सरकार की ओर से आपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग  पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है, प्रेस ब्रीफिंग में विद.ेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है, हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन अगर पाकिस्तान उकसाएगा तो भारत तैयार है,  रात के ही बजे के बाद ही स्ट्राइक की गई, ताकि नागरिकों को नुकसान न हो, टारगेट सिर्फ आतंकी अड्डे थे, न कि पाक सेना या सरकारी संस्थान, भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की, यह अहम है कि  फ्रांस, रूस और इजरायल ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है, जबकि चीन ने भी संयम और बातचीत की सलाह दी है।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जरूरी है

## सोशल मीडिया युग में करुणा की कैद





**प्रियंका सौरभ**

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं, वे कैमरे के फ्रेम में कैद होती जा रही हैं। आज अधिक.ांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत से। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और ज़रूरतमंद की गरिमा अक्सर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। यह लेख हमें आत्मपरीक्षण की ओर ले जाता हैकृक्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहाँ इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां नेकी कर दरिया में डाल की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। इस लेख के माध्यम से हम इसी प्रवृत्ति की साहित्यिक और सामाजिक समीक्षा करेंगे।

भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है।

एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही द्रश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, ह्वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं। पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी ज़रूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई

**भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है, आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है, किसी की मदद करने के बाद हमे तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, वाह आप तो बड़े नेकदिल हैं**

दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की ज़रूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं डिजिटल ब्रांडिंग है। आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती हैकृसंगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की ज़रूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। यह सब सुनकर अब साहित्यकार की लेखनी व्यंग्य से भर जाती है। कल्पना कीजिए एक दृश्य एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शनः 'हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं'। कमेंट्स आते हैं 'वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं।' किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था। आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है) उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंचा हो जाता है। कई बार यह भलाई राजनी.तिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहां छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही सांस लेती है। सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है। क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं। यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को श्कंटेंटश बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं। आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं एक ऐसी दिशा जहां सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें। भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है बिना कोई सबूत मांगे।

# ऑपरेशन सिंदूरः बदलता कश्मीर और एक नई राजनीतिक सोच की जरूरत



**विरेश तरार**

**2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था, गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई**

हाल के दिनों में कश्मीर घाटी में जो घटनाएं घटीं, विशेषकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस प्रकार वहां की जनता ने आतंकवाद के खिलाफ खुलकर मोर्चा लिया, वह कश्मीर को लेकर एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। इस संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक निर्णायक मोड़ माना जा सकता है जिसने न केवल घाटी के भीतर बदलाव की बयार बहाई है, बल्कि पूरे देश के मानस में कश्मीर को लेकर बना वर्षों पुराना 'हिंदू बनाम मुस्लिम' का परसेप्शन भी डगमगाया है। पहलगाम हमले के बाद जिस प्रकार आम कश्मीरी सड़कों पर निकल कर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ, उसने दशकों से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के एजेंडे को करारा जवाब दिया है। यह संदेश स्पष्ट है अब कश्मीर के लोग आतंकवाद नहीं चाहते। उन्हें समझ आ गया है कि आतंकी गतिविधियां न केवल उनके आर्थिक स्रोतों को समाप्त करती हैं, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी अंधकारमय बनाती हैं। टूरिज्म जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, आतंकवाद के रहते विकसित हो ही नहीं सकता। यही समझ आज घाटी के लोगों को भारत की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही है।

इस बदलते कश्मीर के पीछे निस्संदेह केंद्र सरकार की नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए अभियानों की बहुत बडी भूमिका है। लेकिन यहां हमें एक जरूरी विमर्श की ओर भी बढ़ना चाहिए




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर देश में जो राजनीतिक धारणा बनी है, क्या अब उसे पुनर्परिभाषित करने का समय नहीं आ गया है।

बीते दशकों में भाजपा को अक्सर कट्टर हिंदुत्व और मुस्लिम विरोध की राजनीति से जोड़ कर देखा गया। मगर 2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था। गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई। उनकी सरकार में नितिन गडकरी जैसे मंत्रियों के माध्यम से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर सड़कों और परिवहन में हुए अभूतपूर्व सुधारों ने आम जनता को यह भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार विकास की संवाहक है। रेलवे, हवाई यातायात, डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में भी भारत की तस्वीर बदली है। आज देश में ऐसा केवल 10-15 प्रतिशत तबका है जो कट्टर हिंदुत्व के आधार पर भाजपा का समर्थन करता है। लेकिन मोदी सरकार को बार-बार जनादेश इसलिए मिला क्योंकि जनता के बड़े वर्ग ने उन्हें विकास और कानून-व्यवस्था के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। इस पृष्ठभूमि में आज यह आवश्यक हो गया है कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों को यह विचार करना चाहिए कि क्या धर्म और राजनीति को अलग किया जाना चाहिए। क्या पार्टी को केवल विकास और समावेशी राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलना चाहिए। आर एस एस जैसी संस्था को भी अपने कट्टरपंथी छवि को त्यागकर एक समावेशी, भारतीय मानवतावादी विच.ारधारा के साथ आगे आना चाहिए। भाजपा को चाहिए कि वह कॉरपोरेट केंद्रित विकास से हटकर गांव, कृषि और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दे। आज का भारत बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही आवाज उठ रही है आतंकवाद नहीं, विकास चाहिए। और यह तभी संभव है जब राजनीति धर्म से अलग होकर मानवता की नींव पर खड़ी हो। निश्चित रूप से, यही वह सोच है जो भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने वाले दशकों तक मजबूती से टिकाए रख सकती है कृ न कि कट्टर विच.ारधाराएं, जो अब जनभावनाओं से मेल नहीं खातीं।

# पहले सर्जिकल फिर एयर स्ट्राइक, अब ऑपरेशन सिंदूर

## भारत के तीन प्रहारों से दहल उठा पाकिस्तान

पाकिस्तान को लगा भारत बुधवार को सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल करेगा। पाकिस्तानी हुकूमत और फौज, दोनों निश्चिंत होकर सोये रहे। लेकिन भारत की सेना ने आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू कर उसके सबसे डरावने सपने को हकीकत बना दिया। भारत का यह ऑपरेशन रणनीतिक चतुरता की मिसाल है। भारत ने बुधवार को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की योजना बनाई थी। खबर ने पाकिस्तान को यह यकीन दिला दिया कि भारत कोई बड़ा सैन्य ऑपरेशन नहीं करेगा। इसी भ्रम का फायदा उठाते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया।

पहलगाम अटैक के 15 दिन बाद भारत ने 6 मई की रात 1.44 बजे पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की। इसे नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेनाओं ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान में चार और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के पांच ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इन टारगेट में बहावलपुर, मुरिदके, बरनाला, तेहराकलां, मुजफ्फराबाद, कोटली और सियालकोट शामिल थे। इन जगहों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों अड्डे संचालित थे। इसके अलावा आतंकी मौलाना मसूद अजहर का मदरसे को भी इस हमले में नेस्तनाबूद किया गया है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 27 लोगों की हत्याकर दी थी। इसमें 26 भारतीय व एक नेपाली नागरिक था। आतंकियों के इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक हमले किए। हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी। ऑपरेशन सिंदूर पहलागाम हमले में मारी गई उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी। इस स्ट्राइक में भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों से आतंकी अड्डों पर हमला किया। जिसकी पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे।




**हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी, ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले की पीड़ित उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी**

भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियों में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं।

जैसा कि बताया जा रहा है भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये भारत नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत पर भारत ने दुनिया को जवाब दे दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकियों पर एक्शन के लिए कोई कदम नहीं उठाता। खुफिया जानकारी के मुताबिक, भारत के खिलाफ आगे भी हमले हो सकते हैं। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 अप्रैल को टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव को भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के शरणस्थल के रूप में पहचान बना चूका है। साजिद मीर का मामला अंतराष्ट्रीय प्रेशर बनाने के बाद वो जीवित पाया गया, इसका सबूत है। भारत ने



**अशोक भाटिया**

इसी तरह का हमला फरवरी 2019 में उस समय किया था, जब जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया गया था। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में हमला कर आतंक के ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया था, 'ऑपरेशन बंदर'। बुधवार तड़के हुई कार्रवाई को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई बताया है। उसका कहना है कि उसके पास जवाबी कार्रवाई का हक है। आइए देखते हैं कि 'ऑपरेशन बंदर' और 'ऑपरेशन सिंदूर' में क्या अंतर है। साल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई को अंजाम दिया था। इससे पहले 2016 में हुए उड़ी हमला और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर कार्रवाई की थी। इन हमलों को सर्जिकल स्ट्राइक बताया था। भारत ने इस आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई कार्रवाई बताया था। इसमें भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में कोई निशाना नहीं बनाया था। भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया। इससे पहले सेनाओं ने पंजाब में किसी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। यह भारत की तीनों सेनाओं का एक संगठित प्रयास था। बालाकोट कैंप का चुनाव इसलिए किया गया था कि वह एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित था। उसके आसपास कोई नागरिक नहीं था। यानी हमले से नागरिकों को कोई नुकसान नहीं होगा।

# अनार के साथ न खाएं ये चीजें सेहत को हो सकता है खतरा

अनार एक ऐसा फल है जो टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है। अनार को आप स्नैक्स के साथ-साथ सलाद या स्मूदी आदि में शामिल कर सकते हैं। यह फल विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर है। इसके सेवन से ना केवल इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि यह पाचन सुधारने और आपकी स्किन को ग्लो पाने में मदद मिलती है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि अनार का सेवन सेहत के लिए बहुत अधिक लाभदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप इसे किस अन्य फूड के साथ खाते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। दरअसल, कुछ फूड कॉम्बिनेशन सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। अनार के साथा कुछ फूड्स का सेवन पाचन समस्याओं का कारण बन सकता है या फिर इससे आपके शरीर को अनार के पोषक तत्वों को अच्छे से अवशोषित करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### डेयरी प्रोडक्ट्स...

अनार के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही व पनीर, आदि को साथ में खाने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार को डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ खाने से पाचन में समस्या हो सकती है। अनार की अम्लता और दूध के प्रोटीन के मिलने से पाचन में समस्या हो सकती है, जिससे गैस, सूजन और अपच हो सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा समस्या बन सकता है जो दूध के प्रति सेंसेटिव होते हैं। इससे आपको एसिडिटी, गैस, और पेट में ऐंठन हो सकती है।

### सिट्रल फल...

अनार के साथ सिट्रस फल जैसे संतरा व नींबू, आदि का सेवन करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन सिट्रस फल अनार के साथ मिलाने पर ज्यादा अम्लीय हो सकते हैं। दोनों का अम्लता स्तर अधिक होता है, जो पेट की लाइनिंग को परेशान कर सकता है और अपच या एसिड रिफ्लक्स की समस्या पैदा कर सकता है। इन दोनों को साथ में लेने से एसिड उत्पादन बढ़ सकता है, जिससे हार्टबर्न और पेट की समस्या हो सकती है।

### अनानास...

अगर आप फ्रूट चाट बना रहे हैं तो अनानास और अनार को एक साथ ना खाएं। अनानास और अनार दोनों में अम्लीय गुण होते हैं, और इन्हें मिलाने से पेट में जलन हो सकती है। यह फूड कॉम्बिनेशन एसिड उत्पादन और पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बन सकता है।



# भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाक का दावा निकला कोरा शिगूफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश में पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावे के समर्थन में किसी भी किस्म का सबूत देने में नाकाम रहे और यह कहकर कन्नी कटाने की कोशिश करते नजर आए कि सब कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर है।

सीएनएन द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का सबूत कहां है, आसिफ ने कहा, यह सब सोशल मीडिया पर है, भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं। इन लड़ाकू विमानों का मलबा भारतीय क्षेत्र में गिरा और यह सब भारतीय सोशल मीडिया पर है। सीएनएन द्वारा बहुत ही स्पष्ट रूप से सबूतों के विवरण के बारे में पूछे जाने पर और यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान ने जिस राफेल जेट को मार गिराने का दावा किया है, उसमें किसी चीनी उपकरण का इस्तेमाल किया गया था, रक्षा मंत्री ने कहा भारतीय विमानों को पाकिस्तानी जेट विमानों के साथ लड़ाई के दौरान मार गिराया गया था। भारत ने पाकिस्तान के ऐसे सभी दावों को खारिज कर दिया है जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी दुष्प्रचार का हिस्सा हैं। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी।

आसिफ ने यह भी चेतावनी दी कि अगर तनाव और बढ़ता है, तो वास्तविक खतरा परमाणु युद्ध का है। पाकिस्तान ने भारत की ओर से सीमा पार किए गए हमलों को युद्ध की एक स्पष्ट कार्रवाई करार दिया है। उसने कहा कि छह पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें दो दर्जन हथियारों से हमला किया गया जिसके कारण 31 नागरिकों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए।

## शहबाज ने तुर्की के राष्ट्रपति को भाई कहा

### चीन-तुर्की के अलावा कोई भी देश पाकिस्तान के साथ नहीं

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन को भाई कहा है और भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए कठिन समय है। पीएम शहबाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मैंने राष्ट्रपति एर्दोगन से पाक सेना के एक्शन की जानकारी दी है और कहा है कि पाकिस्तान हर कीमत पर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा। पीएम शहबाज ने साउथ एशिया में तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए तुर्की की कोशिशों की भी सराहना की। तुर्की ने भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान का समर्थन किया था और इसे संप्रभुता का उल्लंघन माना था। पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने भारत का सपोर्ट करते हुए लिखा कि किसी भी देश को दूसरे देश की जमीन से अपना यहां हो रहे हमले स्वीकार नहीं करने चाहिए। भारत का आतंकी ठिकानों पर हमला सही है। आतंकवादियों को किसी भी तरह की छूट नहीं दे सकते। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रुबियो ने कहा है कि शांतिपूर्ण समाधान समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के साथ बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा-यह बहुत भयानक है। मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं, मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं, और मैं उन्हें इसे सुलझाते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं। उन्होंने जैसे को तैसा वाली नीति अपनाई है।

## संरा महासभा ने भारत व पाक युद्ध पर जताई चिंता

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा, मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं।

मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप बात. चीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थाई शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे। इस घटना के तुरंत बाद केन्द्र सरकार ने कूटनीतिक कदम उठाते हुए, अटारी बाघा सीमा चौकी बंद करने, व्यापार एवं हर प्रकार के लेन देन को बंद करने, वीसा रद्द करने और सिंधु जल संधि पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इसके बाद छह एवं सात मई के दरमियानी रात में भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें तबाह कर दिया है।

## यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा: जर्मनी

**मॉस्को।** जर्मनी के नए चांसलर फेडरिक मर्ज़ ने कहा है कि यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। मर्ज़ ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह टिप्पणी की जिसका प्रसारण वेल्ट टेलीविज़न चैनल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यूरोप की निवारक प्रणाली और रक्षा क्षमता को तुरंत मजबूत किया जाना चाहिए। फरवरी 2024 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमे. रिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में विस्तार से बताया कि रूस, नाटो देशों पर हमला नही करने जा रहा है, इसका कोई मतलब नही है। रूसी नेता ने कहा कि पश्चिमी राजनेता नियमित रूप से एक काल्पनिक रूसी खतरे से अपने लोगों को डराते हैं।

## पाक, ईरान से 2200 से अधिक परिवार लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के कुल 2276 परिवार रविवार से मंगलवार तक तीन दिनों में पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से स्वदेश लौटे जिनमें 12,565 सदस्य हैं। वापसी की समस्याओं के समाधान के लिए अफगानिस्तान के उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार से, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार से, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार से और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार से घर लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। यूएनएचसीआर के अनुसार अप्रैल में 250,000 से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान और ईरान से अपने वतन लौटे हैं। लगभग 70 लाख अफ़गान शरणार्थी जिनमें से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं, वर्तमान में ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के अधिकारियों ने अनिर्दिष्ट विदेशी नागरिकों से अपने अवैध प्रवास को समाप्त करने और अपने घरों को लौटने के लिए कहा है। उच्चायोग ने कहा कि अफ़गानिस्तान की अंत. रिम सरकार बार-बार अफ़गान शरणार्थियों से विदेश में रहना बंद करने और अपने युद्धग्रस्त मातृभूमि के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए घर लौटने का आह्वान कर रही है।



## अमेरिका से सीधी परमाणु वार्ता नहीं होगी: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी परमाणु वार्ता और दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक हालिया मीडिया रिपोर्ट और वाशिगटन के साथ सीधी परमाणु वार्ता और ईरानी और अमेरिकी राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया। बाघई ने इजरायली समाचार वेबसाइट वाईनेट की एक हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान के प्रेस टीवी पर यह टिप्पणी की जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमे. रिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच अंतर को पाटने के लिए ओमानी मध्यस्थता प्रयासों से निराशा के कारण अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीधी परमाणु वार्ता का अनुरोध किया गया था। उन्होंने मीडिया की उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान अपने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेशकियन से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता भी शामिल है के बारे में सभी अपडेट (ईरानी) विदेश मंत्रालय द्वारा पारदर्शी, पेशेवर और समयबद्ध तरीके से बताए जाते हैं। अराघची और विटकॉफ के नेतृत्व में ईरान और अमे. रिका के प्रतिनिधिमंडलों ने अब तक अप्रत्यक्ष वार्ता के तीन दौर आयोजित किए हैं। पहला और तीसरा दौर 12 अप्रैल और 26 अप्रैल को ओमान की राजधानी मस्कट में और दूसरा 19 अप्रैल को रोम में आयोजित किया गया था। चौथा दौर जो मूल रूप से 3 मई को रोम में होने वाला था, मध्यस्थ ओमान द्वारा तार्किक कारणों के कारण स्थगित कर दिया गया था। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से संबद्ध नूर न्यूज़ ने मंगलवार को बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर रविवार को मस्कट में आयोजित किया जाएगा। हालांकि बाघई ने बुधवार को पहले कहा कि ईरान-अमेरिका वार्ता के चौथे दौर की निश्चित तिथि और स्थान अभी तक निर्धारित नही किया गया है।



## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता होगा गेम चेंजर

**नई दिल्ली।** भारत व यूनाइटेड किंगडम के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डा. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहा. सिक समझौते के लिए बधाई दी। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

## लंका की सत्तारूढ़ पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों में जीत हासिल की

**कोलंबो।** लंका के सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर ने 2025 के स्थानीय निकाय चुनावों में 43.26 प्रतिशत वोट के साथ जीत और 3,927 परिषद सीटें हासिल की हैं। चुनाव आयोग के बुधवार को जारी अंतिम परिणामों के अनुसार, मंगलवार को देशभर में हुए चुनावों में एनपीपी ने द्वीप के 339 स्थानीय सरकारी निकायों में से 266 में अपना दबदबा कायम किया। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालावेगया (एसजेबी) 21.69 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसने 1,767 सीटें जीती और 13 स्थानीय सरकारी निकायों में आगे चल रहा है। इस बीच, प्रमुख तमिल पार्टी इलंकाई तमिल अरासु काची (आईटीएके) ने 377 सीटें जीती और 37 स्थानीय सरकारी निकायों पर नियंत्रण किया। लंका मुस्लिम कांग्रेस (एसएलएमसी) ने 116 सीटें हासिल की और पांच स्थानीय सरकारी निकायों में आगे रही। चुनाव आयोग के अनुसार, चुनावों के लिए 17,156,338 पंजीकृत मतदाताओं में सक लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

## साइबर सुरक्षा: 3 अरब यूरो का निवेश करेगा स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कहा कि देश के सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र के औद्योगिक और तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए एक नई योजना के तहत, साइबर सुरक्षा विकसित करने पर लगभग तीन अरब यूरो खर्च करेगा। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने संसद में बताया कि देश की सुरक्षा और रक्षा के लिए एक औद्योगिक व तकनीकी योजना के तहत तीन अरब यूरो साइबर सुरक्षा पर खर्च किए जाएंगे। यह राशि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग पर आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने में लगेगी, इसमें स्पेन की अच्छी विशेषज्ञता है। सांचेज़ ने बताया कि स्पेन हर साल बुनियादी ढांचे पर हजार से अधिक साइबर हमलों का सामना करता है।

## इज़रायली हमले में 82 की मौत

### अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां व बाजार को बनाया निशाना

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में बुधवार को कम से कम 82 फलस्तीनी मारे गए एवं कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा ने यह जानकारी दी है। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल के अनुसार गाजा शहर के पश्चिम में अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां और घनी आबादी वाले बाजार को निशाना बनाकर किए गए एक इजरायली हवाई हमले में कम से कम 39 लोग मारे गए और 86 अन्य घायल हो गए है। अल-शिफा अस्पताल में इलाज करा रहे 27 वर्षीय इब्राहिम साद ने कहा कि मैंने पहले सीटी सुनी, फिर विस्फोट-मैंने चारों ओर शव पड़े देखे जिनमें दो बच्चे शामिल थे जो कॉफी बेच रहे थे और एक अन्य मकई बेच रहा था। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अबू सालेह अब्दो ने कहा कि हमला बिना किसी चेतावनी के हुआ। इससे पहले दिन में गाजा शहर के पूर्व में तुफ़ाह पड़ोस में अल-करामा स्कूल पर एक इज़रायली हमले में 19 लोग मारे गए जिनमें से कई विस्थापित नागरिक थे जो शरण की तलाश में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल पर कथित तौर पर दो बार हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि अतिरिक्त इज़रायली हवाई हमलों ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 24 और लोगों की जान ले ली। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने बुधवार को कहा कि इज़रायली सेना ने 24 घंटे के भीतर नागरिक सुविधाओं पर चार नरसंहार किए। उन्होंने दावा किया कि हमलों का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिक हताहत करना है। इज़रायली सेना ने इन कथित हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच तटीय एन्क्लेव में कई मोर्चों पर आगे बढ़ रहे फलस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायली बलों के बीच लड़ाई जारी रही। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने अलग-अलग बयानों में कहा कि उसके लड़ाकों ने खान यूनिस और राफ़ा के दक्षिणी शहरों में इज़रायली बलों को निशाना बनाया, जिससे सैनिक हताहत हुए हालांकि कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई गई। इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

## मीडिया के क्षेत्र में चीन के साथ सहयोग मजबूती की ओर: पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि मीडिया क्षेत्र में देश का चीन के साथ सहयोग बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण घटक है।

पुतिन ने बुधवार को द बीकन ऑफ द वर्ल्ड और न्यू हिस्टोरिक फ्रंटियर्स फोरम के प्रतिभागियों को अपने शुभकामना संदेश में कहा, मीडिया क्षेत्र में रूसी-चीनी सहयोग बहुत कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक विकसित हो रहा है। यह मॉस्को और बीजिग के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का दृश्यमान घटक के रूप में कार्य करता है।

## 19वीं सदी के जहाज का मलबा मिला

**कैनबरा।** शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था। विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नही हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम के नेतृत्व में यह खोज अप्रैल 2022 में शुरू हुई थी, जिसमें कई संस्थानों और नीदरलैंड की सरकार ने सहयोग किया। म्यूज़ियम के जेम्स हंटर ने कहा, अब हमें लगभग पूरा यकीन है कि यही वह जहाज है, लेकिन अगर उस पर नाम की घंटी मिल जाए तो यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा।

